रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 29 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 99 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सिंघु सीमा पर ही प्रदर्शन पर अड़े किसान

**नयी दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ सिंघु सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को जाम कर प्रदर्शन कर रहे हजारों किसानों ने यहां से हटने से इनकार कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन पंजाब के महासचिव हरिंदर सिंह ने सिंघु बॉर्डर पर किसानों की बैठक खत्म होने के बाद कहा है कि बैठक में यह हुआ है कि हम यहां अपना विरोध जारी रखेंगे और यहां से कहीं नहीं जाएंगे। हम रोज सुबह 11 बजे मिलेंगे और अपनी रणनीति पर चर्चा करेंगे। सिंघू सीमा पर ही अपना आंदोलन जारी रखने पर अड़े किसानों की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर पांच किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार तीसरे दिन बढ़े

**नयी दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार को लगातार तीसरे दिन पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की। दिल्ली में आज पेट्रोल 82 रुपये और डीजल 72 रुपये प्रति लीटर से ऊपर निकल गया। डीजल की कीमत में आज 26 से 28 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल के दाम 21 पैसे से 24 पैसे तक बड़े हैं। देश के चार बड़े महानगरों में 27 नवंबर को डीजल 22 से 26 पैसे और पेट्रोल 17 से 19 पैसे प्रति लीटर तक मंहगा हुआ था। लगातार पांच दिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने के बाद 25 नवंबर को दोनों ईंधनों की कीमत स्थिर रहीं थी।

### सिडनी में हार की हैट्रिक से बचने और बराबरी के लिए उतरेगी टीम इंडिया

**सिडनी।** पहले वनडे में 66 रन की करारी हार झेलने वाली टीम इंडिया रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में सिडनी मैदान में हार की हैट्रिक की बचने और तीन मैचों की सीरीज में बराबरी हासिल करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 2018-19 के पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे में सिडनी में पहला मैच 34 रन से गंवाया था लेकिन फिर वापसी करते हुए अगले दो मैच जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। मौजूदा दौरे का पहला मैच सिडनी में ही खेला गया जिसमें भारत को 66 रन से हार का सामना करना पड़ा।

# पाठ्य पुस्तक निगम नियमों को अनदेखा कर पेपर खरीदी को आमदा, चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com




तकरीबन 90 करोड़ रूपए के पेपर खरीदी के लिए नियम को शिथिल करने पर उठे सवाल

छत्तीसगढ प्रदेश इन दिनों नियम विरुद्ध टेन्डरिंग को लेकर चर्चा में है, पीएचई विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन में नियम विरुद्ध टेन्डर किया गया जिसका खामीयाजा पूरा प्रदेश भुगत रहा है । हालांकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास शिकायत होने पर जलजीवन मिशन के पूरे टेन्डर रद्द कर दिए गए है।

अब ताजा मामला छत्तीसगढ पाठ्य पुस्तक निगम का है जहां पर पेपर खरीदी के लिए तकरीबन 90 करोड का टेन्डर किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ के बाहर की कम्पनी को ठेका देने के लिए नियमों को शिथिल करने का अरोप लग रहा है। केन्द्र सरकार से जीएसटी रिटर्न को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है जिसके वजह से प्रदेश में ठेका कम्पनियों को छत्तीसगढ का जीएसटी अनिवार्य कर दिया गया है। भंडार क्रय नियम में संशोधन करके सरकार ने तय किया है कि प्रदेश में ठेका लेने वाली कम्पनियों का छत्तीसगढ प्रदेश में जीएसटी पंजीयन होना चाहिए साथ ही जिस सामग्री के लिए टेन्डर किया गया है उसका भी जीएसटी पंजीयन होना चाहिए। राज्य सराकर ने यह संशोधन इसलिए किया है कि क्योंकि केन्द्र सरकार से राज्य सरकार के हिस्से में आने वाली जीएसटी की राशि के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पडता है। राज्य सरकार के इस फैसले को छत्तीसगढ पाठ्य पुस्तक निगम ठेंगा दिखा रहा है। मामला तकरीबन 90 करोड रुपये के पेपर खरीदी का है। इसके लिए पाठ्य पुस्तक निगम ने उन कम्पनियों को भी मौका दिया है जिनका छत्तीसगढ प्रदेश में जीएसटी पंजीयन नहीं है। यदि ठेका कम्पनियों का जीएसटी पंजीयन राज्य में होता तो जीएसटी भी राज्य में जमा करना पडता दूसरे राज्य की कम्पनी अपने पंजीयन वाले प्रदेश में जमा करेगी।

इस संदर्भ में छत्तीसगढ पाठ्य पुस्तक निगम के एमडी इफ्फत आरा से भी पायनियर टीम ने संपर्क किया तो उन्होने 5 मिनिट ने जानकारी बताने को कहा, उसके बाद उन्होने फोन रिसीव करना बंद कर दिया । खबर का संदर्भ उन्हे पता होने के वावजूद पाठ्य पुस्तक निगम के एमडी के रुप में अपना पक्ष रखने से वे बचती रहीं।

हमारे पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई हैं। न ही ऐसा काई प्रस्ताव आया है । शिकायत या प्रस्ताव आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
**-डॉ. आलोक शुक्ला,** प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग

राज्य सरकार ने भंडार क्रय नियम के तहत छत्तीसगढ राज्य का जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य किया है। इसे सरकार के बिना ओदश के संशोधित या शिथिल नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार के अनुमति के बाद ही संशोधन सम्भव है।
**-अरुण प्रसाद,** प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी

पाठ्य पुस्तक निगम को भंडार क्रय नियम में परिवर्तन करने का कोई अधिकार नहीं है, मुख्यमंत्री की मंशा अच्छी है , छत्तीसगढ का जीएसटी नम्बर होने से सीधा राजस्व राज्य को प्राप्त होगा। जो शर्ते इन्होंने डाली है वो भारत स्टैंडर्ड (BIS) में आती ही नहीं । निश्चित ही किसी विशेश को फायदा पहुंचाने के लिए नियम बनाए गए हैं।
**-उचित शर्मा,** सामाजिक कार्यकर्ता

### सीएसआईडीसी ने रद्द कर दिए थे 45 टेन्डर

भंडार क्रय नियम में संशोधन के बाद छत्तीसगढ राज्य आद्योगिक विकास सीएसआईडीसी ने करीब 45 टेन्डर रद्द कर दिये। इन टेन्डरों को नए सिरे से जारी किया गया। दोबारा वही कम्पनियां या ठेकेदार हिस्सा ले सकेगें जिनका राज्य में जीएसटी पंजीयन होगा।

# नगरीय प्रशासन सचिव को अवमानना नोटिस

पायनियर संवाददाता ❮ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की युगलपीठ ने राज्य शासन से पदोन्नति में आरक्षक की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी है। प्रकरण की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। छत्तीसगढ़ सर्वहित संघ के महासचिव आशीष अग्निहोत्री ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि पदोन्नति में आरक्षण नियम 2003 की

बिलासपुर हाई कोर्ट की युगलपीठ ने राज्य शासन से पदोन्नति में आरक्षक की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी है। प्रकरण की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

छत्तीसगढ़ सर्वहित संघ के महासचिव आशीष अग्निहोत्री ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि पदोन्नति में आरक्षण नियम 2003 की कंडिका पांच को हाई कोर्ट के आदेश पर निरस्त किया गया है। इसके बाद भी इस कंडिका के तहत पदोन्नति पाने वाले एससी-एसटी कर्मचारियों को रिवर्ट और उनकी वरिष्ठता वापस नहीं ली गई है।

शासन ने अक्टूबर 2019 में नया नियम पांच जारी किया है। हाई कोर्ट ने इस नए नियम पर स्थगन आदेश दिया है। प्रकरण की सुनवाई लंबित है। याचिकाकर्ता का कहना है कि हाई कोर्ट के फैसले को पूरी तरह लागू करते हुए पदोन्नति रोस्टर खत्म करना था। इसकी बजाय शासन द्वारा विधि विरुद्ध नया रोस्टर लागू कर दिया गया है। यह याचिका चार महीने पहले दाखिल की गई थी। इसलिए मुख्य न्यायाधीश की युगलपीठ ने कहा कि अवमानना नोटिस जारी करने से पहले राज्य शासन का पक्ष सुना जाना उचित होगा। ➢शेष पेज 8 पर

## यह तस्वीर एक्टर नहीं कलेक्टर की है



पायनियर संवाददाता ❮ सुकमा
www.dailypioneer.com

इन दिनों नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के कलेक्टर विनित नंदनवार की तस्वीरें सोशल मीडिया में छाई हुई है। जिले के युवा कलेक्टर की तस्वीरों से प्रेरणा ले रहे है। सिक्स पैक व परफेक्ट बॉडी की तस्वीरें जिले के वाट्सप व अन्य सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। कुछ ही दिन पहले सुकमा में पदस्थ कलेक्टर आईएएस विनित नंदनवार की शर्ट लैस तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। दरअसल कलेक्टर विनित नंदनवार जिम व बॉडी को लेकर गंभीर है। लिहाजा उन्होंने जिम के माध्यम से बॉडी बनाई है। जिनकी तस्वीरे आज-कल सुकमा के सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। युवाओ का मानना है कि अनुशासित व मूल्य आधारित जीवन शैली का परिणाम है यह तस्वीर।





## किसान-जवान भिड़ंत की तस्वीर दुःखद : राहुल-प्रियंका

वार्ता ❮ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए सैनिकों के इस्तेमाल की आलोचना करते हुए कहा है कि सरकार ने 'जय जवान जय किसान' नारे की धज्जियां उड़ाते हुए देश के किसान तथा जवान को आमने सामने खड़ा कर दिया है।

श्री गांधी ने दिल्ली आने की जिद कर रहे एक किसान की सेना के जवान द्वारा डंडे से पिटाई करने की फोटो ट्वीट की है और कहा है कि किसान के खिलाफ खड़े हुए सैनिक की यह तस्वीर अत्यंत दुखद है।

श्री गांधी ने ट्वीट किया कि बड़ी ही दुखद फ़ोटो है। हमारा नारा तो 'जय जवान जय किसान' का था लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी के अहंकार ने जवान को किसान के खिलाफ खड़ा कर दिया। यह बहुत ख़तरनाक है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में देश की व्यवस्था को देखिए। जब भाजपा के खरबपति मित्र दिल्ली आते हैं तो उनके लिए लाल कालीन डाली जाती है। मगर किसानों के लिए दिल्ली आने के रास्ते खोदे जा रहे हैं। दिल्ली किसानों के खिलाफ कानून बनाए वह ठीक, मगर सरकार को अपनी बात सुनाने किसान दिल्ली आए तो वह गलत।

# पीएम मोदी 'कोवैक्सीन' पर वैज्ञानिकों से चर्चा करने पहुंचे

वार्ता ❮ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस (कोविड-19) के टीकों का विकास और बड़े पैमाने पर इसके उत्पादन की तैयारी कर रही तीन भारतीय प्रयोगशालाओं के अपने दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दोपहर बाद अहमदाबाद से भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से हैदराबाद के हकीमपेट में वायु सेना हवाई अड्डा पहुंचे।

श्री मोदी यहां पहुंचने के तुरंत बाद सड़क मार्ग के जरिये शमीरपेट में स्थित जेनोमी घाटी स्थित भारत बायोटेक अंतरराष्ट्रीय लिमिटेड (बीबीआईएल) के लिए रवाना हो गए। बीबीआईएल कोरोना वायरस के टीके 'कोवैक्सीन' के विकास में जुटा हुआ है।

इससे पहले तेलंगाना के मुख्य सचिव सोमेश कुमार, पुलिस महानिदेशक एम महेन्द्र रेड्डी, मेडचल की जिलाधिकारी श्वेता मोहंती, साइबराबाद के पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री मोदी के पहुंचने पर उनकी आगवानी की। श्री मोदी बीबीआईएल के दौरे के दौरान वैज्ञानिकों एवं अन्य संबंधित लोगों से विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे तथा स्थिति की समीक्षा करेंगे।

इसके बाद श्री मोदी हकीमपेट वायु सेना हवाई अड्डा रवाना हो जायेंगे जहां से वह पुणे के लिए रवाना हो जायेंगे। पुणे स्थित सिरम इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया का भी श्री मोदी दौरा करेंगे।

श्री मोदी की वैज्ञानिकों के साथ चर्चा से उन्हें देश के आम लोगों के टीकाकरण करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में तैयारियों, चुनौतियों और रोडमैप के बारे में जानकारी मिलेगी।

भारत बायोटेक इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के सहयोग से कोविड-19 की वैक्सीन 'कोवैक्सीन' विकसित कर रहा है। इस टीके के तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण की शुरुआत हाल ही में की गयी है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद में निजी क्षेत्र की अग्रणी दवा निर्माता कम्पनी जाइडस के प्रयोगशाला का दौरा कर वहां कोरोना वाइरस के टीके के विकास की प्रगति का जायज़ा लिया। कोरोना वाइरस के टीकों का विकास और बड़े पैमाने पर विनिर्माण की तैयारी कर रही तीन भारतीय प्रयोगशालों के अपने दौरे के क्रम में यहां पहुंचे श्री मोदी ➢शेष पेज 8 पर

**धान-मक्का खरीदी सहित विभिन्न मुद्दों पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

# मंत्री परिषद की बैठक : सभी प्रस्तावों पर छत्तीसगढ़ी में हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्तुत समस्त प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री सहित मंत्रीपरिषद के सभी सदस्यों ने छत्तीसगढ़ी में अपनी बात रखी। चर्चा की शुरूआत मुख्यसचिव ने छत्तीसगढ़ी में की। बैठक में निम्नानुसार महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

आई.टी.आई के अंतिम परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण पूर्ण कराने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं को खोले जाने का निर्णय लिया गया ताकि आई.टी.आई. के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा ( एन.सी.व्ही.टी.) में शामिल हो सकें।

कृषि विभाग के द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत संचालित राज्य शासन के विभागों के शासकीय संस्थानों गौठानों के द्वारा उत्पादित जैविक खाद का शासन के अन्य विभागों द्वारा सीधे क्रय किया जा सकेगा। जैविक खाद की दर का निर्धारण कृषि विभाग समय-समय पर करेगा। जैविक खाद क्रय हेतु किसी भी विभाग को पृथक से निविदा बुलाया जाना आवश्यक नहीं होगा। उक्त आशय का संशोधन छत्तीसगढ़ी शासन भंडार क्रय नियम 2020 में करने का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं प्रबंधन नियम 2015 में निरस्त भूखंड पुर्नस्थापना एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों में संशोधन का अनुमोदन किया गया।



छत्तीसगढ़ राज्य में लघु वनोपजो के प्रसंस्करण हेतु दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम जामगांव (एम) में लघुवनोपज की केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई की स्थापना का अनुमोदन किया गया। राज्य लघुवनोपज द्वारा प्रस्तावित इस केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई में लघुवनोपज के अंतर्गत आयुर्वेदिक दवाएं, जड़ी बूटी, शहद, लाख, चिरौंजी, महुआ, बेल, इमली, बांस इत्यादि का प्रसंस्करण होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य में लाख पालन को कृषि का दर्जा देने तथा लाख उत्पादन को कृषि फसलों के अनुरूप अल्प कालीन कृषि ऋण एवं ब्याज अनुदान दिए जाने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का अनुमोदन किया गया। धान की खरीदी नगद एवं लिंकिंग में 01 दिसंबर से 31 जनवरी 2021 तक तथा मक्का की खरीदी 01 दिसंबर से 31 मई 2021 तक की जाएगी।

छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 के नियम 7 के प्रावधानों के अनुसार वाहनों के निष्प्रयोज्य में रखे जाने के एवज में अग्रिम में देय मासिक कर जमा किए जाने की छूट अवधि को 31 मार्च 2021 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के अंतर्गत स्थानीय निधि संपरीक्षा के स्थान पर अब राज्य संपरीक्षा किए जाने के सबंध में संशोधन करने की अनुसंशा की गई।

नगर पालिका निगम रायपुर को गोल बाजार स्थित पूर्व से पट्टे पर आबंटित भूमि को आबंटित किया जावे। दर का निर्धारण मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाएगी। ➢शेष पेज 8 पर

# नई सरकार बनने के बाद राजभाषा, तीज-त्यौहारों का महत्व और बढ़ा : भूपेश

**मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर आयोजित गोष्ठी का किया वर्चुअल शुभारंभ, राजभाषा छत्तीसगढ़ी के संवर्धन, संरक्षण में योगदान देने वाली 9 विभूतियों को सम्मानित किया**










पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से 8वें छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में आयोजित गोष्ठी का वर्चुअल शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बघेल ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा के प्रचार-प्रसार, साहित्य सृजन और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदेश की 09 विभूतियों को सम्मानित किया । संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रुद्र गुरू, संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, संस्कृति विभाग के सचिव अंबलगन पी., संचालक अमृत विकास तोपनो इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ी में सम्बोधित करते हुए कहा कि नई सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ी राजभाषा, छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों का महत्व और अधिक बढ़ गया है। राज्य सरकार ने हरेली, तीजा-पोरा, करमा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस की छुट्टी घोषित की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय सभागार में राजभााषा दिवस पर आयोजित गोष्ठी में बहिनीमन छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में आई हैं। पहले छत्तीसगढ़ी में बोलने में संकोच करते थे, अब जब छत्तीसगढ़ी लोग मिलते हैंए तो अपनी भाषा छत्तीसगढ़ी में गर्व से बात करते हैं। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ी, हिंदी, अवधी और बृज भाषाएं समकालीन हैंए लेकिन अन्य भाषाओं में छत्तीसगढ़ी भाषा की तुलना में ज्यादा साहित्य सर्जन का काम हुआ है। छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास और छत्तीसगढ़ी भाषा में साहित्य सृजन की काफी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोंडी, हल्बी, कुडुख, सरगुजिया जैसी भाषाओं में भी बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री बघेल इस अवसर पर जिन छत्तीसगढ़ी राजभाषा सेवियों को सम्मानित किया उनमें नंदकिशोर शुक्ला बिलासपुर वैभव पाण्डेय बेमेतरिहा, रायपुर, डॉ. चितरंजन कर रायपुर, डॉ. परदेशीराम वर्मा भिलाई, रामेश्वर वैष्णव रायपुर, संजीव तिवारी दुर्ग अधिवक्ता, डॉ. राजन यादव खैरागढ़, देवेश तिवारी रायपुर और सुधा वर्मा रायपुर शामिल हैं।

## प्रदेश के किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देगी छत्तीसगढ़ सरकार : डहरिया




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास और श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने आज आरंग विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सेमरिया,नरदहा,पचेड़ा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में मंत्री का जगह -जगह स्वागत किया।

क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत से अभिभूत मंत्री डॉ डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। किसान ही इस प्रदेश और देश की नींव और अर्थव्यवस्था है। इसलिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सबसे पहले सभी किसानों का कर्ज माफ करने के साथ 2500 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य से धान की खरीदी शुरू की। धान को सबसे अधिक समर्थन मूल्य में खरीदने वाली देश की यह पहली सरकार है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इसी कीमत में ही धान की खरीदी होगी >

## छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा और महाराष्ट्र में अभियान चलाकर नक्सलियों का उन्मूलन करने का दावा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सीमा सुरक्षा बल के एडीजी एसएल थाओसेन छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। बीएसएफ के एडीजी ने नया रायपुर स्थित बीएसएफ मुख्यालय में पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा और महाराष्ट्र में अभियान चलाकर नक्सलियों का उन्मूलन करने का दावा किया है। साथ ही अधिकारी ने बीएसएफ की सक्रियता के कारण तीनों राज्यों में नक्सली वारदातों में कमी आने का दावा किया है। बीएसएफ के एडीजी के मुताबिक बीएसएफ के जवान कांकेर से लेकर ओडिशा, महाराष्ट्र में माओवादियों के त्रिकोणीय जंक्शन के सफाया करने में लगे हैं। अधिकारी के अनुसार बीएसएफ की मदद से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पुल, पुलिया के निर्माण करने के साथ लगातार मोबाइल टॉवर लगाने का काम किया जा रहा है।



बीएसएफ के अधिकारी के मुताबिक राज्य के हिंसाग्रस्त नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बीएसएफ के 10 हजार से ज्यादा जवान वर्ष 2009 से मुस्तैदी के साथ नक्सली हिंसा का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। कोर एरिया में ऑपरेशन बीएसएफ अफसर के मुताबिक उनके जवान कोर एरिया को टारगेट में लेकर आपरेशन चला रहे हैं। लगातार ऑपरेशन चलाने के कारण कांकेर जिले में उन्हें लगातार सफलता मिल रही है। अधिकारी के अनुसार बीसएफ की तैनाती के बाद अब तक 1 हजार 99 आपरेशन चलाए गए हैं। ऑपरेशन में 14 माओवादियों को मार गिराया गया। साथ ही 89 माओवादियों को सरेंडर कराने में उन्हें सफलता मिली है। ,द्यह्यश ऋद्गस्त्र - बाघों की गणना के लिए फेस फॉर मॉनिटरिंग अब तक शुरू नहीं इतने हथियारों की जब्ती बीएसएफ अफसर के अनुसार जवानों की सर्चिंग में 437 आईईडी, 338 किलो विस्फोटक, 337 डेटोनेटर तथा 623 हथियार जब्त किए गए हैं। अफसर के अनुसार कमजोर होते नक्सली अपनी मजबूती दिखाने कांकेर के साथ ओडिशा के मलकानगिरी, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में त्रिकोणीय संगठन बनाकर अपनी मजबूती दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। बिस्ततर पर जंगली शेर बनने का मौका।

एक दिसंबर को स्थापना दिवस बीएसएफ एडीजी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में 1 दिसंबर को बीएसएफ का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। अफसर के अनुसार राज्य के लोगों ने पुलिस स्थापना दिवस का लुत्फ उठाया है, लेकिन इस बार उन्हें बीएसएफ का स्थापना दिवस भी देखने को मिलेगा। इसका आयोजन बीएसएफ के कमांड हेडक्वार्टर में किया जाएगा। इस दौरान राज्य पुलिस और सभी फोर्स के अफसरों के साथ ही उनके परिवार वालों को बुलाया जाएगा। कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए स्थापना दिवस को सादगी के साथ मनाने का संकल्प लेने की बात अफसर ने कही।

## कलिंगा विवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति और नयी खोज को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न वेबिनार का आयोजन किया जाता रहा है।जिसमें देश.विदेश के शीर्षस्थ विद्वानों को आमंत्रित किया जाता है।जो विद्यार्थियों को किसी विशेष विषय पर अपने ज्ञान से लाभान्वित करते हैं। इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में एप्लीकेशन ऑफ जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड मालीक्यूलर बायोलॉजी इन डेवलपमेंट ऑफट्रांसजेनिक प्लांट विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ।

कोरोना महामारी प्रकोप के कारण शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ.साथ सभी कार्यक्रम ऑनलाईन किए जा रहे है।इसीलिए उक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी का ऑनलाईन आयोजन संपन्न किया गया।राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन के प्रथम चरण में भारतीय परंपरा के अनुसार ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रगवलन एवं सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में




आई सीएआर .सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट फार कॉटन रिसर्च, कृषि मंत्रालय;भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक और विभागाध्यक्ष डॉण्सुखदेव नंदेश्वर उपस्थित थें। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ट्रांसजेनिक फसलों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में ट्रांसजेनिक फसलों का वृहद रुप से उत्पादन किया जा रहा है।भारतवर्ष में फसलों की उत्पादकता और गुण बढ़ाने के लिए ट्रांसजेनिक फसलों का तेजी से उत्पादन किया जा रहा है। ट्रांसजेनिक फसलें पर्यावरण की मित्र होती है।इससे कीटनाशकों का कम उपयोग करना पड़ता है।भूमिगत तथा सतही जल के गुणवत्ता की मात्रा बढ़ती है। उक्त आयोजन में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर श्रीधर,महानिर्देशक डॉ बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ संदीप गांधी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ सुष्मा दुबे, डॉ रामस्वरुप सैनी डिलेन्द्र चंद्राकर श्रीकांत सिंह निराली बुधभट्टी राहुल चंद्राकर और विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक डॉ सुषमा दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## दिव्यांगों की सेवा के लिए जेएसपीएल को इंडिया इंटरनेशनल सीएसआर इंपैक्ट अवार्ड

- वर्ष की नवीनतम परियोजना श्रेणी में आशा- द होप के लिए मिला सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उद्योगपति और कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) को इंडिया इंटरनेशनल-सीएसआर समिट और इम्पैक्ट अवार्ड्स - 2020 के दौरान इंडिया इंटरनेशनल-सीएसआर इम्पैक्ट अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। जेएसपीएल को यह सम्मान %आशा- द होप% की परियोजना के लिए वर्ष की नवीनतम परियोजना श्रेणी में प्रदान किया गया। जेएसपीएल के प्रेसिडेंट और ग्रुप हेड (सीएसआर,शिक्षा और सस्टेनिबिलिटी) प्रशांत कुमार होता ने ब्रांड इंडिया की ओर से ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में यह सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों और गैर-सरकारी संगठनों के अलावा समाज के अनेक अग्रणी व्यक्तियों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर जेएसपीएल



फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा, आशा-द होप सामाजिक उत्थान के हमारे प्रमुख प्रयासों में से एक है, जिसके तहत हम दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने की कोशिश करते हैं। हमारा जोर विशेष रूप से उन निशक्त बच्चों को मुख्यधारा में लाने पर है, जो अभी अपनी प्रारंभिक आयु में हैं। छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड स्थित आशा- द होप केंद्रों में चिकित्सा और पुनर्वास सेवाओं के बल पर हम ऐसे 4900 बच्चों को मुख्यधारा में लाने में सफल हुए हैं। आशा होप सेंटर इन बच्चों के लिए उम्मीद की किरणें हैं। गौरतलब है कि सामाजिक उत्थान के संकल्पों के तहत स्थापित गआशा ङ्क द होपग केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जिनमें फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, संसरी इंटीग्रेशन थेरेपी, दिव्यांग शिक्षा पद्धति, ऑडियोमीटर स्पीच थेरेपी समेत अनेक प्रभावशाली सेवाएं शामिल हैं। इन माध्यमों से अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से बच्चों के पुनर्वास और सशक्तीकरण का काम किया जाता है ताकि उनमें व्यावसायिक कौशल उत्पन्न हो जिससे वे स्वावलंबी और स्वाभिमानी जीवन जी सकें।

**अचानकमार तथा इंद्रावती में बाघों के साथ अन्य वन्य जीवों के बारे में जानकारी नहीं भेजते अधिकारी**

## बाघों की गणना के लिए फेस फॉर मॉनिटरिंग अब तक शुरू नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बाघों की दूसरे चरण की गणना के लिए फेस फॉर मॉनिटरिंग का कार्य नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में भी शुरू नहीं हो पाया है, जबकि गणना अक्टूबर से शुरू हो जाती है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या बढ़ाने की योजना पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। फेस फॉर मॉनिटरिंग का कार्य अब तक शुरू नहीं होने की वजह अफसर नहीं बता पा रहे हैं। फेस फॉर मॉनिटरिंग के माध्यम से बाघों के साथ जंगल में विचरण करने वाले अन्य वन्यजीवों की जानकारी विभाग को मिलती है। एनटीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक देश के हर राज्य को अक्टूबर के प्रथम, द्वितीय सप्ताह से बाघों की वैज्ञानिक तरीके से गणना करने के निर्देश हैं। इसके तहत बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की गणना करने टाइगर रिजर्व में ट्रैप कैमरे लगाए जाने हैं। साथ ही बाघों के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीवों के स्कैट कलेक्शन करने के बाद इस बात की पुष्टि करनी है कि किस टाइगर रिजर्व में किस प्रजाति के वन्यजीव



ज्यादा हैं। उस लिहाज से वन्यजीवों की सुरक्षा के उपाय करने के साथ वन्यजीवों की नियमित मॉनिटरिंग करना है। एयरपोर्ट आने वालों की कोरोना जांच की तैयारी 19 बाघ का दावा, लोकेशन की जानकारी नहीं वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में 19 बाघ होने का दावा किया गया है, लेकिन वर्तमान में राज्य के किस टाइगर रिजर्व में कितने बाघ हैं या किसी दूसरी जगह पलायन कर गए हैं। इस बात से वन अफसर भी अनजान हैं। इसकी वजह राज्य में बाघों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं होना बताया जा रहा है। एनटीसीए को नहीं भेज पाए जानकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य के तीन टाइगर रिजर्व उदंती-सीतानदी, अचानकमार तथा इंद्रावती में बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की गणना के बारे में वन अफसरों द्वारा अब तक जानकारी नहीं भेजने की बात सामने आई है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व को नक्सल प्रभावित कहकर उस क्षेत्र में बाघों की गणना के लिए ट्रैप कैमरे लगाने में परेशानी होने की बात वन अफसर कहते हैं। बावजूद इसके उस क्षेत्र में बाघों के स्कैट कलेक्शन कर एनटीसीए को अनिवार्य रूप से भेजा जाना है।

जंगल में ट्रैप कैमरे के माध्यम से वन्यजीवों की गणना करने से विलुप्त प्रजाति के वन्यजीवों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। साथ ही ऐसे वन्यजीवों की संरक्षण, संवर्धन करने में मदद मिलती है। तीन से चार वर्ष पूर्व उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में ट्रैप कैमरे की मदद से मूसक हिरण के विचरण करने की जानकारी मिली थी। इसी तरह उदंती-सीतानदी में ही काला तेंदुआ के साथ ऊदबिलाव के होने के बारे में जानकारी ट्रैप कैमरे की मदद से ही मिली थी। वर्तमान में ये वन्यजीव किस हाल में हैं तथा किस क्षेत्र में है, इस बात की जानकारी वन अफसरों को भी नहीं है।

> गाइडलाइन नहीं आई बाघों की गणना के लिए एनटीसीए की गाइडलाइन नहीं आई है। इस वजह से बाघों की गणना का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।
>
> **- पीवी नरसिंग राव,**
> पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ छत्तीसगढ़

## बीजेपी नेत्री महिलाओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुये मानव तस्करी मामले में बीजेपी नेत्री को गिरफ्तार किया है। महिला नेत्री का नाम गंगा पांडेय है, जिसे डोंगरगढ़ पुलिस ने राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस इस आरोपी महिला की तलाश काफी लंबे वक्त से कर रही थी। गिरफ्तार महिला पर राजधानी सहित प्रदेश की कई महिलाओं और लड़कियों की तस्करी करने का आरोप है। फिलहाल महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनो डोंगरगढ़ की 21 साल की विवाहित महिला के गायब होने के बाद महिला को सकुशल राजस्थान से पुलिस ने बरामद किया था। पीड़ित महिला से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए थे, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और डोंगरगढ़ की साजदा नामक आरोपियां को गिरफ्तार किया गया था।

साजदा से जब पूछताछ की गई तो कई चौकाने वाले खुलासे सामने आये थे। महिला ने पूछताछ में बताया था कि, पिछले कई सालों से मानव तस्करी का एक बडा संगठित गैंग छत्तीसगढ़, राजस्थान और हरियाणा से चल रहा था। ये गैंग गरीब और मजबूर युवतियों को काम के बहाने या फिर अच्छी जगह शादी कराने का लालच देकर हवाई जहाज से उन्हें दूसरे राज्य ले जाते थे, उसके बाद मोटी रकम लेकर देहव्यापार करने वाले गैंग के लोगों को बेच दिया करते थे। राजनांदगांव पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जाँच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस गिरोह का नेटवर्क छत्तीसगढ़ के रायपुर में भी है। ये गैंग लोकल मददगारों के सहयोग से महिलाओं और लड़कियों को अपने झांसे में लेकर उन्हें बेच दिया करते थे। अरोपियां साजदा से हुई पूछताछ के बाद डोंगरगढ़ पुलिस ने रायपुर पंडरी से गंगा पांडे और उसकी बहन को हिरासत में लिया था।

पुलिस की पूछताछ में आरोपिया गंगा ने खुलासा किया था कि, वो मानव तस्करी गैंग के लिए हवाई टिकट करवाने का काम करती थी। साथ ही महिलाओं और लड़कियों को झांसे में लेकर उन्हें छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्य सप्लाई करती थी। गंगा के बारे में पता चला है कि वो बीजेपी की फाफाडीह मंडल में मंत्री पद पर पदस्थ है। साथ महिला राजधानी के कई बड़े नेताओं के संपर्क में भी थी। महिला के गिरफ्तार हो जाने की खबर के बाद अब बीजेपी नेताओं में खलबली मच गई है। रायपुर के महात्मा गांधी वार्ड इलाके के दुर्गानगर पंड़री इलाके में अपने पति और 3 बेटो के साथ रहती है।

# खाट पर बैठकर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए कलेक्टर

## नवीन धान खरीदी केंद्रों की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर





पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

आगामी 1 दिसम्बर से धान खरीदी शुरू होने वाली है जिसका जायजा लेने कलेक्टर विनित नंदनवार ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां कलेक्टर विनित नंदनवार ने खाट पर बैठकर ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्या को जाना। शनिवार को कलेक्टर विनित नंदनवार छिंदगढ़ ब्लाक के दौरे पर थे। और नेतानार धान खरीदी केंद्र जिसका शुभारंभ होना उसका जायजा लेने कलेक्टर विनित नंदनवार पहुँचे। जहां ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए खाट पर बैठे। और ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों से शासन की योजनाओं के बारे में जाना और गांव में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी ली। और उनकी समस्या को दूर करने की बात कही। वही उसके बाद कलेक्टर विनित नंदनवार ने पुसपाल धान केंद्र जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही कलेक्टर ने पाखेला में मुख्यमंत्री हार्ट क्लिनिक व रामपुरम गोठान का निरीक्षण किया।

### ग्रामीणों ने दिया धन्यवाद

वही नेतानार में इस साल नवीन धान खरीदी केंद्र खोला गया। जहां आगामी 1 दिसम्बर से धान खरीदी शुरू होगी। नवीन धान खरीदी केंद्र खुलने पर ग्रामीणों ने मंत्री कवासी लखमा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसको लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।
**- विनित नंदनवार** कलेक्टर सुकमा।

# पुलिस-माओवादियों के बीच मुठभेड़ में 1 जनमिलिशिया सदस्य संतोष पोड़ियम ढेर



- एएसआई कोरसा नागैया और रेंजर रथ राम पटेल की हत्या में था शामिल
- थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत दरभा के जंगलों मे हुई मुठभेड़



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू से डीआरजी और जिला बल की टीम मिनगाचल नदी के किनारे दरभा, तेलीपेंट की ओर निकली थी। अभियान के दौरान दरभा के जंगलों में तड़के सुबह माओवादियों एवं पुलिस के बीच हुये मुठभेड़ में 01 माओवादी को मार गिराने मे पुलिस बल को सफलता मिली । मौके से 01 एसबीएमएल रायफल, पिटठू, नक्सल सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । मारे गये माओवादी का शिनाख्त जन मिलिशिया सदस्य संतोष पोड़ियम के रूप में हुई । जिस पर छत्तीसगढ़ शासन की ईनाम नीति के तहत 01.00 लाख रूपये का ईनाम घोषित है । मारा गया माओवादी थाना कुटरू में पदस्थ सउनि कोरसा नागैया एवं रेंजर रथराम पटेल की हत्या में शामिल था। थाना कुटरू एवं जांगला के कई बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल था ।

# चित्रकोट विधायक पहुंचे कोलेंग, पारंपरिक पेन गुडी का किया दर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम अति संवेदनशील क्षेत्र कोलेंग पहुँचे और पारंपरिक पेन गुडी में पहुँच कर व पेन गुडी में स्थित पेन देवी देवताओं की पूजा अर्चना की उसके बाद ग्रामीणों से चौपाल के माध्यम से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर चर्चा की ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता पूर्वक सुनने के पश्चात विधायक ने जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया साथ ही अलग अलग ग्रामों से इस चौपाल मे शामिल ग्रामीणों ने विधायक के ऐसे सुदूर व संवेदनशील इलाके मे पहुँच कर उनकी समस्याओं पर चर्चा करने पर आभार व्यक्त किया विधायक राजमन बेंजाम ने तत्पश्चात अपने विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग पंचायतों में पहुंच कर कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।

**गन मेन बैठा रहा पीछे विधायक ने चलाया मोटरसाइकल :** ग्राम कोलेंग अत्यंत दुर्गम व पहाड़ों के बीच बसा हुआ एक छोटा सा गांव है जहां सड़क मार्ग भी नही है ऐसे मे चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम ने गन मेन को पीछे बैठा कर खुद ही मोटरसाइकल चलाई और बहुत से छोटे बडे नालो को पार कर और पथरीले रास्तों से होते हुए ग्राम कोलेंग पहुँचे जो की अति संवेदनशील क्षेत्र में से एक है जहां पहुंच पाना आसान नहीं है ऐसे मे एक विधायक का यहाँ आना ग्रामीणों को काफी उत्साहित कर गया विधायक भी ग्रामीणों के बीच काफी घुल मिल गए और ग्रामीणों के साथ पैदल भी चले विधायक के ऐसे व्यवहार से ग्रामीण भी काफी सहज महसूस करने लगे जिससे विधायक के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुल कर रखा और विधायक ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया ष इस अवसर पर चित्रकोट विधायक सहित यूवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तोकापाल से संतोष कश्यप एवं मुकेश बेंजाम,पायको बेंजाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आसना स्कूल को मिली सायकिल स्टैंड प्रयोगशाला कक्ष व कम्प्यूटर कक्ष की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

आसना के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगणों के लिए संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने लगभग 16.70 लाख रुपए के निर्माण कार्य की सौगात दी। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के लिए प्रयोगशाला 7.63 लाख रुपए एवं कम्प्युटर कक्ष 6.96 लाख रुपए के लिए लगभगलाख व सायकिल स्टैंड के लिए लगभग 2.60 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान किया जिससे छात्र-छात्रा व शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा इतनी बड़ी ताकत होती है जोकि सभी दुखों का हरण करती है। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने आगे कहा कि मेहनत इतनी बड़ी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने स्कूल की शिक्षिका अनुपा दास के कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम में एक करोड़ रुपए की राशि जीतने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,कांग्रेस पार्टी एवं स्वयं उनके ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही शिक्षिका अनुपा दास के उज्जवल भविष्य की कामना।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज, प्राचार्य रमेश उपाध्याय ने अपने संबोधन में विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यो की जमकर तारीफ की।

संसदीय सचिव रेखचंद जैन द्वारा सरस्वती सायकिल वितरण योजना अंतर्गत आसना ग्राम पंचायत में स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्राओं को सायकिल वितरित किया गया साथ ही स्कूल अंतर्गत प्रावीण्य सूची में आएं छात्रों के अलावा प्रथम श्रेणी में आए छात्रों को सम्मानित किया और कोरोना काल के बावजूद पढ़ाई तुंहर द्वार के माध्यम से जो शिक्षा के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया उसके लिए प्रमाण पत्र देकर आसना, तामाकोनी व छेपड़ागुड़ा के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। संसदीय सचिव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस दौरान पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य ऋतु पाढ़ी, सरपंच प्रवीण देहाती, एल्डरमेन सूरेंद्र झा, आईटी सेल प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही, कांग्रेसी नेता बुदरु कश्यप, रोहित पानीग्राही, संकुल स्त्रोत समन्वयक भारत यादव, डालेशवर ठाकूर, शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोनिता पानीग्राही और आभार शिक्षक जैन ने व्यक्त किया।

# किरंदुल में फुटबॉल खेल प्रेमियों ने डिएगो मैराडोना को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



फुटबॉल प्रेमियों में जब मशहूर फुटबालर डिएगो मैराडोना के निधन की खबर आई तो फुलबाल खेल प्रेमियों सहित खिलाड़ियों में शोक की लहर मायूसी छा गई इसी कड़ी में बैलाडीला फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने डिएगो मैराडोना की तस्वीर के सामने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी मोहम्मद नौशाद ,बबलू बहादुर,अभिषेक स्वर्ण, अमित दीक्षित, सूरज दूधी, विक्की झाड़ी, जयपाल, पोहूप साहू, छबी जगत,युवा खिलाड़ी योगेश निषाद, पद्दू साहू, प्रफुल कुमार, वासु रेडडी, यश पटेल, अमित प्रशाद, गंतव्य भगत, उमेश बागडे, सुमन मिंज, हर्षित मरकाम, प्रदीप ताती, मुकुल कुमार, प्रताप नायक,अनिल कुमार, उपस्थित थे।

## बारदाने जमा न कराने पर तीन पीडीएस दुकानों को किया निलम्बित

**कोण्डागांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 हेतु धान खरीदी को देखते हुए अनुविभाग कोण्डागांव के पीडीएस उचित मूल्य दुकानों द्वारा बारदानों को लेम्पस समितियों में जमा नहीं किया जा रहा है। पीडीएस दुकानों को 18 नवम्बर 2020 एवं दिनांक 23 नवम्बर 2020 को समीक्षा के दौरान पीडीएस दुकान डोंगरीगुड़ा जिसे महिला समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था एवं पीडीएस दुकान सुकुरपाल एवं जोबा जिसे ग्राम पंचायत द्वारा संचालित किया जा रहा था बारदाना जमा नहीं किये जाने एवं समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उक्त दुकानों को आगामी आदेश तक के लिये निलंबित किया गया है। खाद्यान्न वितरण के लिये डोंगरीगुड़ा के लिये लेम्पस कोण्डागांव एवं सुकुरपाल एवं जोबा के दुकानों के लिये लेम्पस दहिकोंगा से खाद्यान्न वितरण कराये जाने का आदेश जारी किये गये हैं। अभी और पीडीएस दुकानों की समीक्षा की जा रही है ऐसे पीडीएस दुकान जिनकी बारदाना जमा किये जाने की स्थिति अत्यन्त गंभीर है ऐसे दुकानों के विरूद्ध भी एसडीएम कोण्डागांव के द्वारा सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

# किरंदुल धरमपुर कैम्प और गजराज कैम्प आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया दिमागी बुखार का वैक्सीनेशन





पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेशानुसार आज किरंदुल केधरमपुर कैम्प और गजराज कैम्प पर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जे.ई वैक्सीन जो दिमागी बुखार के प्रति 1 से 15 वर्ष की आयु के बीच बच्चो को लगाया जाता है जिसमे आज कुल 413 बच्चों को यह जे.ई वैक्सीन लगाया गया है. इस कार्यक्रम के दौरान चंदा बोराई, पारसमणि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता झरना मंडल, शैनाज सहायिका रीना पाल उपस्थित थे।

## संयुक्त मोर्चा ने मनाया संविधान दिवस

# संविधान प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया, फिर दोहराया

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




जिले में अनुसूचित जाति /जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले संविधान दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ मे मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बीजापुर माननीय बेनुर रावतिया ने न्यू बस स्टेण्ड स्थित संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात पार्षद गणों एवं संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों द्वारा पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया एवं जय भीम वा जय संविधान अमर रहे के नारे लगाये गये।कार्यक्रम मे संयुक्त मोर्चा के संयोजक कैलाश रामटेके द्वारा सभी को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाया वा सभी ने दोहराया ।सभी को बताया गया कि 26 नंवबर 1949 को भारत का संविधान डॉ अंबेडकर द्वारा देश के प्रथम राष्टपति डा. राजेन्द्र प्रसाद वा प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू को सौंपा गया वा तत्कालीन सरकार द्वारा इसे अंगीकृत किया गया,इस कारण प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।संवैधानिक अधिकारों वा एस सी,एसटी ,ओबीसी के आरक्षण का प्रावधान सहित उनके विशेष अधिकारों सहित सभी को समान रुप से प्राप्त अधिकारों की चर्चा की गई।

कार्यक्रम मे आदिवासी समाज के कमलेश पैकरा, सुशील हेमला ,पाकलु तेलम,बुधराम मिच्चा,हेमला गंगाराम,कुंजाम रमेश,उपस्थित थे।

अनुसूचित जाति महार के संरक्षक डी एस राम,डी नागेश्वर,आर डी झाड़ी सहित सतीश झाड़ी,कमल झाड़ी,गणेश कुमार,बसंत मामड़ीकर,पवन दुर्गम ,शिव रामटेके,महेन्द्र रामटेके,थैलेश झाड़ी उपस्थित थे।पिछड़ा वर्ग समाज से मनोज कावटी,मनोज कुड़मुल ,मंगल रोटेल उपस्थित थे।मुस्लिम समाज की ओर से काँग्रेस पार्षद कलाम खान एवं अलीम रिजवी उपस्थित हुये।इसके साथ ही काँग्रेस पार्षद गण कविता साहु ,लक्षमण कड़ती वा भाजपा बीजपुर मंडल अध्यक्ष भुवन सिंह चौहान ,आई टी सेल के अध्यक्ष अरविंद पुजारी एवं युवा मोर्चा के मिथलेश नाग उपस्थित थे।

# भारत सरकार की बेटी बचाओ योजना को संयोजक पहुंचा रहे गांव में

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारत सरकार की बेटियों के लिए चलाई जा रही योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियो की सुरक्षा व उनके शिक्षा विवाह में सहयोग के लिये बनी योजनाओ को जन जन तक पहुंचाने के लिये जिला संयोजक व सदस्य नवजात बेटियो के परिजनों से मिलने जाते है ।उसी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के जिला सदस्य श्रीमती भावना सक्सेना मण्डल संयोजक शालिनी कर्मा व मण्डल सदस्यो के साथ कोडनार पंचायत स्थित सीतो मंडावी के यहां कन्या जन्म पर बधाई व शुभकामनाएं देने पहुंचे इसके साथ कन्याओ के उगवल भविष्य के लिये शासकीय योजनाए सुकन्या समृद्धि योजना,स्त्री स्वाभिमान योजना आदि की जानकारी दी और लाभ लेने के लिये अपील भी की ।

इस अवसर पर भावना सक्सेना ,शालिनी कर्मा,मितानिन रुकमणी उपस्थित रहे।

# कोचिया एवं दलालों पर निगरानी के लिए जिले में 21 चेकपाइन्ट एवं 13 उड़नदस्ता दल गठित

## अन्य राज्यों से धान परिवहन पर लेनी होगी अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान धान के अवैध विक्रय, परिवहन एवं बिचैलियों पर निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये है। धान के अवैध आवाजाही की रोकथाम के लिए जिले में 21 चेक पाईंट जांच टीम और 13 उड़नदस्ता दल बनाये गये हैं। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज आदेश जारी करते हुए करीब 3 सौ कर्मचारियों को इन कार्यों में लगाये हैं। चेक पाइंटों पर चैबीसों घण्टे टीम की निगरानी होगी वहीं उड़नदस्ता दल लगातार गश्त करते रहेंगे। उड़नदस्ता दल का गठन तहसीलवार किया गया है। कसडोल तहसील में 3 और शेष तहसीलों में दो-दो दल गठित किये गये हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जांच दल एवं उड़नदस्ता दल अन्य राज्यों एवं अंतर जिला से धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास करने पर उनका वाहन एवं धान जब्ती कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में संलिप्त पाये गये समिति कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी एवं किसान द्वारा आगे धान विक्रय न कर पाने हेतु ब्लेक लिस्टेड करने के लिए प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजा जाए। राईस मिलर्स एवं धान के व्यापारी एवं कमिशन एजेण्ट तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अन्य राज्यों से लाने वाले धान की पूर्व अनुमति हेतु आवेदन जिले के कलेक्टर अथवा खाद्य संचालक को करेंगे। आयुक्त एवं संचालक द्वारा अनुमति मिलने के उपरांत ही आवेदक द्वारा धान आयात की कार्रवाई की जायेगी। अन्य राज्यों से सुपरफाईन किस्म का धान जो 1900 रूपये प्रति क्विंटल से अधिक लागत का हो के आयात के लिए संचालक खाद्य से अनुमति लेना आवश्यक नहीं है, किन्तु आयातक को इस किस्म के धान आयात करने के लिए जिले के खाद्य अधिकारी को सूचना देना होगा।

## फड़ की साफ-सफाई के साथ धान खरीदी केंद्र की तैयारी पूर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाना है इसके लिए सभी खरीदी केंद्रों में फड की साफ सफाई के साथ तैयारी पूर्ण हो गई है खरीदी केंद्रों में नए भूसा भी डंप हो चुका है जिसे स्टेगमैं लगाने के लिए बोरियों में भरा जा रहा है इस बार खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है वहीं सभी उपार्जन केंद्रों को समिति बना दिया गया है जबकि टेमरी में एक नया खरीदी केंद्र खुला है।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी 1 दिसंबर से शुरू होगी जिसके लिए सभी खरीदी केंद्रों में बारदाना पहुंच चुका है लेकिन अभी तक प्रति एकड़ में कितना मात्रा में कितने रुपए में और कब तक खरीदी किया जाना है इस संबंध में अभी तक शासन द्वारा कोई दिशा-निर्देश नहीं आया है जिसके चलते धान खरीदी केंद्रों में खरीदी की तैयारी तो हो गई है लेकिन ना तो बैनर पोस्टर लगा पाए हैं और ना ही प्रचार-प्रसार हो रहा है वही जो बारदाना खरीदी केंद्र में पहुंचा है उस बारदाना से 1 सप्ताह भी खरीदी नहीं हो पाएगा विगत वर्ष जिस 60 नया एवं 40 अनुपात से खरीदी किया गया था अगर उसी अनुपात से ईश्वर से भी खरीदी किया जाए तो कई खरीदी केंद्रों में दो-तीन दिनों में पुराने बार दाने खत्म हो जाएंगे वर्तमान में खरीदी प्रभारियों को मिले दिशा निर्देश अनुसार नए बारदाना तो पहुंच गए हैं लेकिन उसे ना खोलने और ना ही उसमें मारकर लगाने और उक्त बारदाना का उपयोग नहीं करने तथा कलेक्टर के निर्देश के बाद भी उक्त बारदाना का उपयोग करने की बात कही गई है।संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक होने वाले खरीदी के लिए अभी तक कोई आदेश नहीं निकला है और ना ही सॉफ्टवेयर में टोकन का ऑप्शन खुल रहा है वर्तमान में समिति को मिले बारदाना से एक हफ्ता भी खरीदी नहीं हो सकता ऐसी स्थिति में जिन गांव के किसानों को टोकन कबाड़ी रहेगा वहां के निर्धारित किसानों का टोकन कटेगा या नहीं इसे लेकर समिति प्रभारियों में संशय की स्थिति बनी हुई है।

सराईपाली शाखा अंतर्गत 15 उपार्जन केंद्रों के लिए 1 लाख 90 हजार नया एवं 77 हजार 132 पीडीएस बारदाना केंद्रों में पहुंच चुका है जबकि नवागढ़ कन केवा तिहारी पाली उपार्जन केंद्रों में अभी तक नया बारदाना नहीं पहुंचा है इसी तरह तो रेसिंग शाखा के 11 उपार्जन केंद्रों में एक लाख 43 हजार 500 नया एवं 45 हजार 538 पुराना बारदाना देर शाम तक नए वह पुराना बारदाना भेज दिया गया है नए उपार्जन केंद्र टेमरी के लिए कोटदूरी खरीदी केंद्र में पहुंचा है जबकि तोषगाव मैं नए बारदाना अभी तक नहीं पहुंचा है।

## मछलीपालन के लिए पट्टा मिलने पर मछुआरों ने संसदीय सचिव साहू के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक शकुन्तला साहू से उनके निवास कार्यालय में जिले के पण्डरिया एनीकट मछलीपालन सहकारी समिति के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। समिति के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा मछलीपालन के लिए समिति को एनीकट आवंटन के लिए साहू को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। मछलीपालन विभाग की संसदीय सचिव साहू ने मछुआ समुदाय की सहकारी समिति को पट्टा आवंटित होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आपस में मिल जुलकर अपने रोजगार को आगे बढ़ाएं। गांव के मछलीपालन के काम से जुड़े लोग समिति से जुड़ना चाहते हैं, उन्हें भी जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मछुआ समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है। इसलिए अधिकाधिक जलक्षेत्र को लीज पर आवंटित कर उन्हें मछलीपालन के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य दुर्गा पटेल, सुबेलाल ध्रुव, मिट्ठूलाल प्रजापति,राजेन्द्र दास मानिकपुरी, अरूण कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**सरायपाली।** सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा ज़ोन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विगत दिनों संपन्न हुआ कार्य म के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक कपिलेश्वर पाढी एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज जितेंद्र दास संरक्षक सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा महादेव साहू संयोजक मुरलीधर पाढी तथा कृष्ण मुरारी पाणिग्राही की अध्यक्षता व सैकड़ों विप्र बंधुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ साथ ही समाज के परंपरागत पर्व आंवला नवमी का भी आयोजन किया गया जिसमें आचार्य राम लाल दास अनंतराम कर गोविंद कर फकीर चरण कर द्वारा मंत्र उच्चारण कर आंवला पूजा संपन्न कराया गया समाज के सचिव प्रताप नारायण दास ने आभार प्रदर्शन किया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय दास ने दी।

## संसदीय सचिव शकुंतला साहू के मुख्य आतिथ्य में गौरा गौरी पूजा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा की लोकप्रिय,जनहितैषी जुझारू विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन संसदीय सचिव शकुन्तला साहू के मुख्यअतिथि में ग्राम पंचायत धौराभाटा एवं चरौदा में 26 नवम्बर देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर आयोजित सुवा नृत्य प्रतियोगिता एवं गौरा-गौरी पूजा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर ग्राम चरौदा में सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख की घोषणा की ,साथ ही ग्राम चरौदा में बोलबम कांवरिया समिति के तत्वधान में आयोजित राज गौरा सुवा झांकी नृत्य प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 15 हजार रु ,एवं ग्राम धौराभाठा ने प्रथम पुरस्कार 10 हजार रु के राशि दी, कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे सुश्री शकुन्तला साहू ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति में सुवा ,गौरा-गौरी पूजा का विशेष स्थान है , भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ की परम्परा , संस्कृति ,तीज त्यौहार को एक नई पहचान दिलाई है ,सभी त्योहारों को जीवित रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है , इस अवसर पर साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर पलारी के जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा,जनपद सदस्य खिलेंद्र भारती वर्मा ,जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा घृतलहरे,वरिष्ठ कांग्रेसी बाबू खा,माहेश्वरी कुर्रे ,महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जानकी ध्रुव,सुनील कुर्रे, प्रेम दास बघेल, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता दिव्यम त्रिपाठी,चरण कोसले सरपंच,थानु राम साहू,मिथलेश जायसवाल,लाला जायसवाल,मनकी फेकर,डेजी फेकर,प्यारी विश्वकर्मा बिरस, अंजलि फेकर, राजमती, लेश्वरी, राम जी निषाद, सीताराम साहू, लालाराम यादव, नेतराम साहू, विजय ध्रुव, सुंदरलाल ,मोहनलाल ,बलराम ,पुनीत यादव ,गीता साहू ,एनी बीसेंट सत्यवती ,राहुल तेली ,पुरूषोत्तम ,सुनहर साहू ,बृजलाल साहू एवं भारी संख्या में गांव के सरपंच गण आयोजक एवं समस्त गांव वासी और युवा साथी उपस्थित थे ।



## सरपंच देव कुमार यादव के नेतृत्व में मितानिनों को सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

अंचल स्थित ग्राम पंचायत सिरियाडीह में सरपंच देव कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य मितानिनों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य रूप से सरपंच देव कुमार यादव ,युवा पंच पद्मशंकर उर्फ देवा पटेल , ईश्वर पटेल, सुखराम साहू सहित ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

## अधिकारी एवं कर्मचारियों को संविधान पालन की शपथ दिलाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

21949 को संविधान सभा में पारित एवं 26 जनवरी 1950 को प्रभावी भारत का संविधान के परिपालन में नगर पालिका में भारतीय संविधान के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल द्वारा नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों को संविधान पालन का शपथ दिलाया गया, इस दौरान संविधान की उद्देशिका का पठन कर शपथ ली इस अवसर पर लेखापाल कु. पूजा साहू, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, स.रा.नि. भूनेश्वर साहू, सुरेन्द्र सोना, शतेन्द्र सिन्हा, राजेश यादव, तुलसी यादव, सहायक ग्रेड-03 बद्री प्रसाद वर्मा, गणेश पाड़े, कृष्णा गेंडरे, गुरूदत्त तिवारी, रजनीश मिश्रा, संजय कुमार साहू, विजय पाड़े, टिकेन्द्र द्विवेदी, धनेश पटेल सहित अन्य कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## सर्व आदिवासी समाज ने आगे की रणनीति बनाई

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज प्रमुख गण और संगठन के अधिकारी कर्मचारीगण दस दिसम्बर शहीद वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस को लेकर कलेक्टर जिला बलौदा बाजार भाटापारा से मुलाकात के पश्चात् पुनः सभी समाज प्रमुख और अधिकारी कर्मचारी का गोंडवाना भवन बलौदा बाजार में समीक्षा कर आगे की रणनीति पर चर्चा किया गया।

आज के प्रतिनिधि मंडल में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेन्द्र दीवान लवनराज नारायणपुर कंवर समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कुंवर सिंह पैकरा जी,सर्व आदिवासी समाज जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र ध्रुववंशी, शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष राम मरकाम आदिवासी सेना के जिलाध्यक्ष सतीश नेताम मावली महासभा के अध्यक्ष टेक सिंह ध्रुव वीर मड़ाई मेला सोनाखान कुर्रूपाठ के अध्यक्ष प्रताप सिंह नाग राजेंद्र पैकरा सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर श्रेय असनींद, रामायण ध्रुव शासकीय सेवक संघ जिला बलौदा बाजार भाटापारा ईकाई के महासचिव हीरालाल पैकरा जी,और हमारे संगठन के पदाधिकारी के तरफ से श्री थानू ध्रुव जी, श्री भानू ध्रुव जी, और मीडिया प्रभारी दयाराम राम ध्रुव और विशेष रूप से शासकीय सेवक ब्लाक ईकाई कसडोल के सचिव मोहन लाल पैकरा उपस्थित रहे । जिसमें इस वर्ष कोरोनावायरस महामारी को देखते हुए उच्च स्तरीय मंत्रणा पश्चात कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया है और शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज को पूरा सम्मान शासन द्वारा नहीं देने पर घोर रोष व्यक्त किया गया । वंशजों को उनका हक दिलाने हेतु सर्व आदिवासी समाज तीव्र गति से काम करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।

### कार्पोरेट घरानों के पक्ष में श्रम कानूनों में संशोधन का आरोप

## श्रम संगठनों ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर किया हड़ताल

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





सभी केन्द्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर भारत सरकार की श्रम विरोधी, किसान विरोधी तथा जन विरोधी नीतियों के खिलाफ देश के समस्त श्रम संगठन 07 सूत्रीय मांगों के लिये एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल किया। भारत सरकार द्वारा कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में श्रम कानूनों में संशोधन कर ट्रेड यूनियन के अधिकारों को खत्म किया जा रहा है।

सरकार ने ट्रेड यूनियन बनाने, हड़ताल का विरोध जताने वालों की छटनी हेतु खुली छूट देने के प्रावधान का संशोधन लाकर वर्किंग क्लास के अधिकार व सम्मान पर चोट पहुँचाने का कार्य किया हैं । साथ ही सार्वजनिक उपक्रम जैसे रेलवे, एयरपोर्ट, बी.एस.एन.एल, सहित सभी सार्वजनिक सेवा संस्थाओं का निजीकरण करने की तैयारी पूर्ण की हैं । बैंकों का निजीकरण करने के लिये भी सरकार ने तैयारी प्रारंभ कर दी हैं । अखबारों में भी यह खबर सुर्खियों में हैं कि सरकार बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रॉल बैंक आफइंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र सहित 06 बैंकों का निजीकरण करने जा रही हैं । इस प्रकार से जन सेवाओं हेतु स्थापित संस्थाओं का निजीकरण किया जाना देशहित में उचित नहीं है। वह दिन दूर नहीं जब सरकार ग्रामीण बैंको का भी निजीकरण कर देगी । जिसका प्रभाव भविष्य में मजदूर वर्ग, किसान वर्ग के साथ साथ नौकरी पेशा वाले वर्गो पर भी पड़ेगा । आज ऐसे समस्त लोगों के अस्तित्व की रक्षा हेतु भारत सरकार की श्रम नीतियों का खुलकर विरोध करने के लिये हड़ताल/प्रदर्शन भारत सरकार को चेताने के लिये किया जा रहा हैं । जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपकर विरोध किया जिसके फलस्वरूप हमारे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की समस्त शाखाएॅं बंद रहीं । ज्ञापन बैंक के अध्यक्ष आई.के.गोहिल को संगठन के अध्यक्ष श्री एल. सामंतराय एवं केन्द्रीय कार्यकारणी के सदस्य आर.एस.ठाकुर एवं रौनक त्रिपाठी द्वारा सौपा गया । इस अवसर पर अंकित राजपूत, जोगेश्वर सिंह, सुधीर शर्मा, अभिलाष अवस्थी एवं रूबी सुल्तान सहित भारी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थें ।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 15 दिसम्बर

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2021 के माध्यम से कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु छात्रों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये है। ऑनलाइन आवेदन करनें की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2020 रखी गयी है। प्रवेश परीक्षा हेतु आवदेन पत्र एवं इस संबंध में विस्तृत जानकारी नवोदय विद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एनएवीवोडीएवायए डॉट जीओवी डॉट इन एवं डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीबीएसईआईटीईएमएस डॉट इन श्लेस एनवीएसआरईजीएन पर उपलब्ध है। जिले के एक मात्र लवन नगर में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डी गिरी ने बताया की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा तिथि 10 अप्रैल 2021 को एवं कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा तिथि 13 फरवरी 2021को निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा की ऑनलाइन आवेदन 22 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है जो 15 दिसंबर 2020 तक जारी रहेगा। यह ऑनलाइन आवदेन पूर्णतः निःशुल्क है। गिरी ने आगें बताया की प्रवेश परीक्षा में किसी भी प्रकार से ऑनलाइन आवेदन में समस्या एवं अधिक जानकारी हेतु वह विद्यालय के हेल्प डेस्क में फोन कर सम्पर्क कर सकतें है। हेल्पलाइन लाइन नम्बर इस प्रकार है डी गिरी प्राचार्य 89196-41492,श्री पी के झा 70070-71527,पी गायकवाड़ 98936-08442, रंजन उपाध्याय 70002-39102 आकाश पटेल 79742-68551 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सकतें है।

## क्विक न्यूज

### धान खरीदी के लिए अपर कलेक्टर अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** कलेक्टर एसएन राठौर ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिला स्तर पर पर्यवेक्षण हेतु अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने नोडल अधिकारी को अनुभाग, तहसील क्षेत्रान्तर्गत समन्वय कर धान खरीदी कार्य सम्पादित करने के निर्देश भी दिये हैं।

### मितानिन सम्मान समारोह आयोजित



**सरायपाली।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में पार्षद राखी गणेश चौहान द्वारा मितानिन पालनपुर एवं मितानिन ट्रेनर माधुरी पंडा को साल श्रीफल से सम्मानित किया गया रखी गणेश चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कोरोना संक्रमण काल में बिना वेतन तथा बिना मानदेय के इनके द्वारा घर घर जाकर जन सहयोग या जनसेवा का कार्य किया जाता है जिसके कारण हमारा भी फर्ज बनता है कि इनको प्रोत्साहन के रूप में इनका सम्मान करें।

# नगर पालिका की दोहरी नीति की जांच करेंगे एडीएम

- **24 को लटकाकर 28 प्रतिशत का धड़ल्ले से चल रहा काम**
- **कलेक्टर कावरे ने जांच के दिए आदेश, कहा गलत नहीं होने दिया जाएगा**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका चढ़ी राजनीति की भेंट, 2 करोड़ का टेंडर निरस्त करने की योजना
28 प्रतिशत बिलो में काम कराने के बावजूद 28 प्रतिशत को बताया रहें अधिक
एमएस कंस्ट्रक्शन कंपनी हाईकोर्ट जाने की तैयारी में, नपा प्रबंधन सकते में

पायनियर लगातार

नगर पालिका परिषद् जशपुर की मनमानी नीति की जांच एडिशन कलेक्टर करेंगे। 24 प्रतिशत बिलो की दर के टेंडर को कैंसिल करने को प्रस्ताव पारित करने वाली परिषद् के फैसले की जांच का आदेश कलेक्टर महादेव कावरे ने एडीएम को दिया है। 24 प्रतिशत बिलो में काम लेने वाली एमएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक शकील खान ने मामले की शिकायत कलेक्टर कावरे के समक्ष की और नगर पालिका की मनमानी के बारे में बताया। उन्होंने कलेक्टर को लिखित में दिए ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका में निर्माण कार्यों में दोहरी नीति अपनाकर पक्षपात रवैया अपनाया जा रहा है। अप्रेल माह में विधिवत टेंडर जारी होने के बाद 24 प्रतिशत में हासिल किए गए काम का वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया जा रहा है जबकि हाल ही में 28.10 प्रतिशत बिलो में लिए गए टेंडर के कार्य को आदेश जारी किया गया है और निर्माण कार्य चल रहा है।




### लिखा आप ही बताएं टेंडर दर

एमएस कंस्ट्रक्शन के संचालक शकील खान ने मुख्य नगर पालिका को लिखे पत्र में कहा कि अबतक चली आ रही टेंडर प्रक्रिया के तहत राशि भरकर टेंडर हासिल किया गया। जिसके बाद परिषद् की बैठक में उक्त राशि को स्वीकारने से इंकार किया जा रहा है। इस संबंध में शकील खान ने कहा कि नगर पालिका ही टेंडर की वह दर तय कर दे जिसे भरकर अविवादित टेंडर हासिल किया जा सके।

### यह है मामला

सबसे कम दर की बोली लगाकर निविदा हासिल करने वाले एमएस कंस्ट्रक्शन के संचालक ने बताया कि उन्होंने 40 कार्यों के लिए अलग-अलग दर भरकर न्यूनतम 24 प्रतिशत में ठेका हासिल किया है। इस न्यूनतम दर को आधार बनाकर टेंडर निरस्त करने की योजना बनाई जा रही है और अनुबंध पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस नगर पालिका के द्वारा 24 प्रतिशत बिलो की दुहाई दी जा रही है उसी के द्वारा 28 प्रतिशत तक बिलो की दर से टेंडर दिया जा चुका है और काम भी कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विधिवत टेंडर जारी होने और दर ओपन करने के बाद ठेकेदार को काम से वंचित करना नियम के विपरीत है और उसे न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

टेंडर प्रक्रिया अपनाए जाने के बाद कार्य आदेश जारी नहीं करने के संबंध में शिकायत मिली है। इसकी जांच के लिए एडीएम को आदेशित किया गया है।
**-महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

# धान खरीदी केंद्र में नहीं मिल रहा हैं किसानों को टोकन



पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा के धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानों को टोकन पाने के लिए खासी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों का आरोप है कि धान बिक्री करने के लिए मिलने वाले टोकन के लिए खरीदी केंद्र में किसानों को टोकन जारी नहीं कर रहे हैं। जिसकी सुचना मिलने पर नगर प्रवास पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकण्डेय को मिली तो वे तत्काल खरीदी केंद्र स्वयं तिल्दा नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के साथ पहुंचे। वहाँ पहुंचकर उन्होंने वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर छल करने का आरोप लगाया है। वहीं नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी का यह आरोप है कि खरीदी प्रभारी अपने नजदीकी लोगों को टोकन जारी कर रहे हैं। उनकी मानें तो केंद्र पर टोकन के लिए किसान आ रहा है, लेकिन उनको देर शाम तक टोकन नहीं मिला है. इस कारण वह अपना धान भी बेच नहीं पा रहा है। दरअसल, सरकार के नियमानुसार टोकन लेने पर ही किसान केंद्रों में अपने धान की बिक्री कर सकते हैं। वही नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने जब केंद्र का जायजा लिया तो उन्होंने देखा की जो किसान सुबह से टोकन का इंतजार करते हुए बैठे है लेकिन ना तो उनके लिए पिने के पानी की व्यवस्था और ना ही कुछ खाने की, इस तरह की लापरवाही को देखते हुए विकास सुखवानी ने नगर पालिका से पानी टैंकर की व्यवस्था करवाने की बात कही है उनका कहना है की सुबह से अपने टोकन की प्रतीक्षा में बैठे हुए अन्नदाता जो हमारी भूख मिटाने का काम करते है।

# सरगुजा संभाग आयुक्त दो दिवसीय दौरे पर कोरिया में



पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com

सरगुजा संभाग की आयुक्त जेनेविवा किण्डो अपने दो दिवसीय कोरिया भ्रमण के दौरान पहले दिन विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम नरकेली में बने गौठान के निरीक्षण पर पहुंची।

गौठान में उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट, वर्क शेड, चारागाह एवं गौठान में मवेशियों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। कोरिया भ्रमण के पहले दिन संभाग आयुक्त सुश्री किंडो ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी जिला अधिकारियों से मुलाकात की तथा धान खरीदी की तैयारी के संबंध में अपर मुख्य सचिव द्वारा ली गयी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी शामिल हुई। जिला भ्रमण के दूसरे दिन संभाग आयुक्त ने जिले के विकासखण्ड भरतपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम लरकोड़ा में बने गौठान का निरीक्षण कर महिला समूह व गोठान समिति के अध्यक्ष व सदस्यों से चर्चा कर गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने ग्राम देवगढ और जनुवा में स्टॉप डेम, फसल कटाई, वन अधिकारी पट्टा वितरण एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित शांकभरी योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि सरगुजा संभाग आयुक्त अपने दो दिवसीय कोरिया प्रवास पर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का निरीक्षण कर जिले में क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर रही हैं।

# हर्रापाठ हिंदुत्व सम्मेलन में बोले प्रबल- धर्म की रक्षा के लिए जान भी दे दूंगा

- **चंगाई सभा की शिकायत पुलिस से करने की अपील, धर्मांतरण मृत्यु के समान**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

अपने मूल धर्म हिंदुत्व को छोड़कर कुछ लोगों के झांसे में आकर इसाई धर्म अपनाकर धर्मांतरण करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन घर वापसी के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने तल्ख तेवर दिखाए। उन्होंने जिले के ग्राम हर्रापाठ में आयोजित महा हिंदुत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हिंदुत्व की रक्षा के लिए उन्हें जान की बाजी भी लगानी पड़े तो वे तैयार बैठे हैं। उन्होंने कहा धर्मांतरण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धर्मा की रक्षा के लिए सैदव तत्पर होने की बात कही। उन्होंने हर्रापाठ में आए हजारों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए पूर्वजों ने अपनी कुर्बानी दी है। उसे सभी को मिलकर बचाना होगा।





**याद किए गए कुमार दिलीप-** ऑपरेशन घर वापसी की बात हो और जशपुर रियासत के कुमार दिलीप सिंह जूदेव का नाम न आए ऐसा संभव नहीं है। जशपुर जिला व आसपास के इलाकों में धर्मांतरण के खिलाफ बिगुल उन्होंने ही फूंका था। मूल धर्म से ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों के पांव धोकर उन्हें मूल धर्म में वापस कराया जिसकी गूंज देश के साथ ही विदेशों तक पहुंची। कुमार प्रबल प्रताप ने अपने पिता कुमार दिलीप सिंह जूदेव के समर्पण को याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र की संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए जो कार्य किया है उसे बनाए रखना संजोकर रखना हमारा और आप सभी का दायित्व है। कुमार दिलीप सिंह जूदेव अपने जीवन के आखिरी वक्त तक धर्मांतरण और चंगाई सभा के खिलाफ अपना स्वर बुलंद करते रहे।

### चंगाई सभा के खिलाफ एफआईआर

चंगाई सभा के माध्यम से धर्म का प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः कानूनी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा, यदि गांव में किसी प्रकार की चंगाई सभा होती है तो उससे दूरी बनाएं रखें और इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाने को देकर एफआईआर दर्ज कराएं।

### यह रहें शामिल

हर्रापाठ में आयोजित किए गए हिंदुत्व सम्मेलन में बीजेपी के जिलाध्यक्ष रोहित साय, मनोरा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल भगत, देवधन नायक, डीडीसी शांति बाई, राजकपूर राम उर्फ रामू, दीपक चौहान, मनोज भगत, अभिषेक मिश्रा, मैनेजर राम, गंगाराम भगत, और बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित का नगर आगमन आज

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू का आज 29 नवं को बेमेतरा जिले में प्रथम आगमन हो रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास घरडे ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के प्रथम आगमन पर जिले भर के समस्त कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा एवं भाजपा जिला महामंत्री विकासधर दीवान के कुशल मार्गदर्शन से प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू का भव्य स्वागत होगा। दोपहर 12.00 बजे बेरला, 1.00 बजे शीतला मंदिर चौक सिंघौरी, 2.00 बजे गस्ती चौक, 3.00 बजे माता भद्रकाली मंदिर एवं माँ कालिका मंदिर, 3.30 बजे पुराना बस स्टैंड चौक, 4.00 बजे कलेक्टरेट के सामने एवं 4.30 बजे जिला भाजपा कार्यालय में स्वागत होगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास घरडे ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों से अधिक अधिक संख्या में पहुंच कर ऐतिहासिक स्वागत में सहभागिता निभाने की अपील की है।

# निर्माण कार्यों की लेटलतीफी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शनिवार को कलेक्टर रजत बंसल ने जगदलपुर शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और निर्माणाधीन कार्यों की लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों की गति में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शनिवार सुबह लालबाग, शहीद पार्क, सिटी ग्राउंड, इतवारी बाजार, पुरानी मंडी, गीदम रोड और जिला संग्रहालय में संचालित कार्यों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने सिटी ग्राउण्ड के उन्नयन के लिए किए जा रहे कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। गीदम मार्ग के चैड़ीकरण कार्य का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने यहां अमृत मिशन के तहत किए जा रहे कार्य का अवलोकन भी किया। इतवारी बाजार को व्यवस्थित करने का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने शहीद पार्क स्थित स्वीमिंग पुल और गढ़ कलेवा का निरीक्षण भी किया।

इस दौरान सहायक कलेक्टर रेना जमील, अनुविभागीय दण्डाधिकारी जीआर मरकाम, नगर निगम आयुक्त प्रेम कुमार पटेल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बत्रा, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता नवीन पायोम उपस्थित थे।

# चक्रवाती तूफान निवार से धूप छांव का खेल जारी



**सरायपाली।** समुद्री तट पर सक्रिय चक्रवाती तूफान असर क्षेत्र में भी देखने को मिला दिन भर आसमान में काले बादल छाए रहे शाम को हुई बूंदाबांदी से वातावरण नम रहा हवा तेज चलने के कारण ठंड का असर भी हावी रही। आमतौर पर बदली छाने के ठंड का एहसास कम हो जाता है लेकिन गुरुवार शुक्रवार को अन्य दिनों की अपेक्षा असर अधिक रहा सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे दोपहर आते तक धूप छांव का खेल जारी रहा दोपहर से ही बदली का असर तेज हो गया और बूंदाबांदी होने लगी देखते ही देखते बूंदाबांदी हल्की बारिश में तब्दील हो गई तेज हवा चलने से ठंड का भी असर बढ़ गया।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित **एम.आई.जी.-II** भवन योजना के अन्तर्गत भवनों में से **एम.आई.जी. II/13 फेस-II** में **श्रीमती संध्या सिंह** पिता **श्री राम सिंह** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया या है। आबंटी द्वारा 30.4.14 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 16.11.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री भीम महतो** पिता **श्री रूप नारायण महतो** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम - गुरुघासी दास
वार्ड क्र. 01, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.12.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 670/27.11.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -278/01, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - छेदीलाल साहु S/o. नाथुराम साहु, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राजाराम देवांगन S/o. स्व. धरमचंद देवांगन.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम - राजीव गांधी
वार्ड क्र. 05, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.12.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 671/27.11.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -186/05, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - डाली अग्रवाल W/o. प्रेम कुमार अग्रवाल, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- मो. इरफान S/o. स्व. मो. मुशीर.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी पं. दीनदयाल नगर, डंगनिया, रायपुर में निर्मित 104 एम.आई.जी.-2 योजना में से भवन/भूखण्ड **क्र. एम.आई.जी.-2/594** में **श्री घनश्याम राव बैरागड़े पिता स्व. श्री रघुनाथ राव बैरागड़े** को नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 15.04.2004 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

श्री घनश्याम राव बैरागड़े की मृत्यु दिनांक 06.10.2019 को हो जाने के कारण उनके वारिस (पुत्री) श्रीमती लतिका सोनी पति श्री राजू सानी द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, **रजिस्टर्ड वसीयत नामा,** शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमती लतिका सोनी पति श्री राजू सोनी** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज / सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone05@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी, खिलौरा, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. भवन क्र.-205, **श्री कृष्णकांत अग्रवाल पिता श्री बुद्ध प्रकाश अग्रवाल,** के नाम पर **स्ववित्तीय आधार** पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 19.03.2010 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्री कृष्णकांत अग्रवाल पिता श्री बुद्ध प्रकाश अग्रवाल,** निवासी - राज इंटरप्राईजेस, बस स्टैण्ड के पास, गांधी चौक, बलौदा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती नेहा गुप्ता पति श्री संजय कुमार अग्रवाल,** निवासी- म.क्र.-246, यादव पारा, ग्राम-अरंड, पोस्ट-बासीन, थाना-राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता **श्रीमती नेहा गुप्ता पति श्री संजय कुमार अग्रवाल**, निवासी - म.क्र. 246, यादव पारा, ग्राम-अरंड, पोस्ट-बीन, थाना-राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थिति होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 213, 2020-2021
वार्ड का नाम -स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/296 बुढ़ापारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती मौली चटर्जी पति स्व. संदीप चटर्जी श्री जयदीप चटर्जी पिता स्व. रविन्द्र चटर्जी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री केवल सोनी पिता हेमंत कुमार सोनी** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 214, 2020-2021
वार्ड का नाम -स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/C2/5 रवि भवन** जो कि निगम अभिलेख में **श्री प्रमोद थावानी पिता स्व. कुन्दन दास थावानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **(1) मोना नावानी पति श्री श्याम नावानी (2) श्रीमती कनक नावानी पति श्री सुनील नावानी** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 212, 2020-2021
वार्ड का नाम - सिविल लाईन वार्ड-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन वार्ड-47 वार्ड स्थित भवन / भूमि **47/752 दुर्गा मंदिर कटोरा तालाब** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती ममता आहुजा पति स्व. चेतनदास आहुजा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री कृष्णा साहू स्व. श्री जागृत साहु** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 216, 2020-2021
वार्ड का नाम -स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/558-559** जो कि निगम अभिलेख में **श्री विजय माखीजा पिता श्री प्रभुदास माखीजा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री चेतन कोशवानी पिता भरतलाल कोशवानी** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 215, 2020-2021
वार्ड का नाम -स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद नगर, सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/J2/20 रवि भवन** जो कि निगम अभिलेख में **श्री जय प्रकाश माखीजा पिता श्री प्रभुदास माखीजा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री विजय माखीजा पिता प्रभुदास माखीजा** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

संपादकीय

## किसानों का प्रदर्शन, कृषि कानूनों का विरोध

**नए** कृषि कानूनों के विरोध में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा छोड़ी आंसू गैस व पानी की बौछारों का मुकाबला करते तथा बाधायें हटाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यदि किसानों के साथ सहमति बनाने तथा उनकी बेहतर सुनवाई के प्रयास होते तो शायद इस मार्च से बचा जा सकता था। किसानों की समस्याओं का सबको पता है, ऐसे में शायद उनको बेहतर आश्वासन की आवश्यकता थी। कृषि सुधारों पर किसानों की नाराजी से विपक्ष को एक एजेंडा मिल गया है और वह अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र पहले से ही पराली जलाने व अन्य कारणों से पैदा प्रदूषण तथा कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के संक्रमण से पीड़ित है। ऐसी स्थिति में प्रदर्शन से समस्या और गंभीर हो सकती है। सरकार ने दावा किया है कि किसानों को इन कानूनों से फसल के बेहतर दाम मिलेंगे, लेकिन किसान इन कानूनों के कारण होने वाले कार्पोरेटीकरण के प्रति आश्वस्त नहीं हैं। किसान चाहते हैं कि उनके अधिकार उनकी शर्तों पर बने रहें। किसानों को भय है कि देर-सवेर राज्य द्वारा एफसीआई के माध्यम से खरीद की वर्तमान व्यवस्था कमजोर हो सकती है। उनको डर है कि कार्पोरेट के साथ अनुबंध करने से कार्पोरेट उन पर हावी हो सकते हैं। हालांकि, नई व्यवस्था के साथ पुरानी व्यवस्था जारी रहेगी, लेकिन किसानों को आशंका है कि यह अंततः ढह जाएगी। गन्ने के क्षेत्र में ठेका खेती की विफलता के साथ ही गुजरात में पेप्सीको द्वारा किसानों के खिलाफमुकदमा दायर करने के उदाहरण हैं। पंजाब जैसी राज्य सरकारें इसलिए भी परेशान हैं कि कृषि उत्पाद मंडी समितियों-एपीएमसी से टैक्स के माध्यम से होने वाली उनकी आय प्रभावित हो सकती है। वर्तमान समय में ई-नाम मंच 18 राज्यों व तीन संघशासित क्षेत्रों के किसानों को जोड़ते हैं। संभवतः सरकार ने किसानों को जागरूक करने के समुचित प्रयास नहीं किए हैं। नए कानूनों के अनुसार कृषि उत्पादों का व्यापार करने के लिए किसी लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी और केवल पैन कार्ड होने पर कोई भी भौगोलिक क्षेत्र के 'बाहर' वाले किसानों से उत्पाद खरीद सकेगा। प्रचलित धारणाओं के विपरीत किसानों का वर्तमान कमीशन एजेंटों पर विश्वास है और वे नए माडल के साथ प्रयोग नहीं करना चाहते हैं। किसान बैंकों के बजाय सीधे भुगतान पाना चाहते हैं क्योंकि बैंक भुगतान से उनके कर्ज की धनराशि काट सकते हैं।

विपक्ष चाहता था कि नए कृषि कानून पास करने के पहले इनको स्थाई समिति में विचार के लिए भेजा जाए। केन्द्र व राज्यों के बीच जीएसटी जैसी सहमति कृषि कानूनों के बारे में भी बनाई जा सकती थी। लेकिन इस मामले में किसान संघों, राज्य सरकारों तथा विपक्षी पार्टियों के साथ संवाद स्थापित करने के समुचित प्रयास नहीं हुए। चूंकि कृषि आधारित मुद्दे संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची में आते हैं, इसलिए केन्द्र सरकार को राज्यों से विचार-विमर्श करना चाहिए था। पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने ठेका खेती के विवादास्पद मुद्दे पर ऐसा ही किया था जो राष्ट्रीय कृषि नीति, 2000 का हिस्सा था। केन्द्रीय कानून बनाने के बजाय उन्होंने राज्यों को 2003 में मंजूरी के लिए एक माडल कृषि उत्पाद मार्केटिंग विनियमन कानून भेजा था। बाद में आई संप्रग-1 सरकार ने भी इसे जारी रखा और ठेका खेती को राष्ट्रीय कृषि नीति, 2007 में शामिल किया गया। इसी वर्ष अगस्त में 15 राज्यों ने एपीएमसी विनियमन कानून में माडल प्रारूप के आधार पर परिवर्तन किए थे। सरकार द्वारा वर्तमान समय में पेश श्रम संहिताओं पर भी कुछ पक्षों को आपत्ति है जो वर्तमान 29 श्रम कानूनों को चार विधायनों में समेट देती हैं। लेकिन इन पर ज्यादा शोर-शराबा इसलिए नहीं मच रहा है कि इन पर लोकसभा में संबंधित विभागों की स्थाई समितियों में विचार हो चुका था। अतिरिक्त खाद्य भंडार होने की वर्तमान स्थिति में कृषि मार्केटिंग में सुधार की आवश्यकता है, पर इस मामले में किसानों के अधिकारों को विधिक संरक्षण मिलना चाहिए।

# कोविड जागरूकता अभियान की जरूरत

### आधिकारिक कोविड जागरूकता अभियान लाकडाउन के बाद पैदा असली जमीनी स्थितियों पर केंद्रित नहीं है। इससे निरोधक उपायों की उपयोगिता प्रभावित होती है।



**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ ने हाल ही में कोविड-19 पर लगाम लगाने के उपायों पर सरकारों की खिंचाई करते हुए केन्द्र तथा सर्वाधिक प्रभावित राज्यों से स्थितियों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हालांकि, राष्ट्रीय रिकवरी दर अब तक के सबसे ऊंचे 93 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है तथा नए संक्रमणों की संख्या में भी कमी आई है और ये सितंबर में प्रति दिन 80,000 की तुलना में घट कर 40,000 प्रति दिन हो गए हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ कमियां हैं। जब सर्वोच्च न्यायालय ने विचार किया तब स्थिति गंभीर थी तथा उसने अनुमान लगाया कि अब तक प्राप्त उपलब्धियां जाड़े के समय में प्रभावित हो सकती हैं। इस मामले में कोविड-19 जागरूकता अभियान श्रृखंला की एक कमजोर कड़ी है।

7 अक्टूबर को सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने घोषणा की थी कि जल्द ही सार्वजनिक स्थानों, मेट्रो, आटोरिक्शा व सार्वजनिक परिवहन साधनों पर कोविड से बचने के बारे में पोस्टर, बैनर व स्टिकर लगा दिए जाएंगे। हालांकि, पिछले आठ महीनों में इस लेखक की दुनिया लगभग घर तक सीमित हो गई है, पर उसने दक्षिण दिल्ली में ऐसी आउटडोर प्रचार सामग्री नहीं देखी है। महामारी शुरू होने के बाद से जागरूकता अभियान अधिकांशतः एलेक्ट्रानिक मीडिया तक सीमित है। अखबारों की बिक्री प्रभावित होने के कारण प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों की पहुंच घटी है क्योंकि बहुत से लोगों को इनसे कोरोना संक्रमित होने का भय है। अन्य माध्यमों में मोबाइल फोन है जहां कोविड कालर ट्यून जबरन परोसी जा रही है। वर्तमान अभियान संभवतः 31 मई तक प्रभावी थे जब संपूर्ण लाकडाउन लागू था। 1 जून को अनलाक का पहला चरण लागू होने के बाद देश में तेजी से संवाद की नई परिस्थिति बनी है।

लेकिन जागरूकता अभियान नई स्थितियों पर गौर नहीं कर रहा है। इसलिए संदेश एक उपदेश की तरह लगते हैं। स्वच्छ भारत अभियान की तरह अमिताभ बच्चन सरकार के कोविड जागरूकता अभियान का चेहरा हैं। यह केवल भारत में ही संभव है कि एक पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति समान रूप से गोल्ड लोन व पल्स पोलियो अभियान में समान जोश से भाग ले सके। आदर्श रूप से स्वयं जुलाई में कोविड संक्रमित होने के बाद उनको इस अभियान से हटा दिया जाना चाहिए था। विकल्प के रूप में उनको नए विज्ञापनों में पेश किया जा सकता था जहां वे स्वयं को कोविड से बचने वाले व्यक्ति की तरह पेश कर सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

दूरदर्शन पर अक्षय कुमार द्वारा पेश अनलाक युग का एक टीवी विज्ञापन ज्यादा आकर्षक है जो अनलाक युग की सावधानियों पर केन्द्रित है। इसमें अभिनेता एक वृद्ध नागरिक को मास्क लगा कर काम करने को कहता है। यह स्पष्ट रूप से सरकार की उस सलाह के विपरीत है कि वरिष्ठ नागरिकों को बाहर निकलने से बचना चाहिए। अक्षय कुमार यह भी कहते हैं कि यदि कोई कोविड संक्रमित हो जाए तो सरकार ने उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की है। यह विज्ञापन अधिकांश राज्यों के यथार्थ से पूरी तरह असंगत है। अभियान प्रेरक ने संभवतः केवल मोदी सरकार के बारे में अनुमान लगाया है। लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य व सफाई, अस्पताल व डिस्पेंसरी संविधान के अनुच्छेद 246 के अंतर्गत सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में आते हैं। इनको अनुच्छेद 243जी के अंतर्गत पंचायत सूची में भी रखा गया है। संचार का हिस्सा होने के कारण प्रसारण सातवीं अनुसूची की संघ सूची में है। इस प्रकार दूरदर्शन विशेष रूप से राज्य-विशिष्ट कोविड जागरूकता अभियान अभिव्यक्त नहीं कर पाता है जो स्थानीय यथार्थ को अभिव्यक्त करता हो। प्रचार अभियान मंडी हाउस के संचालकों द्वारा चलाया जाता है जो अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार व सचिन तेंदुलकर जैसे मुंबई के नामचीन नागरिकों को शामिल करते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि स्वास्थ्यरक्षा का बोझ राज्यों पर डाला गया है।

1 जून के बाद शुरू अनलाक चरणों के आगे बढ़ने पर उम्मीद थी कि जागरूकता अभियान ज्यादा स्थानीय हो जाएगा। इस प्रकार अंतिम सिरे पर चलने वाला सूचना अभियान मामले घटाने में और योगदान कर सकता था। जहां कोविड से ठीक होने वाले अनेक लोगों ने अन्य रोगियों का जीवन बचाने के लिए प्लाज्मा दान किया है, वहीं वे अपने द्वारा सीखे गए सबकों का साझा कर सकते थे। इससे उन लोगों को सहायता मिल सकती थी जो सूचनाओं के अभाव से प्रभावित हो सकते हैं। हम इस बात को अत्यधिक गोपनीय बना रहे हैं कि आखिरकार इन लोगों को संक्रमण कैसे हुआ। उदाहरण के लिए, यह पता नहीं है कि नए संक्रमित लोगों में से कितने लोगों ने प्रोटोकाल का पालन किया या वे इसके बारे में लापरवाह थे। कितने लोग यह सोचते थे कि सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने, बाजार में घूमने या रेस्टोरेंटों में अजनबी लोगों की उपस्थिति में भोजन करने से उनको संक्रमण हुआ है।

सरकार को स्वीकार करना चाहिए कि वह एक अंतिम बिंदु तक पहुंच रही है। उसे उभरते मामलों तथा अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित करने के बीच चुनाव करना है। एक चीज पर जोर देने से दूसरी प्रभावित हो सकती है। इस साल जाड़े का मौसम हमेशा की तुलना में जल्दी आ गया है और दिल्ली तथा एनसीटी प्रदूषण से बहुत बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। इस मौसम में त्योहारों व शादियों के बाद बिजनेस बरसात के पहले वाली स्थिति में आ जाता है। घटे राजस्व से निपटने के लिए केन्द्र तथा दिल्ली सरकार इन स्थितियों में संक्रमण पर लगाम लगाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली में संक्रमण चार गुना हो गया है। जब सरकारें अपनी चेतना के विरुद्ध काम करती हैं तो वे आमतौर से सफल होती हैं। इस टकराव का एक उदाहरण वाणिज्यिक व सार्वजनिक स्वास्थ्य हितों के बीच टकराव है। यह दिल्ली सरकार के उस निर्णय में दिखाई दिया जिसे 24 घंटे में उलट दिया गया। पहले महामारी मानकों के उल्लंघन के लिए नांगलोई क्षेत्र में स्थित पंजाबी बस्ती बाजार व जनता बाजार को बंद किया गया था। दिल्ली में सभी बड़े बाजार खुलने के बाद अब बीमारी नियंत्रण प्रोटोकाल का शायद ही कहीं पालन हो रहा हो। 24 नवंबर को भारत ने 2,134 प्रयोगशालाओं में लगभग 13.3 करोड़ जांचें कीं। हालांकि, यह संख्या देखने में बड़ी लगती है, पर भारत की जनसंख्या का केवल 10 प्रतिशत है। ऐसे में प्रबल संभावना है कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ऐसा हो सकता है जिसमें संक्रमण के कोई लक्षण न हों और उसकी जांच न हुई हो। ऐसे में बहुत से लोगों को लग सकता है कि वे बीमारी से बचे हुए हैं जिनमें सहकर्मी, पड़ोसी या रिश्तेदार शामिल हैं। वे फेस मास्क जैसी मामूली सावधानियों को भी अनदेखा कर लोगों से घुलमिल सकते हैं। फास्टफूड दूकानों पर वे पूर्णतः अजनबी लोगों के साथ भोजन करने से नहीं डरते हैं जहां स्वाभाविक रूप से वे मास्क नहीं लगाए होते हैं। उनको आशंका नहीं होती है कि इस गतिविधि से वे बिना लक्षणों वाले संक्रमितों के संपर्क में आ सकते हैं। सरकारी प्रचार अभियान इस आयाम के बारे में लोगों को शिक्षित करने में विफल रहे हैं। वे लोगों को आयुष मंत्रालय द्वारा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उपायों से भी परिचित नहीं कराते हैं। जागरूकता अभियानों में इन असली स्थितियों को उठाने से संक्रमण में वृद्धि पर लगाम लगाई जा सकती है। यदि मनुष्यों के साथ शूटिंग में समस्या हो तो इसके लिए आसानी से एनीमेशन या क्लाइमेशन का प्रयोग किया जा सकता है। जब तक हम ग्राफिक्र रूप से खतरों के आयामों को आम लोगों के दिमाग में नहीं भरेंगे, तब तक बालीवुड नायक ज्यादा कुछ नहीं कर सकेंगे।

# समग्र क्षेत्रीय आर्थिक साझीदारी के निहितार्थ



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)

विश्व ने पिछले पखवाड़े में अगले सौदे का रूप लेने जा रहे व्यापक आर्थिक मोलभाव की प्रक्रिया को देखा है। यह है क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझीदारी (आरसीइपी), जो कि 10 एसियान देशों व चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के बीच होने जा रहा एक मुक्त व्यापार समझौता है। यह सौदा, मंजूरी मिल जाने पर, विश्व की लगभग आधी जनसंख्या को प्रभावित करने वाले दुनिया के 30 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधान बनेगा। ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से, यह एक बहुआयामी व्यापार समझौता है जहां चीन अग्रणी पक्ष है। आरसीइपी हालिया वर्षों में गतिरोध में पड़ने से पूर्व 2012 से ही मोलभाव की स्थिति में रहा है क्योंकि भारत ने अपने औद्योगिक एवं कृषि क्षेत्रों को बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने का विरोध किया था। उसके पश्चात, एक कर्कश महत्वाकांक्षी एवं तकनीकी क्षमता से परिपूर्ण चीन के उभार को देखते हुए, भारत ने भी प्रत्येक देश के नागरिकों के आंकड़ों के स्थानीयकरण हेतु जोर दिया था, जबतक सहभागी देश अपने निर्गामी हस्तांतरण की मंजूरी नहीं दे देता। भारत ने घरेलू मांगों के कारण औपचारिक रूप से आरसीइपी से कदम पीछे हटा लिए। हालांकि, व्यापार सौदे पर 15 नवंबर को हुए समझौते के बावजूद, नई दिल्ली के पास अभी भी आरसीइपी में शामिल होने का विकल्प मौजूद है।

पश्च-महामारी विश्व अर्थव्यवस्था पुनः खड़े होने के लिए संघर्ष कर रही है, अमेरिका में एक नई हुकूमत जल्द ही व्यापार एवं सामरिक सहयोग के लिए पुनः बहुआयामी मंच में पुनः शामिल होने की प्रबल संभावना के साथ तथा एक नए भारत की दूरदृष्टि कुछ ऐसे मॉडल हैं जिन्हें इस मौके पर हमारे पक्ष में क्या कारगर हो सकता है उस बाबत कोई निर्णय लेने से पहले दिमाग में रखना होगा।

आरसीइपी में नई दिल्ली के शामिल न होने पर घरेलू स्तर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं, और सरकार के कदम का विरोध करने यह बोल रहे हैं कि दक्षिण-पूर्व एशिया में एक एकाकी भारत तथा चीन के आयातों के प्रति हमारी संवेदनशीलता आर्थिक समझ के बजाए भू-राजनीति के कारण अधिक है। एक अध्ययन में पाया गया कि 2007-2008 तथा 2015-16 के बीच, चीन की अर्धनिर्मित वस्तुओं एवं भारी मशीनरी के भारत द्वारा आयात का सकारात्मक प्रभाव हमारे उद्योगों, नौकरियों के सृजन एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में पड़ता था।

जो लोग कदम वापस खींचने के सरकार के कदम का समर्थन करते हैं उनका इसको लेकर सख्त रुख है कि कैसे चीन से वस्तुएं आयात करने का परिणाम अकुशल श्रमिकों के रोजगार छिनन के रूप में सामने आता है। पश्च-महामारी अर्थव्यवस्था में, बड़ी संख्या में रोजगार अकुशल श्रमिकों के लिए सृजित करने पड़ेंगे।

आरसीइपी समझौते के व्यापक आधारों का ध्येय 15 वर्षों में साझीदार देशों के बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं में 90 प्रतिशत से अधिक पर शून्य टैरिफ व्यवस्था को हासिल करना है। आर्थिक प्रभाव इस ज्ञान से क्षीण हो सकता है कि इन व्यापार करने वाले देशों में से अधिकतर के बीच द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पहले से ही विद्यमान हैं। हालांकि, चीन की भारी मौजूदगी एवं अमेरिकानीत समग्र एवं प्रगतिशील परा-प्रशांत साझीदारी में प्रतिकार स्वरूप बाधा डालने की आकांक्षा के चलते भू-राजनीतिक प्रभाव को अनदेखा किया जा सकता है। प्रायः ऐसा कहा जाता है कि चीन को किसी भी सफल अर्थव्यवस्था में विकसित हुए कौशल समुच्चयों में निपुणता हासिल करने में महारत हासिल है, इसलिए, अंतर्जात विकास की किसी महत्वपूर्ण लागत के बगैर, वह मूल सृजनकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दरों के आधे दाम में वैसी ही वस्तुएं एवं सूवाएं उत्पादित कर सकता है। सीपीटीपीपी अध्यायों एवं दृष्टिकोणों से उधर ली गई इबारत के परिप्रेक्ष्य में, आरसीइपी की शब्दावली, वैसी ही कवायद मालूम पड़ती है। यहीं पर जाकर, ई-वाणिज्य, आंकड़ा स्थानीयकरण, जैसा कि आरसीइपी समझौते में निर्धारित किया गया है, जैसे उभरते तकनीकी विषयों का भारत द्वारा कोई निर्णय लेने से पहले सावधानी से अध्ययन करना पड़ेगा।

इलेक्ट्रानिक कामर्स, द्विपक्षीय एवं बहुआयामी मंचों पर खींचतान के विकसित होते क्षेत्र, को आरसीइपी समझौते के दस्तावेज में एक अध्याय मिला है। इसमें काफी कुछ सीपीटीपीपी से लिया गया है। हालांकि, क्रियान्वयन के मामले में, इसकी संभावनाएं क्षीण हैं क्योंकि इन शब्दावलियों में मौजूद क्लाज कम कम प्रवर्तन योग्य, दोहरे अर्थ वाले एवं बहुत अधिक कसकर आवरणबद्ध किए गए हैं। संघर्ष के मामले में विवाद समाधान व्यवस्था को आरसीइपी संयुक्त समिति को संदर्भित करना होगा यदि मोलभाव के सभी रास्ते विफल हो जाते हैं।

सोर्स कोड खुलासा आवश्यकताओं, व्यापारिक साझीदारों के बीच आंकड़ों के प्रवाह एवं आंकड़ा केंद्रों का स्थानीयकरण तथा कम्प्यूटिंग सुविधाएं आदि विवादास्पद मुद्दे भावी परामर्शों एवं समझौतों के जिम्मे छोड़ दिए गए हैं। भारत तथा यूरोप समेत शेष वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं किसी भी प्रकार के संकेत देने से पहले इस क्षेत्र को निकट से देखकर समझना चाहेंगे।

वैश्विक नीति स्पेस वर्तमान समय में संप्रभु सीमाओं से परे आंकड़ों के प्रवाह को नियंत्रित करने के विचारों में उलझा हुआ है, इस तरह मामला आंकड़ों को भौतिक वस्तु मानकर समीकृत करने का है जिन्हें बहुआयामी समझौतों के उच्च स्तरों पर एक चिप मानकर चलना है। वैश्विक स्तर पर आंकड़ों के विनियमन संबंधी विभिन्न दृष्टिकोणों के बीच एक बीच का कोई संभावित रास्ता निकालने के लिए ढेर सारी बहस एवं गुंजाइश होनी चाहिए, और यह वर्ष औपनिवेशीकरण नीतियों के राष्ट्रीय आंकड़ों की शुरुआत का वर्ष रहा है।

आंकड़ा विनियमन पर टिके रहना, सीमा-पार आंकड़ों के प्रवाह की इबारत और आरसीइपी दस्तावेज में गणना सुविधाओं की अवस्थिति के कारण आत्मपरक एवं आक्रामक निर्वचनों की प्रचुर मात्रा में गुंजाइश रहती है। इस समझौते ने प्रत्येक देश हेतु बहुउद्देश्यीय मंच पर जांच पड़ताल के बगैर आंकड़ों के लिए कठोर स्थानीयकरण नियम बनाने के विनियामक दरवाजे थोड़ा-बहुत खुले रखे हैं। लगता है कि यह क्लॉज प्रत्येक साझीदार के लिए घरेलू स्तर पर रहेगा लेकिन वैश्विक सहयोग पर इसके भी अपने प्रभाव होंगे। भारत ने कुछ समय के लिए बहुउद्देश्यीय व्यापार/रणनीतिक समझौतों के बहुआयामी शतरंज की बिसात पर स्थगन का आह्वान करने का विकल्प चुना है, जो कि एक बुद्धिमानीपूर्ण कदम है। समस्या को नीचे रखकर उस पर सो जाना और सिसिलियन बचाव अथवा रानी के पहले कदम हेतु आगे बढ़ने से पहले एक ताजा परिप्रेक्ष्य लेकर सामने आना सदैव बेहतर होता है।

## फरमाया



**यह** दुखद विडंबना है कि संविधान दिवस के दिन किसानों के संवैधानिक अधिकारों का दमन किया जा रहा है। खट्टर साइब उन्हें हरियाणा पार करने दीजिए।

– **अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**हमारी** पार्टी का ढांचा गिर चुका है। हमें इसे पुनर्निर्मित करने की जरूरत है। फिर इस ढांचे में जो नेता चुना जाएगा वह काम करेगा।

– **ग़ुलाम नबी आज़ाद**
कांग्रेस नेता



**श्री** आज़ाद कांग्रेस कार्यसमिति के नामित सदस्य हैं और सार्वजनिक रूप से बोलने के बजाए फोन उठाकर किसी से भी बात कर सकते हैं।

– **पवन खेड़ा**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## विदेशी निवेशकों का तांता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने री इन्वेस्ट 2020 एक्सपो का शुभारंभ किया। नवीनीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत विश्व में चौथे नंबर पर है। जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के लिए सौर्य ऊर्जा समेत कई क्षेत्र में निवेशकों को आमंत्रित किया जा रहा। वर्तमान समय में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को हर जगह महसूस किया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता देते हुए,आगामी वर्षों में भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा हब बनना है। वैश्विक स्तर पर भारत में कई विदेशी कंपनियों ने भारी मात्रा में निवेश किया है, जिससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में भारत अक्षय ऊर्जा से चौबीस घंटे बिजली मुहैया करा सकेगा। वर्तमान में भारत 136 गीगावाट नवीनकरण ऊर्जा का उत्सर्जन करता है।री इन्वेस्ट 2020 का विषय सतत ऊर्जा विकास रखा गया है। भारत हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी पैर पसार रहा है, जिसमें आने वाले समय में अपार संभावनाएं हैं। एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी ने अर्थव्यवस्था के पहिए को वापस ट्रैक पर लाने के लिए, एड़ी चोटी का जोर लगा रहे, जिससे कि भारत में व्यापार को बढ़ाते हुए रोजगार की भी संभावनाएं तलाशी जाएं।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

## झूठ और पाखंड

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल कोरोना नियंत्रित करने के मामले में बुरी तरह असफल सिद्ध हुए हैं। उनकी सरकार को रोजाना दिल्ली हाईकोर्ट की कड़ी फटकार खानी पड़ रही है। पिछले लगभग दो महीने में वहां प्रतिदिन नये मिलने वाले कोरोना केस एवं मृतको की संख्या उत्तर प्रदेश, जो आबादी में दिल्ली से 10 गुना है, से अधिक निकल रही है। पर केजरीवाल प्रतिदिन टीवी पर अवतार के समान अवतरित होकर कहते हैं कि उन्होंने जैसे डेंगू पर काबू पाया था, उसी प्रकार कोरोना पर नियंत्रण पा लिया है। उप्र में उनकी पार्टी के झूठे चेहरे संजय सिंह वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोरोना मामले में असफल बताते रहते हैं। वास्तव में आप ने अपना नाम आदतन असत्यवादी पार्टी बना दिया है। ये लोग दावा करते हैं कि दिल्ली के अस्पतालों में कोरोना का इलाज सस्ता व बेहतर है। फिर इतने लोग क्यों मर रहे हैं। कोरोना का सबसे सफल टेस्ट आरटी-पीसीआर दिल्ली में 2400 रुपये में होता है, यूपी में 1600 में तथा हरियाणा में 1200 में। महंगा होने के कारण दिल्ली वाले बिना जांच कराये घूमते रहते हैं और कोरोना फैलाते हैं। पर केजरीवाल इस बात की जरा भी परवाह नहीं कर रहे कि दिल्ली में आरटी-पीसीआर सस्ता किया जाए।

– **आस्था गर्ग,** बागपत रोड, मेरठ

## जानकारी को लेकर संशय

**कोरोनावायरस** से बिगड़ते हालातों के बीच इस वायरस के लंबे समय जीवित रहने की जानकारी सामने आई है। इससे जहां उसकी रोकथाम और प्रसार पर नियंत्रण होगा वही इसकी लंबी अवधि से लोगों में चिंता भी बढ़ सकती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि लोग हालातों के मद्देनजर कदम कदम पर सतर्कता रखें, क्योंकि वर्तमान स्थितियों को देखते इहुए यही एकमात्र चारा है। तभी इस विश्वव्यापी महामारी के विस्तार को रोकने में मदद मिलेगी। कोविड-19 संक्रमण की दर और शुरुआत से ही संक्रमितों की मौत के भयावह होते आंकड़ों ने एक बार फिर चिंता पैदा की है। इस बीच शोधकर्ताओं का दावा है कि कोरोना की प्रकृति और परिस्थितियां के कारण यह लंबी अवधि तक जीवित रह सकता है हालांकि इससे इसके अध्ययन और निष्कर्ष में सहायता मिलेगी और लंबी अवधि की खबर लोगों में चिंता पैदा करती है। अब जो भी हो वैक्सीन आने तक तो लोगों को बड़े सतर्कता के साथ रोना ही होगा तभी इसका फैलाव रुक सकता है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

## क्विक न्यूज

### लोन्हारे पदोन्नति, बने उपसंचालक



**बेमेतरा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय बेमेतरा में वर्तमान में पदस्थ सहायक संचालक सीएल लोन्हारे का राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा सहायक संचालक पद से पदोन्नति करते हुए उन्हें उपसंचालक बनाया गया।

### सत्येंद्र सिंह को मुख्य अभियंता का प्रभार



**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई में अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्य कर रहे सत्येंद्र सिंह को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ निगम भिलाई के मुख्य अभियंता का प्रभार भी दिया गया है! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इसका आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि राज्य शासन के आदेश 28 अगस्त 2020 के द्वारा सत्येंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता को वर्तमान कार्यों के साथ-साथ दुर्ग जिले के समस्त नगरीय निकायों के कार्यों की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्य अभियंता से संबंधित कार्य का प्रभार सौंपा गया है।

# स्वास्थ्य शिविर में टोकन सिस्टम से हो रहा है इलाज

■ **मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 2886 लोगों ने कराया परीक्षण**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट और एक दाई दीदी क्लीनिक के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी शिविरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं!

आयुक्त रघुवंशी शिविर स्थलों में बेहतर व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी कर रहे हैं! निरीक्षण के दौरान आयुक्त चिकित्सक की टीम और मरीजों दोनों से ही शिविर में किसी प्रकार की अन्य कमियों को लेकर संवाद स्थापित कर रहे हैं! निर्धारित समय पर शिविर लग रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली जा रही है! मोबाइल मेडिकल यूनिट में दवाइयों की उपलब्धता एवं लैब के इक्विपमेंट्स सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा निगमायुक्त स्वयं ले रहे हैं। आयुक्त रघुवंशी ने आज जोन क्रमांक एक कोसानाला राधा कृष्ण मंदिर एवं शिवाजी नगर छावनी के मंगल बाजार के स्वास्थ्य शिविर स्थल पर पहुंचे! वहां उन्होंने चिकित्सकों और आने वाले मरीजों से चर्चा की। शिविर स्थल में आने वाले लोगों की पंजी का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने अपंजीकृत संगठित, असंगठित, भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकारो का शतप्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं! शिविर स्थल में कर्मकारों/ मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए फार्म का वितरण किया जा रहा है ताकि इनका पंजीयन हो सके। पंजीयन संबंधित श्रम विभाग से इस कार्य हेतु समन्वय, मानिटरिंग आदि का कार्य अजय शुक्ला को दिया गया है। स्वास्थ्य शिविर में सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के लिए शिविर में आने वाले मरीजों को टोकन का वितरण किया जा रहा है! टोकन वितरण करने से उन्हें अब लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आराम से अपनी बारी का इंतजार कर सकेंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में अब तक 2886 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है। 681 मरीजों का शिविर में लैब टेस्ट किया गया है! 2530 मरीजों को निशुल्क दवाई वितरण किया गया है। दाई दीदी क्लीनिक में 248 मरीजों ने अपना इलाज कराया है जिसमें से 97 का लैब टेस्ट और 213 को निशुल्क दवाई का वितरण किया गया है। भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री स्वयं स्वास्थ्य योजना का बेहतर लाभ लोगों को मिल रहा है। मोहल्ले में ही स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होने पर लोग शिविर में पहुंचकर अपना इलाज करा रहे हैं और स्वस्थ हो रहे हैं! निरीक्षण के दौरान उपायुक्त तरुण पाल लहरें, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू एवं शरद दुबे, जोन के स्वच्छता अधिकारी महेश पांडे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## भीमपुरी तालाब की तीन दशक से सफाई नहीं, चर्मरोग का खतरा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम भीम पुरी के तालाब बीते तीन दशक से सफाई नहीं होने के कारण तालाब की स्थिति दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है जिससे वहां पर नहाने जाने पर अथवा पानी का उपयोग करने पर लोगों को चर्म रोग जैसी गंभीर बीमारी होने की खतरा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है जिला मुख्यालय से दुर्ग रोड में महज 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भीमपुरी ग्राम पंचायत रजकुड़ी के खसरा नंबर 17 एवं 18 (पूर्ण शासकीय भूमि) में स्थित बौली तालाब को 4 दशक पहले समस्त ग्राम भीमपुरी के सिंघरौर कुर्मी समाज द्वारा मिलकर बनाया गया है इस तालाब में आजतक प्रशासन का कोई पैसा नही लगा है।

वर्तमान में बौली तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहा है एक ओर जहां तालाबो को खोज खोजकर सुधारा व उपयोगी बनाया जा रहा है वही इस तालाब का कोई सुध नही लिया गया है इस तालाब का बीते 3 दशक से अधिक समय से गहरीकरण एवं साफ सफाई नही हुआ है तालाब की मिट्टी सड़कर दलदल बन गया है खराब पानी में नहाने की वजह से लोग चर्मरोग के शिकार हो सकते है उक्त बौली तालाब की साफ सफाई एवम गहरीकरण को लेकर समस्त ग्रामवासी भीमपुरी के द्वारा 17 मार्च 2020 को ग्राम पंचायत रजकुड़ी में हुए मासिक मीटिंग में लिखित आवेदन किया गया है लेकिन आजतक बौली तालाब स्वीकृत नही हो पाया है कही तालाब की स्वीकृति में देरी कही इस वर्ष भी साफ सफाई में बाधा न बन जाये।

## गौशालाओं को अधिक अनुदान देने डॉ निर्वाणी ने अध्यक्ष को सौंपी सूची

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भूपेश बघेल कैबिनेट में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजे महंत रामसुंदर दास से किसान कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने बेमेतरा जिले के शासकीय अनुदान प्राप्त गौ शालाओं की सूचि देते हुए उन्हें गौ संख्या के आधार पर अनुदान राशि बढ़ाने और ऐसे गौशाला जिनके अनुदान लंबित हैं उन्हें शीघ्र ही जारी करने के लिए मांग रखी, डॉ निर्वाणी ने गौशालाओं के गोबर को खरीदने में आ रही व्यवहारिक परेशानियों के विषय से भी उन्हें अवगत कराया,गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजे श्री महंत रामसुंदर दास ने त्वरित निराकार करने के लिए आयोग के अधिकारियों को निर्देशित किया उन्होंने बेमतरा के झाल स्थित प्रमोद शास्त्री जी के गौशाला की तारीफ करते हुए शीघ्र ही बेमेतरा जिले में गौशालाओं के निरीक्षण और संवर्धन हेतु दौरा कार्यक्रम भी तय किया है,महंत राम सुंदर दास ने कहा कि किसी भी गौशाला संचालक समूहों या व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की आर्थिक असुविधा नही हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है,मुलाकात के दौरान असंगठित मजदूर कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय , नितिन तिवारी थैलेश झारिया, बजरंगी यादव, विनय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## अस्थायी आबंटन पत्र जारी करने के बावजूद लोगों ने दस्तावेज नहीं किया जमा

■ **आवश्यक दस्तावेज जमा करने एक माह का समय, अन्यथा होंगे अपात्र और होगी बेदखली की कार्यवाही**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

आवासीय योजना बाम्बे आवास, रैश्ने आवास, अटल आवास, आईएचएसडीपी आवास योजना के अवासों में मूल आबंटित के निवास नहीं किये गये आवासों मे कई परिवार किरायेदारी से, क्रय विक्रय या अन्य तरीके से निवास करने लगे है, इन्हें वहीं पर आवास देने के लिये भिलाई निगम द्वारा सर्वे कार्य किया गया, सर्वे के बाद पात्र हितग्राहियों को अस्थायी आबंटन पत्र भी जारी किया गया। अस्थायी आबंटन पत्र जारी करने के साथ ही इन्हें गरीबी रेखा, राशन कार्ड, भिलाई निगम क्षेत्र का मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, बैक पास बुक की छायाप्रति, अन्य किसी जगह पर आवास नहीं होने का शपथ पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र जमा करने कहा गया था। 20 अगस्त 2020 को भी इस बाबत सूचना जारी की गई थी।

परन्तु बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्होंने अभी तक दस्तावेज जमा नहीं किया है। आवासों में आबंटन की कार्यवाही के लिये शासन के वर्ग आरक्षण नियम का पालन भी किया जाना है। जिसके लिये दस्तावेज की आवश्यकता है। दस्तावेज जमा नहीं करने पर जो परिवार अवैध रूप से आवासों में रह रहे है, उन्हें अब अपात्र की श्रेणी में माना जा रहा है। निगम द्वारा इन्हें अवसर प्रदान करते हुए एक माह (30 दिवस) का समय दस्तावेज जमा करने के लिये दिया जा रहा है। बावजूद इसके जमा नहीं करने पर अपात्र मानते हुए ऐसे परिवारों को आवासों से बेदखल कर दिया जायेगा।

यह दस्तावेज जमा करने होंगे जरूरी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा राशन कार्ड, भिलाई निगम क्षेत्र का मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आवास उपलब्ध नहीं होने का शपथ पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज निगम मुख्य कार्यालय के आवास योजना शाखा के कक्ष कं 16 में हितग्राही को स्वंय उपस्थित होकर संपर्क कर जमा करना होगा।

## सेल अध्यक्ष ने आत्मनिर्भर भारत को साकार करने योगदान देने पर जोर दिया

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल के साथ -साथ सीआईआई पीएसई काउंसिल के अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने आज श्पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज आत्मनिर्भर भारत के भविष्य ्विषय पर आयोजित पीएसई सम्मेलन 2020 की अध्यक्षता की। सेल अध्यक्ष ने सम्मेलन के दौरान भारतीय सार्वजनिक क्षेत्रों को देश की आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रभावी और महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहाए ष्बेहतर आर्थिक प्रदर्शन के लिए आत्मनिर्भरता आज की आधारशिला है और यही कारण है कि आत्मनिर्भर भारत हमारे विचारों और कार्यों के अंदर तक समाहित हो गया है। आज का यह सम्मेलन आत्मनिर्भर भारत के इसी जज्बे को और भी आगे ले जाने के लिए आयोजित किया गया है।ष् कोई भी सामान्य उद्योग हो या सार्वजनिक उपक्रम दोनों के लिए ही आज के समय में श्करो या मरोश् की स्थिति महत्वपूर्ण हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाली पूरी पीएसई बिरादरी और उद्योगों के प्रमुख आत्मनिर्भरता की भावना को आगे बढ़ाने में भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की क्षमताओं को अपने भरोसे और विश्वास के साथ और मजबूत बनाएं। यह सम्मेलन वैश्वीकरण के इस युग में विभिन्न पीएसई क्षेत्रों के लिए आत्मनिर्भर भारत के जज्बे पर आधारित कई सत्रों को समाहित किए हुए था। इन सत्रों में उद्योग जगत के कई प्रतिनिधियों ने भाग लियाए जहां आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में योगदान के लिए विभिन्न तरीकों पर विचार.विमर्श हुआ।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर, भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



रामकुमार बर्मन के द्वारा थाना नांदघाट के अपराध क्रमांक 431 /2019 धारा 363,366 भादवि में अपहृता एवं आरोपी के पता तलास हेतु थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी को मार्गदर्शन प्राप्त हुये थे। थाना प्रभारी नांदघाट द्वारा अपहृता एवं आरोपी के पता तलास हेतु मुखबिर लगाया गया था, अपहृता एवं आरोपी पता तलास के दौरान 25.नवं को अपहृता के पिता द्वारा अपहृता को थाना लाकर पेश करने पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर अपहृता को बरामद किया गया। अपहृत पीडिता से महिला अधिकारी द्वारा पुछताछ करने पर बताई कि आरोपी राकेश वर्मा द्वारा मुझे नाबालिग होना जानते हुए भी बहला फुसलाकर भगा कर नांदघाट से लखनाऊ ले जाकर करीबन 3 माह जबरदस्ती लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा, जब आरोपी के पास पैसा खत्म हो गये तो अमरई लखनाऊ से 01 अप्रैल 2020 को मुझे पिता जी के पास में घर पर छोडकर वापस लखनऊ चला गया। 01 अप्रैल 2020 से अब तक अपहृत पीडिता अपने माता - पिता के साथ रह रही थी लाकडाउन की वजह से थाना नही आ सकी। प्रकरण में धारा 368,376 भादवि 5 ठ, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से पृथक से जोड़ी गई।

## अछोली नवीन सेवा सहकारी समिति का विधायक छाबड़ा ने किया उदघाटन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम अछोली में नवीन सेवा सहकारी समिति का विधायक आशीष छाबड़ा ने उद्घाटन किया इसके पूर्व ग्रामीणों नेने विधायक का बाजे-गाजे धुन के साथ भारी अतिशबाजी के बीच फूलों की वर्षा करते हुये भव्य स्वागत किये इस अवसर पर विचार रखते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा किसभी ग्रामवासियो की मांग थी अछोली को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाया,चेटूवा ग्राम पँचायत से ग्राम अछोली को अलग पँचायत बनाया जाये,आप सभी मांग जायज मांग थी,बड़ी खुशी की बात है आज ग्राम अछोली को स्वतंत्र पँचायत का दर्जा मिल चुका है,अछोली पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत बन गया है साथ ही ग्राम अछोली के लिए ऐतिहासिक दिन,स्वर्णिम दिन है,अछोली में नवीन सेवा सहकारी समिति मर्या बन चुका है,अछोली को सेवा सहकारी समिति की स्वीकृति हो गई है,एक तारीख से ग्राम अछोली में आस पास के गाँव अछोली,चेटूवा,अछोली,जमघट,पांहन्दा, के किसान साथियों की धान की खरीदी ग्राम आन्दू सोसायटी से खरीदी किया जायेगा,ये सब प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल के सोच से हो पा रहा है,सन 2000 में छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना 2000 से 2003 तक प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का सरकार था, धान खरीदी की सुरुवात कांग्रेस सरकार की देन है,छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की सुरुवात कांग्रेस की सरकार ने चालू किया ,प्रदेश के मुख्यमंत्री,मंत्रीगण, विधायगण किसान के बेटा है,किसानों के पीड़ा को अच्छे से जानते है समझते है,अन्नदाता किसान दिन रात मेहनत कर अन्न उगाते है,किसानो की पीड़ा को जो सझता है वो प्रदेश की कांग्रेस की सरकार है,मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का मनना है अगर प्रदेश में किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत होगा तभी प्रदेश मजबूत होगा।

## 17 नए सोसायटी खुलने से किसानों को राहत मिलेगी : गुरुदयाल बंजारे

पायनियर संवाददाता ◄ नवागढ़
www.dailypioneer.com




ग्राम पेंड्रीतराई व भैसा में नवीन सेवा सहकारी समिति का उद्घाटन नवागढ़ विधायक व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि पहले कम सोसायटी के कारण किसानों को अधिक परेशानी होती थी, अब क्षेत्र में 17 नए सोसायटी खुलने से किसानों को राहत मिलेगी।धान बेचने ज्यादा दूर नही जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दौरे के समय किसानों की हमेशा शिकायत होती थी कि और नए सोसायटी खुलने चाहिए मैंने उनके बातो को माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया तथा नए सोसायटी खोलने के लिए अनुरोध किया जिसका नतीजा आपके सामने है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं किसानो के लिए जितना कर सकूं कम होगा। सरकार के लिए भी किसान ही पहली प्राथमिकता है। उद्घाटन समारोह को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल और सुरेंद्र तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल, जैन दत्त पूरी, सौरभ निर्वाणी, जनपद पंचायत बेमेतरा के सभापति संतोषी साहू, द्वारिका तिवारी, ईश्वरी साहू, शिवकुमार पाठक, नंद कुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**स्वच्छता टीम के साथ सघन निरीक्षण कर रहे है जोन आयुक्त**

## सफाई व्यवस्था के लिए आयुक्त के निर्देश पर जोन कमिश्नर कर रहे हैं निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई व्यवस्था के लिए निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन कमिश्नर अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं! निगमायुक्त के सख्त निर्देश के बाद प्रातः से सभी जोन के आयुक्त अपने अपने क्षेत्रों का दौरा कर सफाई की गतिविधियों में तेजी लाने के लिए अपनी स्वछता टीम के साथ सघन निरीक्षण कर रहे है! निगमायुक्त श्री रघुवंशी स्वयं फील्ड में जाकर औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं! उन्होंने अधिकारियों को सड़कों की सफाई, चौक चौराहों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, डंपिंग साइट समाप्त करने, नया डंपिंग साइट नहीं बनने देने, नालियों की अच्छी से सफाई, शौचालय की बेहतर व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति, बाजार क्षेत्रों की दो पालियों में सफाई के निर्देश दिए हैं! आयुक्त महोदय के निर्देश के परिपालन में जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 सुनील अग्रहरि ने आज सब्जी मंडी सुपेला, प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान स्वच्छता कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया! जोन क्रमांक 2 की आयुक्त पूजा पिल्ले ने जवाहर नगर एवं देसी शराब दुकान के पास तथा वैशाली नगर क्षेत्र के विभिन्न शौचालयों का निरीक्षण किया।जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 प्रीति सिंह ने पावर हाउस के पास कैंप दो क्षेत्र के श्याम नगर में सफाई व्यवस्था देखी, गंदगी पसारने वाले 5 दुकानदारों पर 900 रुपए जुर्माना भी लगाया।

श्याम नगर के दुकानदार अरुण कुमार से 100 रुपए, सुजीत कुमार से 100 रुपए, रवि कुमार से 100 रुपए, वासनिक होटल से 500 रुपए, तथा प्रेम कुमार से 100 रुपए जुर्माना गंदगी फैलाने को लेकर वसूला गया। जोन क्रमांक चार के आयुक्त अमिताभ शर्मा ने वार्ड क्रमांक 38 के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी, कुछ जगहों पर कचरा पाए जाने पर स्वच्छता कर्मचारियों से सफाई करवाया।

## हाईस्कूल रोड पर गौरी-गौरा विवाह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गौरी गौरा समिति हाई स्कूल रोड बेमेतरा द्वारा देवउठनी के अवसर पर गौरी गौरा विवाह का आयोजन भव्य धूमधाम के साथ किया गया जहां पर भगवान शिव गौरा का बरात मां पार्वती गौरी के घर पहुंचने के बाद विवाह हुआ बराती के रूप में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए इस दौरान झांकी और आतिशबाजी जमकर किया गया गौरा गौरी समिति कार्यक्रम के द्वारा 7 वर्ष पूर्ण होने पर समिति के संचालक संरक्षक दीपेश साहू राजेश्वर साहू दुर्गेश साहू सुशील निर्मलकर के द्वारा वार्ड नंबर तीन एवं पांच के प्रमुख लोगों का सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रुप से नगर पालिका बेमेतरा के पूर्व पार्षद दीपक तिवारी के के त्रिपाठी महेश राजपूत बबलू शर्मा पूर्व पार्षद प्रितेश दीवान पूर्व एडेलमैन गौरव साहू वार्ड नंबर 3 के पार्षद जया साहू राम कुमार वैष्णव सुखी साहू शत्रुघ्न साहू मुरारी साहू डॉ संतोष साहू संतोष पटवारी रामलाल साहू अनुज साहू धरेंद्र वर्मा रानी साहू दिलदार सिंह राजपूत कोमल साहू का सम्मान शाल और श्रीफल से किया गया समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान संरक्षक दीपेश साहू ने किया जिसमें अध्यक्ष पिंटू साहू उपाध्यक्ष सुनील रजक दीनानाथ सुमन साहू जितेन साहू कोषाध्यक्ष अरुण यादव सचिव मिथलेश साहू सरस्वती दुष्यंत साहू सदस्य वासु साहू रितेश साहू आशीष साहू भोला साहू विजय सोनी रमा निर्मलकर योगेश साहू विजय साहू विक्की राजपूत रुपए भानु देवेंद्र गोविंद सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### मोहन गौशाला को गाय व पशु आहार का किया दान



**रायगढ़।** बरमकेला ब्लाक के ग्राम झिंकीपाली के अनिल अग्रवाल सरपंच व मनोज अग्रवाल ने देवउठनी एकादशी पर ठाकुरपाली स्थित मोहन गौशाला को एक गाय व दो बोरा पशु आहार दान किया। गौशाला के संरक्षक महादेव प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि कार्तिक शुक्ल एकादशी को पुराणों में अक्षय पुण्य करने वाली तिथि बताया गया है। माना जाता है कि इस दिन कुछ दा करने से व सत्कर्म करने से अक्षय पुण्य होता है। इस दिन बरमकेला के ग्राम झिंकीपाली के अनिल अग्रवाल व मनोज अग्रवाल ने पूरे परिवार के साथ ठाकुरपाली स्थित मोहन गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से गौ माता व तुलसी चौरा का पूजन किया। एकादशी पर एक गाय बछड़ा सहित व दो बोरा पशु आहार दान किया। गौशाला के संचालक पं. गुरु कुमार त्रिपाठी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर संपूर्ण परिवार पर गौमाता की कृपा बरसने का आशीर्वाद दिया।

## निधन

### भगवान दास अग्रवाल

**सक्ती।** शक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म भगवानदास मुकेश अग्रवाल (गीता बस सर्विस) के संचालक- मुकेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल कालू, मोहन अग्रवाल के पूज्य पिता भगवान दास अग्रवाल का 27 नवंबर दिन-शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार 27 नवंबर को स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में किया गया,अंतिम संस्कार यात्रा उनके निवास वार्ड क्रमांक-04 कोरबा रोड,बंधवा तालाब के ऊपर शक्ति से निकली, भगवान दास अग्रवाल श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति शक्ति के संस्थापक अध्यक्ष विमल किशोर अग्रवाल के जेष्ठ भ्राता थे, तथा उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है, एवं भगवान दास अग्रवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गए।



# बैंक धोखाधड़ी, ऑनलाइन फ्रॉड को लेकर बैंक प्रबंधन के साथ मीटिंग

- एएसपी ने आपसी सामंजस्य को बताया जरूरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी की बढ़ती शिकायतों को लेकर पुलिस नियंत्रण कक्ष में एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा जिले में संचालित 35 बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ली गई। बैठक में एडिशनल एसपी ने बताया कि फ्रॉड और साइबर क्राइम को रोकने बैंक व पुलिस अधिकारियों के बीच सामंजस्य बनाना जरूरी है। सोशल मीडिया, इंटरनेट बैंकिंग के दौर में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। लोग जानकारी के अभाव में अपनी गाढ़ी कमाई ऐसे ठगों के हाथों गंवा रहे हैं। इस पर आपसी समन्वय से त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करके इसका हल निकाला जा सकता है। मीटिंग में एएसपी ने जिले में पंजीबद्ध बैंक धोखाधड़ी अपराधों में आवश्यक दस्तावेज शीघ्र उपलबध कराने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिया गया है। चर्चा दौरान ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ित को रकम वापस दिलाने में होने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण पर चर्चा किया गया। जिससे पीड़ित को त्वरित रूप से राहत मिले। एएसपी बताये कि ऑनलाइन फ्राड के बाद अपराध पंजीयन एवं रकम प्राप्त करने वाले पेमेंट गेटवे को मेल कर ट्रांजेक्शन को होल्ड कराने जल्द से जल्द पीड़ित को आवश्यक दस्तावेज बैंक उपलबध कराए। बैंक के अवकाश के दिनों में ये समस्या अकसर होती है, इसलिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। जिससे इस परेशानी से निजात मिले। उन्होंने बताया कि बैंक में फ्रॉड की शिकायत लेकर आए पीड़ित की हर सम्भव मदद की जाए। उसे सही जानकारी देकर वैधानिक कार्रवाई कराने के लिए सायबर सेल या नजदीकी थाना/चौकी भेजें।

बैंकों की सुरक्षा को लेकर बैंक के अलार्म के रखरखाव एवं बैंक को अंदर एवं बाहर से सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखने के निर्देश दिए तथा बैंक सुरक्षागार्ड को बैंक के गेट पर रहकर अंदर के अंदर व बाहर आने जाने वालों पर ध्यान देने निर्देशित करने बताया गया। एडिशनल एसपी द्वारा अब हर माह पुलिस व बैंक अधिकारियों की रिव्यु मीटिंग आयोजित करने की बात कही गई है। बैठक में एएसपी अभिषेक वर्मा के साथ एएसपी राज कुमार मिंज, सायबर सेल के स्टाफ तथा बैंकों के मैनेजर व स्टाफ उपस्थित थे।

## रिकव्हर किए गए 102 मोबाइलों का एसपी ने किया वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एक सितम्बर को रायगढ़ एसपी आफिस में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा गुम हुए 101 मोबाइलों को उनके स्वामियों को लौटाया गया था। इसके पूर्व 69 गुम मोबाइल सायबर सेल द्वारा ट्रेस कर उनके स्वामियों को लौटाया गया है।

माह सितम्बर के बाद से सायबर सेल को करीब 130 मोबाइल गुम के आवेदन मिले हैं। जिनमें से 102 मोबाइल को सायबर सेल की टीम द्वारा एक माह के भीतर दिगर प्रान्त ओड़िसा के बरगढ़, सम्बलपुर, सुंदरगढ़, उत्तरप्रदेश के मुजफरनगर, झारखंड के रांची, बिहार के पटना, मध्यप्रदेश के सतना तथा राज्य के रायपुर, बिलासपुर, जशपुर, अम्बिकापुर, सूरजपुर, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, बलौदा बाजार, मुंगेली तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ट्रेस कर रिकव्हर किया गया है। शेष जांच प्रक्रिया में है। इस माह रिकव्हर किए गए मोबाइलों में वीवो, रेडमी, सैमसंग, रियली मी, एमआई, ओप्पो के कई महंगे मॉडल हैं। जिनकी कीमत करीब 15,10,000 रुपए हैं।

पुलिस कार्यालय में मोबाइल स्वामियों को मोबाइल वितरण के लिए एक साथ न बुलाकर 71 व्यक्तियों को शुक्रवार की शाम बुलाया गया था। जिन्हें पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अपने कक्ष में मोबाइल सुपुर्द किए। शेष मोबाइल स्वामियों को सायबर सेल, चक्रधरनगर आकर मोबाइल प्राप्त करने सूचित किया गया है । इस प्रकार पिछले छह माह के भीतर पुलिस अधीक्षक के टास्क पर सायबर सेल द्वारा कुल 272 गुम मोबाइल कीमत 35,10,000 रुपए का रिकव्हर किया गया है। रिकव्हर मोबाइल में 10 मोबाइल चोरी कर ले जाने की जानकारी मिली है। जिसमें अपराध दर्ज किया जा रहा है। मोबाइल वितरण दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं एएसपी राज कुमार मिंज वह सायबर सेल स्टॉफ उपस्थित थे। दिगर प्रांत में ट्रेस किए गए मोबाइल धारकों को सायबर की टीम द्वारा शीघ्र मोबाइल लौटाने की हिदायत दिया गया।

## पुछापारा में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के मायावती नगर पुछापारा के युवाओं तथा विचार जागृति के युवाओं के आपसी सहयोग द्वारा मायावती नगर पुछापारा वार्ड में भारतीय संविधान दिवस पर कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पुछापारा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस कोरोना वायरस के मद्देनजर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शालीनता से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम लखेश्वर मिरी(पार्षद), झाड़ूराम जाटवर तथा राम प्रसाद रत्नेश के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ भीमराव अम्बेडकर तथा भारतीय संविधान पर माल्यार्पण अर्जित की। मंच संचालन करते हुए सुरेश जाटवर ने भारतीय संविधान के इतिहास को पुनः अपने शब्दों से उगेखित किया तद्पश्चा लखेश्वर मिरी(पार्षद) ने कहा कि भारतीय संविधान भारत की एकता, अखण्डता तथा न्याय का प्रतिक है।



# मुख्यमंत्री आज शिवरीनारायण आएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री से शिवरीनारायण की जनता को सर्व सुविधायुक्त हॉस्पिटल की सौगात मिल सकती है । मंहत डां. रामसुन्दर दास ने दिलाया जनता को भरोसा। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 29 नवंबर को एक दिवसीय मानस महोत्सव में शामिल होने धर्म नगरी शिवरीनारायण पधार रहे हैं । इसे लेकर एक आवश्यक बैठक महन्त डां.रामसुन्दर दास ने महन्त लाल दास महाविद्यालय सभागार में लिया। जिसमें राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण एवं नगर तथा जिले भर के अनेक स्थानों से गणमान्य नागरिक जन उपस्थित थे। इस बैठक में अनेक लोगों ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने सुझाव रखे। विशेषकर शिवरीनारायण के प्रबुद्ध नागरिकों ने नगर में स्वास्थ्य सुविधा की विस्तार, शिक्षा का विकास, महानदी में स्थाई अस्थि विसर्जन- घाट सहित अस्थि कुंड बनाए जाने, मंदिर पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने, नगर में दमकल वाहन की व्यवस्था किए जाने जैसे सुझाव रखे । जिसे महन्त डॉ. राम सुंदर दास ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अवगत कराने की बात कही है । शिवरीनारायण व इस क्षेत्र की जनता की सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर है। यहां डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को छोटी-छोटी बिमारियों के ईलाज हेतु रायपुर , बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। कमजोर तबके के लोगों के द्वारा इन बड़े शहरों में जाना दुश्वार हो जाता है और उन्हें स्वास्थ संबंधी अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए क्षेत्र की जनता की सबसे पुरानी एवं प्रमुख मांग शिवरीनारायण में सर्व सुविधायुक्त हॉस्पिटल बनवाये जाने को लेकर रही है, जो अब तक उपलब्ध नहीं हो सका है । 29 नवम्बर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से एक दिवसीय शिवरीनारायण प्रवास पर उनके समक्ष जनता की इस मांग को प्रमुखता से रखेंगे । महंत जी ने बैठक में नगर की जनता को यह आस्वश्त किया है कि मुख्यमंत्री शिवरीनारायण क्षेत्र से विशेष स्नेह रखते हैं और वे नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किये जाने की हमारी मांग को अवश्य पूरा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण व इस क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नगर के एक स्थानीय दानदाता परिवार प्रायग प्रसाद केशरवानी ने लगभग 50 वर्ष पूर्व शासन को लगभग 02 एकड़ जमीन दान में दिए हैं। लेकिन शासन की उपेक्षा के कारण इस जमीन पर आज तक सर्व सुविधायुक्त हॉस्पिटल का निर्माण नहीं हो पाया है। शासन और स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण ही इस जमीन के अधिकांश भागों पर अतिक्रमण हो चुका है ।

## ओड़िसा से आ रहा 16 क्विंटल धान जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल पुलिस ने गुरुवार की सुबह दो गाड़ियों से लगभग 16 क्विंटल धान जब्त किया है। धान ओड़िसा की ओर से लाया जा रहा था। पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान गाड़ी रोककर जांच की तो अवैध धान निकला। आगे की कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को सौंप दिया गया है। रायगढ़ जिले में लगातार ओड़िसा की ओर से अवैध धान पहुंच रहा है। पुलिस जांच के दौरान या फिर प्रशासनिक टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। दिसंबर में सरकारी मंडियों में खरीदी शुरू होगी। इससे पहले ही कोचिए और बिचौलिए अपने यहां के खेप को दूसरे राज्यों में खपाने की तैयारी में लगे हुए हैं, लेकिन प्रशासन की इसे रोकने की तैयारी पूरी दिखाई नहीं दे रही है। गुरुवार को जूट मिल पुलिस ने ओड़िसा से रेंगालपाली बॉर्डर से रायगढ़ की ओर से आ रहे धान को पकड़ा है। रेंगालपाली की ओर से एक पिकअप और छोटे मालवाहक में धान लोड कर वापस आ रहा था। वाहन में 16 बोरी धान और पिकअप वाहन में 28 बोरी धान कुल 16 क्विंटल धान लोड किया गया था। ड्राइवरों से पूछताछ करने पर वे धान के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पाए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ आगे की कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को सौंप दिया।

## मुख्यमंत्री शिवरीनारायण क्षेत्र की जनता को बहुत मानते हैं -राजेश्री महन्त

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 29 नवंबर को शिवरीनारायण प्रवास के संदर्भ में आवश्यक बैठक राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने श्री महन्त लाल दास महाविद्यालय के सभागार में लिया जिसमें राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं नगर तथा जिले भर के अनेक स्थानों से आए हुए गणमान्य जन उपस्थित हुए। लोगों ने अपने अनेक सुझाव से राजेश्री महन्त तथा उपस्थित लोगों को अवगत कराया विशेषकर शिवरीनारायण निवासियों ने नगर में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार, शिक्षा का विकास, महानदी में अस्थि कुंड बनाए जाने, मंदिर पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने तथा नगर में दमकल वाहन की व्यवस्था किए जाने का सुझाव रखा जिसे राजेश्री महन्त जी महाराज ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराने की बात कही और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी शिवरीनारायण क्षेत्र से बहुत स्नेह रखते है। उन्होंने एक निवेदन पर शिवरीनारायण के एकदिवसीय मानस महोत्सव में पधारने की अनुमति प्रदान कर दी केवल वे ही नहीं उनके मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी भी यहां आने को उत्सुक हैं। यहां तक कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी पी एल पुनिया के भी आने की सूचना हम सबको प्राप्त हो चुकी हैं। हम सबको इस क्षेत्र की संस्कृति एवं गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम को सफल बनाना है ।उन्होंने कहा कि राम वन गमन पथ में शिवरीनारायण का नाम शामिल करके माननीय मुख्यमंत्री ने इसे जो सम्मान प्रदान किया है उसका संदेश काफी दूर तक जाएगा। आने वाले समय में यह नगर विकसित होगा यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर से भी पर्यटक आएंगे इस की ख्याति विश्व स्तर पर पहुंचेगी यहां का व्यापार उन्नत होगा, लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। हम सब मिलकर के माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति कृतज्ञ हैं। उनके आगमन की प्रतीक्षा शिवरीनारायण और खरौद नगर सहित क्षेत्र के प्रत्येक जनता कर रही है।

## कोसला को श्रीराम वन गमन पर्यटन परिपथ में शामिल करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग की एक अधिकारी से भेंट कर जांजगीर-चांपा जिले में स्थित रामायण कालीन दक्षिण-कौशल के कोसलाधिपति महाराजा भानुमंत की पुत्री एवं भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की माता कौशल्या जी की जन्मभूमि-कोसला को शासन की महत्वकांक्षी योजना श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ में शामिल कर इसे मुख्य केंद्र के रूप में विकसित करने का आग्रह किया है।

डॉ. कैवर्त्य के इस आग्रह को गंभीरता से सुनकर उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए पर्यटन विभाग की उक्त अधिकारी ने कहा कि कोसला को श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ के 75 चिन्हित स्थलों में शामिल कर अगले चरण में विकसित किया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि विभाग को इस संबंध में ज्ञापन मिल चुकी है और माननीय मुख्यमंत्री से भी ज्ञापन की प्रति प्राप्त हो गई है और अगले चरण में इस पर कार्य किया जाएगा, अभी इस हेतु चिन्हांकित नव स्थलों पर कार्य होना है। इस दौरान पर्यटन विभाग के अन्य अधिकारियों सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा भी उपस्थित थे।

## दुर्व्यवहारी समाज के शत्रुओं को मिलेगी कड़ी सजा

- अब बिना मास्क वालो का निगम कराएगा एफ आई आर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





नगर निगम द्वारा लगातार मास्क एवं स्वच्छता को लेकर जुर्माना किया जा रहे हैं। उसी क्रम में शुक्रवार को जिला कलेक्टर के निर्देशन में निगम आयुक्त द्वारा सफाई दरोगा को अलग-अलग क्षेत्र में जुर्माना के लिए भेजा गया। जिसमें कुछ लापरवाह बगैर मास्क एवम छोटे बच्चों के साथ घूम रहे थे। जिन्हें समझाइस देने पर वे निगमकर्मी से हुज्जतबाजी करने लगे। जिनका पुलिस अधीक्षक को उनके नाम एवम फोटोग्राफ्स भेजे गए हैं। साथ ही फोटो प्रकाशित करने आयुक्त ने निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा स्वच्छता सफाई एवं कोरोना बचाव के निर्देश पर लगातार जुर्माना कार्य किया जा रहा है। कार्यवाही दौरान लापरवाही पूर्वक बगैर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के छोटे बच्चों को मार्केट में अपने साथ घूमने वालो को निगम कर्मियों द्वारा समझाइश देने प्रयास किया साथ ही जुर्माना के लिए कहा गया तो उनके द्वारा दुर्व्यहार के साथ किसी को बुला लो मेरा कौन क्या बिगाड़ेगा कहते हुए हुज्जतबाजी किया गया। बताया जाता है कि दो छोटे बच्चों के साथ दो लोग न तो स्वयं मास्क पहने थे न ही बच्चों को मास्क पहनाए थे। इस कदर लापरवाही से कोरोना का संक्रमण होना निश्चित है। आयुक्त ने हुज्जतबाजो का नाम और फोटोग्राफ्स पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कराया है। ताकि इन पर कड़ी कार्यवाही हो सके।

वहीं कई मस्तीखोर को उठक बैठक कराकर भी समझाइश दिया गया। जिस पर निगम आयुक्त ने ऐसे दुर्व्यवहारी समाज के शत्रुओं का फोटो प्रकाशित करने निर्देश दिया। साथ ही अब एफआईआर करने की योजना चल रही है। शहर के लापरवाह व्यक्तियों को समझाया जाएगा कि इस तरह की हरकत करने वालों का लगातार फोटो वायरल नगर निगम द्वारा किया जाएगा।

## पेज 1 के शेष...

### नगरीय प्रशासन सचिव को ...

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को आदेश दिया कि वह महाधिवक्ता कार्यालय को याचिका की एक प्रति उपलब्ध कराएं। ताकि वह शासन से वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ले सकें। कोर्ट ने शासन को भी आरक्षण की वर्तमान स्थिति बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

**आदेश के बाद भी नहीं किया नियमित, नगरीय प्रशासन सचिव को नोटिस-** हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी नगर पालिका में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया। इसे लेकर दायर अवमानना याचिका पर हाई कोर्ट ने नगरीय प्रशासन सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामला जांजगीर-चांपा जिले की नगर पालिका अकलतरा का है। यहां वर्ष 2008 से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में गुड्डी कार्यरत हैं। इन्हें काम करते बारह साल से अधिक हो गया है। इस बीच राज्य शासन ने दस साल से अधिक समय से कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करने के लिए अधिसूचना जारी की। इसके बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया गया। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं करने पर वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। प्रकरण की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने चार माह के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करने का आदेश दिया था। तय समय सीमा के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर उन्होंने हाई कोर्ट में न्यायालय की अवमानना याचिका लगाई। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस गौतम भादुड़ी ने नगरीय प्रशासन सचिव को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### पीएम मोदी 'कोवैक्सीन' पर वैज्ञानिकों ...

ने शहर के बाहर चांगोदर उपनगर में जाइडस बायोलाजिक्स बायोटेक पार्क स्थित प्रयोगशाला का दौरा किया। कम्पनी के चेयरमैन पंकज पटेल और उनके पुत्र तथा प्रबंध निदेशक शरविल पटेल ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी ने टीका विकास और इसके बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। उन्होंने विशेष पीपीई किट पहन कर प्रयोगशाला का दौरा किया और श्री पटेल तथा सम्बंधित वैज्ञानिकों से चर्चा भी की। प्रधानमंत्री ने बाद में ट्वीट कर जानकारी दी कि उन्होंने यहां विकसित की जा रही डीएनए आधारित स्वदेशी टीके के बारे में और जानकारी हासिल की। उन्होंने इससे जुड़ी टीम को बधाई दी और कहा कि सरकार उनके सहयोग के लिए सक्रिय ढंग से काम कर रही है।

### मंत्री परिषद की बैठक : सभी प्रस्तावों पर ...

श्रम विभाग द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ राज्य प्रवासी श्रमिक नीति का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया।

नवा रायपुर अटल नगर में रोजगार निवेश, तथा बसाहट को प्रोत्साहन देने हेतु औद्योगिक क्षेत्र के भूखंडों की वर्तमान प्रीमियम दर को 50 प्रतिशत कम किए जाने का निर्णय लिया गया।

कोविड-19 के संक्रमण की स्थिति में प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भौतिक रूप से शिक्षण प्रारंभ किए जाने के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका तथा छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाएं 10 दिसंबर तथा स्नातक कक्षाएं 15 दिसंबर 2020 से एवं समस्त कक्षाएं एक जनवरी 2021 से प्रारंभ किए जाने के सुझाव पर चर्चा की गई।

## संक्रमण के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज और पिछले सप्ताह में कोरोना से हुए मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कोरोना संक्रमित मरीजों में शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के मृत्यु के प्रकरण अधिक है। इसका मुख्य कारण लक्षण वाले मरीजों द्वारा जांच में लापरवाही और स्थानीय मेडिकल स्टोर से दवाईयां लेकर सेवन करना सम्मिलित है। कलेक्टर ने जिले के सभी बीएमओ को अधिक से अधिक लोगों की कोरोना जांच के लिए सेंपल लेने के निर्देश दिये। पिछले दिनों ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने कोरोना जांच में सहयोग का आश्वासन दिया है यदि ग्रामीण क्षेत्र का कोई व्यक्ति सेंपल देने में लापरवाही करता है तो स्थानीय एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस प्रशासन के सहयोग से जांच कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि कोरोना से संबंधित केश में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। कलेक्टर भीम सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये जिले के मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ सभी डॉक्टरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिलायें।

**जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर**
**इन्द्रावती भवन, नया रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2221614**

क्रमांक-481/जसंसं/2020 — नया रायपुर, दिनांक 28.11.2020

**फोटोप्रिंट तैयार करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा फोटोप्रिंट हेतु आऊटसोर्सिंग सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु योग्य एवं अनुभवी संस्थाओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्तें जनसम्पर्क संचालनालय की वेबसाईट http://dprcg.gov.in/ डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 500 रुपए (वापसी योग्य नहीं) एवं अमानत राशि रूपए 50,000/- का संचालक जनसम्पर्क के नाम से रायपुर में देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक टेक्निकल बिड के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार के संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जाएगी। मात्र उक्त वेबसाईट में संशोधन की जानकारी दी जाएगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रुपये 500/- (वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रुपये 50,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | दिनांक 21.12.2020 समय 2.00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 21.12.2020 समय 3.00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 21.12.2020 समय 4.00 बजे सायं तक |

आयुक्त-सह-संचालक
जनसम्पर्क संचालनालय
नया रायपुर अटल नगर

जी-85277/3

# अभिज्ञा के साथ खूब मस्ती भरी रही दीवाली

चाहे महामारी ने इस साल हमारे समक्ष विभिन्न चुनौतियां प्रस्तुत की हों, लेकिन इस बार की दीवाली ने आशा की एक नई किरण का संकेत भी दिया। अपने दर्शकों को संतुष्ट करने के क्रम में ज़ी टीवी ने दीवाली के उपलक्ष में अपने शो 'कुमकुम भाग्य, जश्न मिलन का' का तीन घंटे का विशेष एपिसोड प्रस्तुत किया। इस शो के प्रशंसक आशा कर रहे थे कि प्रज्ञा लौट कर अभि के घर वापस आ जाए। दर्शकों के अनुसार ये पर्व इस जोड़ी के लिए एक नया प्रारंभ साबित हो सकता था। इसमें दर्शकों को प्रज्ञा का उसकी दादी द्वारा एक बहू के रूप में स्वागत किया जाना अच्छा लगा। इसके बाद अभि और प्रज्ञा की जोड़ी ने आशा दिल में रखते हुए दीवाली की परंपरानुसार पूजा आदि संपन्न की।

शो में मनोरंजन का तत्व तब दुगना हो गया जब अभि ने अपने घर में दीवाली का आयोजन किया जिसमें ज़ी टीवी पर चल रहे सभी शोज़ के प्रमुख कलाकार सम्मिलित हुए जिनमें करन-प्रीता के धीरज धूपर तथा श्रद्धा आर्या, रणबीर-प्राची बने कृष्ण कौल तथा मुग्धा चापेकर, अगस्त्य-छोटी गुड्डन बने सावी ठाकुर तथा कनिका मान, ऋषभ-सृष्टि बने मनित जौरा, तथा अंजुम फकीह व क्रस्टल डिसूज़ा, सुरभि ज्योति, अविनाश मिश्रा तथा विरुष्का मेहता व दीपिका सिंह आदि भी उपस्थित हुए।

जश्न मिलन का, की शूटिंग के समय सृति झा तथा शाबिर अहलूवालिया के एक दूसरे में खोया एक्ट देखकर सभी चकित रह गए।

कुमकुम भाग्य के सितारे रोमांटिक गाने-वे माहीं तथा तू ही यार मेरा पर खूब झूमे और कहना ही होगा कि उनके बीच का सामंजस्य देखते ही बनता था। लेकिन अधिक आश्चर्य की बात ये थी कि हमारे प्रिय अभि और प्रज्ञा ने भी आश्चर्यजनक प्रस्तुति दी और वो भी बिना किसी रिहर्सल के। उनके मूव उनका संतुलन और एक दूसरे से समन्वय तथा अभिव्यक्ति देखते ही बनती थी। दोनों ने नृत्य में एक दूसरे का इतना अच्छा साथ निभाया कि प्रस्तुति में चार चांद लग गए।

अब बात जश्न मिलन का, ऐक्ट की करते हैं जिसके बारे में शाबिर अहलूवालिया ने बताया, 'सृति के साथ ये परफॉर्मेंस बहुत मस्तीभरी रही। हम पहले भी कई ऐक्ट कर चुके हैं लेकिन ये कुछ विशेष था। लेकिन हमें रिहर्सल के लिए समय नहीं मिल सका क्योंकि हम कुमकुम भाग्य की निरंतर शूटिंग कर रहे थे। इसके बाद हम महामारी के चलते किसी से संपर्क नहीं करना चाहते थे। यही कारण था कि हम सीधे सेट पर शूट करने ही आ गए। हम अपने कोरियाग्राफर के साथ रहे और फिर वहां से सीधे शूट पर निकल गए। सबकुछ ठीक रहा और हमें पूरा आनंद आया।'



सृति झा ने बताया, 'ये बहुत अच्छा ऐक्ट था। वहां पर गाने भी अच्छे थे। कोरियोग्राफी सरल और अच्छी थी। अतः हमारे लिए वहां के अनुकूल निभाना आसान था। शाबिर के साथ नाचना सदा से अच्छा लगता है। जश्न मिलन का, की शूटिंग पर बहुत आनंद आया।' सृति और शाबिर एक हुए तो आलिया बनी रेहाना पंडित एक नया ही मोड़ लेकर आ रही हैं। अब अभिज्ञा के जीवन में क्या होने वाला है?

## ट्रेंड बाजार

### प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी नई फिल्म की तैयारी में व्यस्त



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई रोमांटिक फिल्म जिसका अंतरिम नाम 'टेक्स्ट फॉर यू' रखा गया है, की तैयारी कर रही हैं। फिल्म में उनके साथ ग्रैमी पुरस्कार विजेता सेलिन डियोन तथा सैम ह्यूगन भी दिखेंगे।

अपने इंस्टाग्राम संदेश में प्रियंका ने बताया कि वो इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार को प्रारंभ कर देंगी। अपनी तैयारी की उन्होंने कुछ फोटोज़ भी शेयर कीं जिसमें वो काम करने से पहले अपने बाल और नाखूनों को संवारती दिखाई दे रही हैं। फोटो में प्रियंका मास्क पहनकर मैनीक्योर कराती दिख रही हैं जबकि उनके बाल एक प्लास्टिक शीट से कवर किये हुए हैं जिसका अर्थ है कि उनके बाल एक नए रंग में रंगे जाने हैं। अपने संदेश फोटो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'टेक्स्ट फॉर यू' की तैयारी में... ये शुक्रवार को प्रारंभ हो रही है।'

### अनन्या पांडे को अपेक्षाओं और दबाव से लेती हैं प्रेरणा



**नवोदित** अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि 'अपेक्षा और दबाव का एक रोचक पहलू ये है कि ये बातें मुझे प्रेरित करती हैं। मैं इसके प्रति बहुत कृतज्ञ अनुभव करती हूं क्योंकि ये मेरे कॅरियर का प्रारंभ भर है। अभी मैंने बस कुछ ही फिल्में की हैं और मैंने अपने कुछ प्रशंसक भी बना लिये हैं। मैं जब भी किसी सार्वजनिक आयोजन या कहीं जाती हूं तो लोग मेरे पास आकर सेल्फी या संवाद बोलने के लिए कहते हैं।'

### चैरिटी के लिए वीरदास ने बनाया हास्यपूर्ण शो



**वीर** दास लोगों को हंसाने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने एक विशेष शो तैयार किया है जिसका नाम है 'इनसाइड आउट' जिसे वैश्विक स्तर पर नेटलिक्स पर रिलीज़ किया जाएगा। ये परोपकारी कार्यों हेतु धन अर्जित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस 50 मिनट की फिल्म को वीर के लॉकडाउन के दौरान पिछले वर्चुअल शोज़ में से 30 अंशों को जोड़कर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस लॉकडाउन के दौरान दुनिया भर में ऐसा पहली बार हो रहा है कि हर कोई एक समय पर एक ही स्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने बताया, 'मैंने इस साल किसी कॉमेडी के बारे में नहीं सोचा था। लेकिन 2020 को हमारी योजनाओं से क्या लेना देना? हमनें 2020 नेटलिक्स पर साथ में प्रारंभ किया था और साल का अंत भी हम साथ ही करें तो और भी अच्छा होगा।'

### जेनिफर लोपेज़ एलबम कवर हेतु दिया नग्न पोज़



**जेनिफर** लोपेज़ ने अपने प्रशंसकों को एक बार पुनः चकित किया है। 51 वर्षीय इस अभिनेत्री ने अपने एक सिंगल गाने 'इन द मॉर्निंग' के कवर के लिए स्वयं का एक नग्न चित्र खिंचवाया। जेनिफर लोपेज़ ने अपने इंस्टाग्राम पर ये फोटो साझा भी किया है। वो इसमें फोटो खिंचवाने के लिए झुकती हैं जबकि उनका एक हाथ अपने घुटने पर है। वो इसमें अपने मंगेतर एलेक्स रोड्रिग्स से मिली अंगूठी मात्र पहने दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, 'क्या आप चकित हैं। यहां मैं आपके लिए अपने नए सिंगल 'इन द मॉर्निंग' जो शुक्रवार को रिलीज़ हो रहा है, का एक कवर दे रही हूं।'



## नाना-नानी बने धर्मेंद्र-हेमा मालिनी, बेटी अहाना ने दिया जुड़वा बेटियों को जन्म

धर्मेंद्र और हेमा मालिनी नाना-नानी बन गए हैं। दोनों की बेटी अहाना देओल ने जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। अहाना ने खुद इसकी जानकारी इंस्टाग्राम के जरिए दी। अहाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर नोट लिखा, 'हमें बहुत खुशी हो रही यह बताते हुए कि हमारी 2 बेटियां हुई हैं अस्त्रिया और आदिया। 26 नवंबर को दोनों का जन्म हुआ। प्राउड पेरेंट्स अहाना और वैभव वोहरा। एक्साइटेड भाई दारेह वोहरा।' बता दें कि अहाना और वैभव वोहरा की शादी साल 2014 में 2 फरवरी को हुई थी। जून 2015 में दोनों के बेटे का जन्म हुआ था। मालूम हो कि ईशा की तरह अहाना भी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अहाना ने फिल्म गुजारिश के लिए संजय लीला भंसाली को असिस्ट किया था। फिल्म में +तिक रोशन और ऐश्वर्या राय बच्चन मुख्य भूमिका में थे। बताते चलें कि पिछले साल जून में ईशा देओल ने एक बेटी को जन्म दिया था। उन्होंने बेटा का नाम मिराया रखा है। मुंबई मिरर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान ईशा देओले ने बताया था कि, दोनों बेटियों के नाम का कनेक्शन भगवान कृष्ण से है। उन्होंने कहा कि जब श्रीकृष्ण राधा की पूजा करते हैं तो इसे राध्या कहा जाता है जबकि मिराया श्रीकृष्ण की भक्त हैं। उन्होंने आगे कहा,' दोनों बेटियों के नाम में कुछ समानता है और मुझे सुनकर अच्छा लगता है जब राध्या और मिराया एक जैसे साउंड करते हैं।

## राजू श्रीवास्तव भी हैं हप्पू के प्रशंसक



अपने विशिष्ट हास्य शैली के लिए जाने जाने वाले हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव ने बताया कि वो एंड टीवी के शोज़-भाभी जी घर पर हैं तथा हप्पू की उल्टन पल्टन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। इन दोनों ही शोज़ में कानपुर की विशिष्ट शैली को एक नई पहचान दी है। ज्ञात हो कि राजू भी कानपुर के ही निवासी हैं और वो इन शोज़ के हाई वोल्टेज फैन हैं। अपने इन प्रिय शोज़ के बारे में राजू ने बताया, 'मैं कानपुर का ही हूं और मैं और मेरा परिवार इस शो को बहुत पसंद करता है। इन दोनों ही शोज में एक अपनापन है और इनमें धांसू कनपुरिया जुमले बोले गए हैं जो सभी को हंसाते हैं। हमनें इनके एक भी एपिसोड को मिस नहीं किया है। मैं हप्पूसिंह और उसके परिवार को बहुत पसंद करता हूं। उनके बीच की नोंकझोंक और कनपुरिया संवाद जैसेः न्यौछावर कर दो, अरे दादा, गुर्दे छील देंगे, घुइयां के खेत में, कंटाप, निंबू निचोड़ देंगे, भौकाल, चिरांद मुझे बहुत प्रिय हैं। सभी कलाकारों का चिकाई करने का अंदाज निराला है।

## बेहद मजेदार है वरुण धवन और सारा अली खान की कॉमेडी



वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म कुली नंबर 1 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी से भरपूर है। ट्रेलर में वरुण धवन की कॉमिक टाइमिंग कमाल की दिखाई दे रही है। वहीं, सारा अली खान की कॉमेडी और क्यूटनेस काफी अच्छी लग रही है।

ट्रेलर देखने से पता चलता है कि डायरेक्टर डेविड धवन ने फिल्म को एंटरटेनिंग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म का पिक्चराइजेशन कमाल का है। वरुण धवन अलग-अलग कैरेक्टर में नजर आ रहे हैं। परेश रावल ने सारा अली खान के पिता का रोल निभाया है। वहीं, जॉनी लीवर कॉमेडी भी हंसने पर मजबूर कर रही है।

मालूम हो कि यह फिल्म 1 मई को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना वायरस की वजह से टाल दी गई। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म को ओटीटी प्लैटफॉर्म पर अमेजन प्राइम पर रिलीज करने का निर्णय लिया था।

फिल्म में परेश रावल, जावेद जाफरी, जॉनी लीवर और राजपाल यादव भी दूसरे कलाकारों के साथ नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने किया है। 25 दिसंबर 2020 को अमेजन प्राइम वीडियो पर फिल्म कुली नंबर 1 को रिलीज किया जाएगा।

यह फिल्म साल 1995 में आई कुली नंबर 1 का रीमेक है। इस फिल्म में गोविंदा और करिश्मा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को भी डेविड धवन ने डायरेक्ट किया था। हालांकि, वरुण ने एक इंटरव्यू में कहा था कि यह फिल्म पुरानी वाली से काफी अलग होगी।

## जब गौरी करती थीं पार्टी, तब सुहाना, अनन्या और शनाया का घर पर ध्यान रखते थे शाहरुख खान

शाहरुख खान को अपने तीनों बच्चों से बहुत प्यार है। वह हमेशा तीनों को लेकर काफी प्रोटेक्टिव रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जब गौरी खान पार्टी करती थीं तब शाहरुख सुहाना के साथ-साथ उनकी दोस्तों का भी घर में ध्यान रखते थे। संजय कपूर की पत्नी महीप ने यह खुलासा किया है। दरअशल, एक रिएलिटी शो में महीप ने बताया कि लंदन में जब वह गौरी, चंकी पांडे की पत्नी भावना और नीलम कोठारी पार्टी में बिजी रहती थीं तब शाहरुख घर पर सुहाना, शनाया कपूर और अनन्या पांडे का ध्यान रखते थे।





अनन्या और शनाया का शाहरुख के साथ अच्छा बॉन्ड है क्योंकि दोनों ने किंग खान के साथ खूब क्वालिटी टाइम स्पेंड किया है। शनाया को तो शाहरुख अपनी बेटी की तरह मानते हैं। वैसे तीनों दोस्तों में से अनन्या बॉलीवुड में एंट्री ले चुकी हैं, वहीं रिपोर्ट्स की मानें तो सुहाना और शनाया भी जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। बता दें कि शनाया ने जाह्नवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेना द कारगिल गर्ल में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया है। सुहाना खान की बात करें तो उनका एक्टिंग में काफी इंट्रेस्ट है। वह कई प्ले में एक्ट कर चुकी हैं। उनकी एक शॉर्ट फिल्म भी रिलीज हो चुकी है जिसमें उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया था।

बता दें कि एक बार शाहरुख ने कहा था कि अगर सुहाना कभी बॉलीवुड में आना चाहेंगी तो उससे उन्हें काफी खुशी होगी। शाहरुख ने कहा था, 'लोगों को लगता है कि ये इंडस्ट्री लड़कियों के लिए सुरक्षित नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि ये इंडस्ट्री काफी अच्छी है और मैं चाहूंगा कि मेरी बेटी भी इस इंडस्ट्री से जुड़े।'

## इंडियन आइडल की टीम 'द कपिल शर्मा शो' पर

इंडियन आइडल का नया 12वां सीज़न इसी सप्ताह प्रारंभ होने वाला है। अतः इसके जज हिमेश रेशमियां तथा विशाल ददलानी का द कपिल शर्मा शो पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके साथ आदित्य नारायण भी होंगे जो शो के होस्ट होंगे। मस्ती और हास्य के अलावा दर्शकों के लिए इसमें अधिक कुछ नहीं है। इसमें इंडियन आइडल के कुछ प्रतिभागियों से भी मिलने का दर्शकों को सौभाग्य मिलेगा जिसमें मोहम्मद दानिश, शन्मुख प्रिया,



सिरेशा भागवतुला, आशीष कुलकर्णी तथा अंजलि गायकवाड़ के नाम शामिल हैं। इन सभी गायकों ने कपिल शर्मा शो पर अपनी जुगलबंदी से सभी को चकित कर दिया। यदि इसे टीज़र कहा जाए तो इंडियन आइडल के 12वें सीज़न की प्रतीक्षा करना कठिन हो जाएगा जो नवंबर 28 को प्रीमियर होगा और हर शनि और रविवार को रात 8 बजे से प्रसारित होगा।






# मिशन रिचार्ज- युवा अध्यक्ष के स्वागत में भाजयुमो ने दिखाया धैर्य, पहले ही दौरे में कांग्रेस रही निशाने पर

## शक्ति प्रदर्शन से दूर रहे प्रमुख दावेदार, कोरोना प्रोटोकॉल को दी प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजयुमो के नवनियुक्त अध्यक्ष अमित साहू के पहले राजनांदगांव दौरे में भाजयुमो नेताओं ने भरपूर धैर्य का परिचय दिया। अपने अध्यक्ष के स्वागत को लेकर भाजयुमो नेताओं ने अपनी तैयारियों में समझ दिखाई। इस दौरान अध्यक्ष का स्वागत ग्रामीण क्षेत्र देवादा से शुरु हुआ। इसके बाद वे मानवमंदिर चौक पहुंचे जहां उत्तर और दक्षिण मंडल के भाजयुमो नेताओं ने उनका मालाएं पहनाकर स्वागत किया। यहां अध्यक्ष साहू को धान से तौला गया। यहां भारत माता चौक होते हुए लखोली पहुंचे अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यहां से होते हुए भाजयुमो नेताओं के साथ अध्यक्ष साहू पार्टी कार्यालय पहुंचे जहां बैठक के दौरान उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त करते हुए आगे की रणनीति पर बात की। यहां से निकलकर अध्यक्ष साहू कर्मा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

अक्टूबर में भाजयुमो की कमान संभालने वाले भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू का जिले में यह पहला दौरा था। वे लगातार प्रदेश के जिलों का दौरा कर रहे हैं। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्यूंकि इसके बाद ही भाजयुमो के नए जिला अध्यक्ष और फिर मंडल अध्यक्ष तय किए जाएंगे। ऐसे में संभावना थी कि भाजयुमो नेता अपने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में पूरा दम लगा देंगे। लेकिन आश्चर्यजनक रुप से भाजयुमो नेताओं ने परिस्थिति को देखते हुए धैर्य का परिचय दिया। यहां जुटे दावेदार अपने कम से कम समर्थकों के साथ स्वागत के लिए पहुंचे ताकि कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पालन किया जा सके। वहीं कार्यकर्ताओं ने भी इस मामले में अपने नेताओं का अनुशरण किया।

### कार्यकर्ता हुए रिचार्ज

प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के दौरे से भाजयुमो नेता-कार्यकर्ता रिचार्ज हुए हैं। जिला और मंडल अध्यक्षों की सूची में दर्जनों नाम शामिल हैं और सभी अपने स्तर पर प्रयासरत हैं। बावजूद इसके साहू के दौरे के दौरान सभी ने एकजुटता दिखाई। युवा नेताओं में किसी तरह की गुटबाजी न होना भाजयुमो के लिए राहत की बात है। वहीं अध्यक्ष साहू अपने स्वागत कार्यक्रम से गदगद नज़र आए। उन्होंने अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। शहर आगमन पर भाजयुमो कार्यकर्ताओ ने साहू का जोशीला स्वागत करते नारेबाजी की। बाद में खुले वाहन मे लेकर कार्यकर्ता उन्हें मानव मंदिर चौक तक ले गए। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महामंत्री किशुन यदु ,आलोक श्रोती, भावेश बैद, मोनू बहादुर सिंह, गोलू गुप्ता, सुमीत भाटिया, आकाश चोपड़ा, गगन आईच, शरद सिन्हा, विवेक शर्मा, प्रखर श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

### हमलावर हुए अध्यक्ष

राजनांदगांव के पहले दौरे पर पहुंचे अध्यक्ष अमित साहू कांग्रेस पर हमलावर दिखे। उन्होंने खुले मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए इसे निकम्मी सरकार करार दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि पिछले दो सालों में कांग्रेस सरकार की कारगुजारियों ने साबित किया है कि वे झूठे वायदे कर सत्ता में आई है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुहिम शुरू करने के इरादे के साथ अमित साहू ने कहा कि संगठन के युवा साथियों को लेकर समूचे प्रांत में विरोध किया जाएगा साथ ही हर कार्यकर्ता को किसानों के बीच पहुंच कर सरकार की नितियों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा साथियों के साथ अगली बार भाजपा सरकार वापस लाने कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेंगे।

### नई पारी की तैयारी

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। विपक्ष में रहते हुए युवा विंग की सक्रियता पार्टी के लिए बेहद अहम है। इसे देखते हुए ही नई टीम तैयार करने की तैयारियां जारी हैं। युवा अध्यक्ष प्रदेशभर के दौरे के दौरान ही संगठन में सक्रिय ऊर्जावान युवाओं से रुबरु हो रहे हैं। इससे पहले संगठन तय कर चुका है कि युवा मोर्चा में इस दफा 35 का फैक्टर लागू किया जाएगा। इसका मतलब यह कि संगठन में 35 वर्ष की उम्र के भीतर के कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। पायनियर से बातचीत में भी अध्यक्ष साहू यह स्पष्ट भी कर चुके हैं। ऐसे में अध्यक्ष के इस दौरे को मिशन रिचार्ज के तौर पर भी देखा जा रहा है।

# युवा हो रहें है ऑनलाइन ठगी के शिकार, पहचान छिपाने की जरुरत

■ फेसबुक मैसेंजर से ठगने की कोशिश युवा रहें सावधान- युवा संगठक : सुखेन साहू

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

लोगों को बदलते समय के साथ सुविधाएं तो मिली लेकिन सुविधाओं के साथ-साथ नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। आज के समय के अनुसार प्रत्येक युवाओं के पास स्मार्टफोन आ गया है जिसके माध्यम से घण्टो के काम को एक स्मार्टफोन के माध्यम से मिनटों में कर रहें हैं। लेकिन सुविधाओं के साथ साथ टेक्नोलॉजी में बहुत सारी खामियां भी हैं। ऑनलाइन के इस जमाने मे भारी नुकसानी भी उठाना पड़ सकता है। ऐसा ही घटना वनांचल क्षेत्र के युवाओं के साथ भी हो रही है। जहां फर्जी फेसबुक आईडी के माध्यम फर्जी मित्र बनकर अपने ही दोस्तों को लूटने की कोशिश की जा रही है। आजकल छोटे छोटे बच्चे भी फेसबुक चला रहें हैं जिन्हें फेसबुक का महत्व भी पता नहीं है। ऐसे बच्चों के माता पिता को भी इस तरह की भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**युवा कर रहें हैं लोगो को जागरूक :** युवा एवं खेल मंत्रालय अधीनस्थ नेहरू युवा केन्द्र राजनांदगांव के निर्देशन में समय समय पर समाज मे हो रहें भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि लोग ठगी का शिकार न हों। खासकर आजकल के युवा ज्यादा ठगी का शिकार हो रहें हैं इसके लिए नेहरू युवा केन्द्र राजनांदगांव द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।

### फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से ठगने की कोशिश

आजकल युवाओं को ठगने के लिए शातिर चोर एक नया तरीका अपना रहे हैं। युवाओं को फेसबुक में मित्र बनाकर मैसेंजर के माध्यम से मीठी मीठी बात कर ठगने की कोशिश करते हैं। ऐसा ही वाक्या वनांचल ब्लाक छुरिया के ग्राम बखरूटोला के युवा खेमलाल साहू के साथ हुआ। खेमलाल साहू के फेसबुक आईडी को शातिरों ने चुरा कर जितने भी खेमलाल के खास मित्र थे उनको अस्पताल में हूँ अर्जेंट पैसे की आवश्यकता है, इस तरह की मनगढ़ंत बातें बनाकर लूटने की कोशिश की। फोन- पे या गूगल पे के माध्यम से पेमेंट भेजने के लिए फंसाने लगा था। क्षेत्र के ग्राम हालेकोसा से मुकेश मंडावी,अश्वनी साहू, पैरीटोला से सुखेन साहू, लालुटोला के लोमन साहू, हेमंत साहू, और न जाने कितनों को एक साथ फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से ठगने की फिराक में था। लेकिन जैसे ही पता चला खेमलाल ने तुरंत आईडी को ब्लाक किया। गर ऐसा न होता तो शातिर चोर लाखों का चुना लगा सकता था।

# बारदाने की किल्लत, पीएमजीएसवाय के लिए पैसों की कमी, शौचालय निर्माण में लापरवाही की शिकायत

■ मानपुर जनपद पंचायत में अध्यक्ष गीता साहू ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मानपुर जनपद पंचायत में 26 नवम्बर को राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने जनपद पंचायत के सभागार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि कोविड - 19 के मामले में मानपुर में कम आ रहे हैं। पॉजिटिव रिपोर्ट वाले मरीजों को स्वस्थ केंद्रों में सुविधाए उपलब्ध कराई जा रही है।

मनरेगा पीईओ ने अध्यक्ष श्रीमती साहू को जानकारी देते हुए बताया कि 6 हजार 334 मजदूर मनरेगा में काम कर रहे हैं। 2 हजार 36 काम चल रहे हैं जिसमें 536 काम पूर्ण हो चुके हैं। मानपुर जनपद में कुल 47 गौठान निर्माण स्वीकृत हुए थे जिसमें से 40 पूर्ण हो चुके हैं। धान चबूतरा निर्माण 3 पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही धान खरीदी से पहले यहां बारदाने की कमी का मामला भी अध्यक्ष के सामने रखा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि मानपुर जनपद में एक हजार 160 हितग्राहियों को मिलना है। 488 हितग्राहियों को आवास मिल चुका है। लेकि अब इसमें भी हितग्राहियों को किस्त नहीं मिल पा रही है जिसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि स्कूल बंद है लेकिन स्मार्ट टीवी क्लास जारी है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने हिदायत दी कि बच्चों को अपने स्तर पर पूर्ण पढ़ाई में सहयोग करें ताकि बच्चे पढ़ाई से दूर ना रहेऔर पढ़ाई पर बिल्कुल लापरवाही ना करें।

# कोविड अस्पताल में मौत के मामले पर जांच शुरु

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोविड अस्पताल में 15 नवंबर को खैरागढ़ निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति की ऑक्सीजन की कमी से हुई मौत के मामले में प्रशासनिक जांच शुरु हो गई है। अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे ने इस मामले में आज ड्युटी डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी सहित अन्य जिम्मेदारों के बयान लेते हुए उनसे पूछताछ की है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में 18 बिंदुओं पर जांच की जा रही है। 28 नवंबर को सुबह 11 बजे अस्पताल पहुंचे जांच अधिकारी मारकंडे ने जांच शुरु की।

मृतक की पुत्री की शिकायत पर कलेक्टर ने इस जांच के आदेश दिए थे। दरअसल, बीते पखवाड़े कोविड अस्पताल में लापरवाही के चलते हुई कोरोना संक्रमित 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत का मामला प्रदेश भर में गर्म है। इस मामले में कई जांच चल रही है। स्वास्थ्य संचालनालय ने भी इस मामले में अस्पताल प्रबंधन से जवाब मांगा है। दूसरी ओर पुलिस प्रशासन भी इस मामले में जांच के आदेश दे चुका है हालांकि ये जांच अब तक शुरु नहीं हो सकी है। वहीं अस्पताल प्रबंधन भी अपने स्तर पर इस मामले में जांच कर रहा है। जांच के शुरुआती पड़ाव में ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी मेसर्स रामा गैसेस का टेंडर निरस्त करने का फैसला पहले ही किया जा चुका है। हालांकि अब तक ऑक्सीजन सप्लाई का कार्य किसी और फर्म को देने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### कौन कौन हैं जांच के दायरे में

जांच अधिकारी सीएल मारकंडे द्वारा की जा रही इस जांच में कोविड अस्पताल प्रबंधन सहित कई अन्य जांच के दायरे में हैं। शुरुआती तौर पर इन्हें दोषी माना जा रहा है जिनसे बयान और पूछताछ का सिलसिला शनिवार से शुरु हो चुका है। जांच अधिकारी ने मृतक के अस्पताल में दाखिल होने, उन्हें दिए गए उपचार की जानकारी मांगी है। इसके अलावा उन्होंने इस पूरी अवधि में ड्यूटी डॉक्टर, स्टॉफ नर्स और उनकी उपस्थिति सहित मरीज की देखरेख की जानकारी भी मांगी है। कुल 18 बिंदुओं के तहत होने वाली इस जांच में ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी भी शामिल है। प्रबंधन से जानकारी मांगी गई है कि ऑक्सीजन सप्लाई के लिए फर्म को किन शर्तों पर अनुबंधित किया गया था। इस जांच में इस सवाल को भी शामिल किया गया है कि फर्म ने मरीज की मौत से पहले कितनी ऑक्सीजन सप्लाई की थी। निशाने में आए डॉक्टर और स्टॉफ नर्स पर लापरवाही के इस मामले प्रबंधन ने क्या कार्रवाई की इसका भी विवरण मांगा गया है।

# अंजुम अल्वी बनाए गए बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के सदस्य

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंजुम अल्वी को केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की अनुंशसा के आधार पर राजनांदगांव जिले की बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में सदस्य नियुक्त किया है। कांग्रेस के कद्दावर नेता अल्वी को अल्पसंख्यक समुदाय से होने के चलते जिला समिति में प्रतिनिधित्व मिला है। श्री अल्वी को सर्वहारा वर्ग में जाना जाता है।

90 के दशक में मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के महामंत्री रहे श्री अल्वी कांग्रेस की राजनीति से अरसे से जुड़े हुए है। बताया जाता है कि प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके नाम को समिति में शामिल किए जाने की सिफारिश की थी। वह इंदिरा फैंस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। वे युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रहे हैं।

कांग्रेस के प्रति निष्ठा रखने के साथ वह सामाजिक सरोकार को लेकर भी संवेदनशील रहे है। यही कारण है कि कोरोनाकाल में भी उनके नेतृत्व में जनहित में महत्वपूर्ण कार्य किया गया।

बताया जाता है कि संगठन के प्रति जवाबदेही होने के कारण प्रदेश नेतृत्व और सरकार के रणनीतिकारों ने उन्हें सदस्य नियुक्त किया है। अल्वी ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, कांग्रेस विधायकों व संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## प्राधिकरण व आयोग से 40 लाख के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

# अनुसूचित जाति की प्रगति राज्य सरकार की प्राथमिकता : भुवनेश्वर बघेल

■ धौराभाठा में सौगात गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नमूना : विधायक

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




जनपद पंचायत क्षेत्रांर्गत आदर्श ग्राम धौराभाठा में लगभग 40 लाख के निर्माण कार्यो के लिए भूमिपूजन किया गया। पिछड़ावर्ग प्राधिकरण व अनुसूचित जाति आयोग से स्वीकृत उक्त निर्माण कार्यो के लिए अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष व डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल के मुख्यआतिथ्य तथा राज्य ग्रामीण व पिछड़ावर्ग विकास प्राधिकरण अध्यक्ष तथा डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू की अध्यक्षता में निर्माण कार्यो के लिए आधारशिला रखी गई। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, विशिष्ट अतिथि जिपंसदस्य महेन्द्र यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा व क्षेत्रीय जनपद सदस्य मीनाक्षी देशलहरे बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मिलित हुए।

उल्लेखनीय है कि 5 वर्षो पुर्व कबीरपंथ के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संत समागम से प्रदेशभर में पहचाने जाने वाले ग्राम में वर्तमान राज्य ने प्राधिकरण व आयोग के माध्यम से विकास व निर्माण कार्यो की सौगात दी है। भूमिपूजन अवसर पर मुख्यअतिथि आयोग अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल ने कहा कि राज्य सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनुसूचित जाति क्षेत्र को भी प्राथमिकता में रखते हुए समाज के सर्वागींण विकास की नीति व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। समाजिक कार्यो में सक्रिय रहते हुए जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद भी सामाजिक स्तर पर सेवाएँ देते आ रहे हैं। इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री ने उन्हे डोंगरगढ़ विधायक निर्वाचित होने के बाद प्रदेशभर के दूरस्थ अनूसूचित ग्रामों तक विकास की गति तेज करने के आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि धौराभाठा डोंगरगांव विधानसभा का इकलोता गांव है, जहां ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं अनूसूचित जाति आयोग के माध्यम से विकासकार्यो की स्वीकृति मिली है। विधायक ने निर्माणकार्यो की मानिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण में योगदान देने अपील की।

कबीर संत समागम से प्रदेशभर में प्रख्यात हुए धौराभाठा में उद्यान निर्माण, आंतरिक स्ट्रीट लाईटें, बोरखनन, स्टोनकार्य व नालीनिर्माण के भूमिपूजन अवसर गांव में दो-दो विधायकों तथा प्राधिकरण व आयोग के आगमन से ग्रामीण गदगद नजर आए। उक्त अवसर पर स्कूली बच्चों ने योगशिक्षक अलखराम साहू के मार्गदर्शन में कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। भूमिपूजन समारोह में जिला महामंत्री किसान कांग्रेस महेन्द्र साहू, सरपंच पितांबर देशलहरे, उपसरपंच खेमूराम वर्मा के अलावा महिलाएँ व बुजुर्गजन सहित ग्रामवासीजन उपस्थित थे।

### गांवो में छग की आत्मा

जपंअध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा गांवों में बसती है। मुख्यमंत्री अपने विधायकों के माध्यम से गांवों में भी नगर व कस्बे जैसे बुनियादी ढांचा विकसित करते हुए हाईमास्ट लाईटें व उद्यान की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं। जिपंसदस्य महेन्द्र यादव ने कहा कि जिले में प्रदेश के मुखिया ने दो विधायकों को अनुसूचित व पिछड़ावर्ग की प्रगति के लिए जिम्मेदारी देकर जिले का गौरव बढ़ाया है। जपंउपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों के माध्यम से गढबो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को परिलक्षित कर एक जत्थे में आधादर्जन कार्यो की सौगात दी है।

## क्विक न्यूज

### टोकन लेने किसानों को समितियों में लाइन लगाना पड़ रहा

**बिलासपुर।** एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ हो रही है। खरीदी प्रारंभ होने से पहले राज्य शासन ने किसानों को समितियों के जरिए टोकन जारी करना प्रारंभ कर दिया है। टोकन लेने के लिए किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा बनाई गई समितियों में लाइन लगाना पड़ रहा है। बीते दो दिनों से जिले के किसान समितियों में नजर आ रहे हैं। राज्य शासन के निर्देशों पर गौर करें तो किसानों को टोकन देते वक्त खरीदी की तिथि का समितियों को जिक्र करना होगा। टोकन में यह बताना होगा कि समिति किसान का धान किस तिथि में खरीदेगी। उसी तिथि में किसानों को समिति में आकर अपना धान बेचना होगा। बीते दो दिनों में जिले के 800 किसानों को समितियों के जरिए टोकन जारी किया गया है। खरीदी के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल का भी पालन करना अनिवार्य किया गया है। टोकन देते वक्त इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि खरीदी केंद्रों में किसानों की भीड़ ज्यादा ना हो।

# धौरपुर-बरियों जर्जर मार्ग पर फंसा ट्रक, घंटों लगा रहा जाम

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सरगुजा जिले के प्रमुख बायपास धौरपुर-बरियों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। खस्ता हालत के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। शनिवार को खाद लोड ट्रक कोतरी नाले के समीप फंस जाने के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रही।

प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड वाहनों के आवागमन से मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों के हो जाने से धौरपुर से बरियों की दूरी महज 16 किलोमीटर है परंतु इस दूरी को तय करने में एक घंटे का समय लगता है। वहीं जगह जगह सड़क के साइड सोल्डर के कटाव के कारण दोपहिया एवं छोटे चार पहिया वाहन चालकों को बड़े वाहनों को साइड देने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है आए दिन दो पहिया वाहन चालक इस जर्जर एवं गड्ढों से भरे मार्ग पर आवागमन करते दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं।

यही नहीं भारी और ओवरलोड वाहनों के सामने आने पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चालक साइड नहीं दे पाते। भारी वाहन ओवरलोड होने की वजह से सड़क से वाहन को उतार छोटे वाहनों को साइड देना मुनासिब



नहीं समझते। वहीं छोटे दो पहिया चार पहिया वाहनों को हिचकोले खाते हुए मंजिल तक पहुंचना पड़ता है। इसी मार्ग से धौरपुर ग्राम के सैकड़ों ग्रामवासियों एवं अंबिकापुर में कार्यरत कर्मचारियों साथ ही अंबिकापुर निवासरत धौरपुर में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों प्रतिदिन आवागमन होता है। रोज आवागमन करने वाले ग्रामवासी एवं कर्मचारी जान हथेली पर लिए इस जर्जर गड्ढों से भरे खस्ताहाल मार्ग पर आवागमन करने के लिए बाध्य हैं। इस बीच शनिवार को सहकारी समिति धौरपुर में किसानों को रबी फसल हेतु खाद वितरण के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अंबिकापुर से ट्रक में डीएपी खाद लोड कर धौरपुर सहकारी समिति में पहुंचाने आ रहा था जो धौरपुर से केवल तीन किलोमीटर दूर स्थित कोतरी नाला पुल की चढ़ाई पर भारी वाहनों के आवागमन के कारण हुए बड़े गड्ढे में ट्रक का पिछला पहिया जा धसा।

खाद लोड ट्रक के फंस जाने से बरियों-धौरपुर मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। तकरीबन चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से जेसीबी से खाद लोड ट्रक को बाहर निकाला गया। तब जाकर धौरपुर बरियों मुख्य मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका।

**संसदीय सचिव के निर्देश के बाद भी सुधार नहीं-** कुछ माह पूर्व खस्ताहाल 16 किलोमीटर सड़क की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को धौरपुर थाने में बुलाकर संसदीय सचिव लोक निर्माण विभाग चिंतामणि महाराज ने निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद मिटटी मुरम से गड्ढों को पाटने की शुरुआत की गई थी। इसके बाद अधिकारी भूल गए। लगातार जनप्रतिनिधि भी इस सड़क को ठीक करने की मांग कर रहे हैं पर सड़क की स्थिति नहीं सुधर रही।

**कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है-** अंबिकापुर -रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे बरियों धौरपुर मार्ग की हालत इतनी खस्ता है कि यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। इसी मार्ग पर सरगुजा जिले का सर्वाधिक क्रशर प्लांट है जहां हर रोज लाखों की गिट्टीयां परिवहन की जा रही हैं।

# किसानों से ठगी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

फलदार वृक्ष लगाने के एवज में किसानों से इंडिया बायोटेक के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले ठगबाजों को धर दबोचने में बिलासपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मिली जानकारी के अनुसार किसानों को फलदार वृक्ष के नाम पर ठगी की जाती थी। यह गिरोह किसानों को ऑर्गेनिक खाद्य का डीलरशिप देने के नाम पर भी ठगा करता था। जिसकी शिकायत पुलिस को किसानों से लगातार मिल रही थी।इस आपरेशन के लिए पुलिस ने एक स्पेशल टीम बनाई । कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ढाई लाख रुपए भी जप्त किए हैं। आरोपियों के पास बिलासपुर पुलिस को कई बैंक अकाउंट के पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, किसान इंडिया बायोटेक की पर्ची रासायनिक खाद्य समेत कई चीजें बरामद हुई है। इस गिरोह की झांसे में सबसे ज्यादा रायगढ़,बिलासपुर ,जांजगीर ,मध्य प्रदेश के सागर, दमोह, बैतूल, देवास, छिंदवाड़ा के अलावा पंजाब उड़ीसा और बिहार के सैकड़ों किसान इसके शिकार हुए। बिलासपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उसमें तीन आरोपी राजनांदगांव के रहने वाले हैं। इसमें शक्ति सिंह पिता सतीश सिंह, प्रदीप शर्मा पिता घनश्याम शर्मा, कृष्ण मोहन पांडे पिता सीताराम पांडेय शामिल है। पुलिस इन तीनों के अलावा भी गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है । पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य किसानों के खेत में जा जाकर फलदार वृक्षों के बारे में जानकारी देते और पौधे देकर अपने विश्वास में किसानों को लेते थे इसके बाद किसानों को इंडिया बायोटेक के नाम पर जोड़कर ऑर्गेनिक खाद की डीलरशिप देने के नाम पर 50 हजार से दस लाख रुपए तक की ठगी करते थे। यह रकम गिरोह चेक के माध्यम से लेते थे। किसानों को यह गिरोह झांसा देते थे कि वे प्रतिमाह 1 लाख इंवेस्टमेंट करेंगे तो हर महीने दस हजार कमाने का झांसा देते थे।मामले को सुलझाने वाली टीम को बिलासपुर आईजी दीपांशु काबरा, एसपी प्रशांत अग्रवाल द्वारा नगद इनाम देने की घोषणा की है।

# पिस्टल अड़ाकर साढ़े चार लाख रुपये की मांग, अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सीतापुर खालपारा निवासी भोलाराम पिता स्व. शत्रुहन राम ने सौरभ अग्रवाल व उनके साथियों के द्वारा मेरे सीने में पिस्टल अड़ाकर चार लाख 50 हजार रुपये मांगने की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि भोलाराम का लगभग छह साल पहले रामलखन सिंह पैकरा से मैनपाठ की 10 एकड़ जमीन को दस लाख रूपये बिक्री करने का सौदा तय हुआ था, जिसका तीन-चार किश्तों में तीन लाख रुपये प्राप्त हुआ है।जमीन खरीदी ब्रिकी का स्टांप पेपर में लिखापढ़ी हुआ था। बकाया रकम नही मिलने पर भूमि खरीददार को संपर्क कर शेष रकम देकर जमीन रजिस्ट्री कराने कहता तो वह कुछ नही बोलता था। रुपये की जरूरत पड़ने पर वह उस जमीन को 13 माह बाद किसी दूसरे को बेच दिया। उसके बाद रामलखन पैकरा से संपर्क कर दिये गए रुपये का जमीन लेने कहा, पर वह नही आता था, करीब दो माह पहले सौरभ अग्रवाल उसके पास आकर जमीन के लिए दिए गए रूपये की मांग किया तो उसने जिससे लिखापढ़ी हुआ है उसको जमीन देने की बात कहा। इसके बाद भी सौरभ अग्रवाल रुपये देने के लिए दबाव बना रहा था। 27 नवंबर को शाम 05.30 बजे जब भोलाराम अपनी पत्नी के साथ घर में था, तभी अचानक सौरभ अग्रवाल व उनके तीन साथी घर के अंदर घुसकर उसके सीने में पिस्टल अड़ा जातिगत गाली-गलौज करते साढ़े चार लाख रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर जान से मारकर दफन कर देने की धमकी देने लगा, जिससे भयभीत होकर वह अंदर कमरे में घुस गया। इसके बाद वे बाहर शोर मचाते निकल लिए। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 34, 386, 452 व अनसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# गड़गोढ़ी में ब्लॉक स्तरीय निः शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती ब्लॉक स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 28 नवम्बर को ग्राम पंचायत- गढ़गोढी में पंचायत भवन के सामने सुबह 11.00 बजे जनपद सदस्य कुंवर धर्मेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया, कार्यक्रम के इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि के तैल चित्र पर फूल माला, धूप, अगरबत्ती से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि अभी वर्तमान समय में कोरोना महामारी का चल रही है,आप सभी कोरोना से बचाव हेतु नियमित

- **आयुर्वेदिक चिकित्सा कारगर-कुमार धर्मेंद्र सिंह**



गर्म पानी पीने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता हेतु काढ़ा पीने और शासन के बताए हुए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मास्क अवश्य लगाएं, भीड़भाड़ से बचें एवं 2 गज की दूरी बनाए रखें, नियमित रूप से हाथ धोते रहें, कोरोना से बचने हेतु यही एक कारगर उपाय है,मंचस्थ अतिथियों में ग्राम पंचायत गढ़गोढी के सरपंच बसंत गोड़ ,ग्राम अमलडीहा के सरपंच भूपेंद्र सिंह सिदार पप्पू, ग्राम नवापारा कला सरपंच प्रतिनिधि- रामनाथ पटेल ,रोहित दोहरे ,अधिवक्ता चितरंजन पटेल, रवि गबेल,एनएसयूआई विधान सभा अध्यक्ष सक्ती ,सोमनाथ सोनी मंच पर आसीन थे,स्वास्थ्य मेले के आयोजन पर ग्राम के आसपास सैकड़ों नागरिक एवं महिलाओं जिनमें आस्था कसेर, संतरा बाई, पंचराम सिदार ,पंचराम पटेल रामसिंह, संतराम सुरेंद्र कुमार ,नत्थू सिंह, गायत्री पटेल, राज राम, रोहित राम, रूद्र प्रताप ,रेशम लाल सहित अन्य ग्राम वासियों ने अपना नाम रजिस्ट्रेशन करवाकर आयुर्वेद उपचार करवाकर आयुर्वेद की दवाइयां प्राप्त कि, स्वास्थ्य मेला में सर्दी, खांसी, बुखार, मधुमेह, बीपी, चर्म रोग ,एवं अन्य बीमारियों का उपचार किया गया,ब्लॉक स्तरीय डॉक्टरों की टीम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार गबेल, अमलडीहा, शशिकला स्वास्थ्य कर्ता एवं ग्राम के आसपास के ग्रामीण जन काफी संख्या में उपस्थित थे।

# खैरा में दो बैलों से नहीं, 10 पशुपालकों से की गई गोबर की खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोटा विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरा में संचालित गौठान में दो बैलों के पशुपालक से 6400 किलो गोबर क्रय किये जाने सम्बन्धी जानकारी निराधार पाई गई है। इस सम्बन्ध में प्रकाशित विभिन्न समाचारों को लेकर जिला पंचायत बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोटा व कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) की संयुक्त टीम ने जांच की। जांच अधिकारियों ने पाया कि ग्राम पंचायत खैरा का गौठान ग्राम से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर है। इससे वहां के पशुपालकों को गोबर बेचने में समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसे देखते हुए गौठान समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू व अन्य सदस्यों ने विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि ग्राम के अन्य 10 पशुपालक जो स्वयं गोबर नहीं बेच पा रहे हैं उनसे गोबर क्रय कर लिया जाये और ट्रांसपोर्टेशन शुल्क 0.25 रूपये प्रति किलो काटकर शेष 1.75 रुपये किलो की दर से उन्हें भुगतान किया जाये। इस प्रकार उक्त गोबर की मात्रा दो बैलों की नहीं है। जांचकर्ता अधिकारियों ने पशु पालकों से क्रय किये गये गोबर स्टाक रजिस्टर का हिसाब सही पाया है। उक्त प्रतिवेदन कोटा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रेषित किया है।

- **गौठान में रिकॉर्ड सही मिला**

# 1 दिसंबर को कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन की मशाल रैली

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा रायगढ़ के कार्यकारी संयोजक शेख कलीमुगाह ने बताया की 26 नवंबर को अभियंता भवन रायगढ़ में जिला कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन की बैठक रखी गई। बैठक में प्रांतीय निकाय के कलम रख मशाल उठा आंदोलन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि सभी कार्यालयों, संस्थाओं में कार्यरत सभी कर्मचारी - अधिकारी आंदोलन से जुड़े इसके लिए प्रयास किया जाएगा।

यह भी निर्णय लिया गया की रायगढ़ की गौरवशाली परंपरा के अनुसार हम इस आंदोलन को भी शत प्रतिशत सफल बनाएंगे। इसके लिए सभी कार्यालयों, संस्थानों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में



उपस्थित सभी संगठनों के नेतृत्वकारी साथियों द्वारा आंदोलन को शत प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी की मशाल रैली एक दिसंबर को भोजन अवकाश पर मिनी स्टेडियम से निकाली जाएगी और कलेक्टोरेट जाएगी। कलेक्टोरेट में मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर रायगढ़ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में डॉक्टर दिनेश पटेल संयोजक, शेख कलीमुगाह कार्यकारी संयोजक, डॉ माधुरी त्रिपाठी कोषाध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, मनोज कुमार पांडे अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, नारायण प्रसाद त्रिवेदी प्रमुख प्रांतीय महामंत्री लंबोदर पटेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन, पीसी साहू अध्यक्ष पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक संघ, चित्रसेन पटेल प्रांतीय उपाध्यक्ष मया राम उरांव छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ, डॉ पूरन पटेल सचिव छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ, विनोद षड़ंगी सचिव अरुण वर्मा कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, मनोज राय सचिव छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ आदि शामिल हुए।

# पूर्व मंत्री अमर के बयान पर अटल का पलटवार

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के उस बयान पर जिसमे कहा कि एक भी विकास कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, इस पर प्रदेश उपाध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने पलट वार करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री के गैर आवश्यक योजनाएं जो केवल भ्रष्टाचार के लिए शहर में थोपी गई है सुरसा के मुख की तरह है ,जिसका आदी और अंत का पता ही नहीं है। इसमें सीवरेज, अमृत मिशन ,टेम्स नदी की तर्ज पर अरपा का विकास जैसे अनेक योजनाएं हैं। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि अमर अग्रवाल ने 20 वर्षो तक इस शहर को सागबाग दिखाकर छलने का काम किया, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अरपा नदी के जीर्णोद्धार के लिए पद यात्रा की और सरकार बनने पर पहला काम अरपा नदी पर दो बैराज बनाने के साथ ही साथ नदी के दोनों किनारे पर चौड़ी सड़क बनाई जा रही है।अटल श्रीवास्तव ने कहा कि विकास का अर्थ क्षेत्र विशेष न होकर समग्र समाज को ऊपर उठाना होता है। किसानों के लिए 2500 समर्थन मूल्य, वनवासियों को पट्टा, वन उत्पादों का समर्थन मूल्य निर्धारित करना ,जिससे आदिवासी की जीवन शैली सुदृढ़ हो ,मनरेगा में हर हाथ को काम देना, नए मेडिकल कालेज, नए विश्वविद्यालय की स्थापना करना,शिक्षाकर्मियों का संविलियन। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की मेहनत की उपज को पानी मे सड़ने के लिए छोड़ देती थी। अब भूपेश सरकार ने धान से एथेनॉल बनाने का निर्णय लिया है जो शीघ्र मूर्त में दिखेगा।

- **पूर्व मंत्री ने विकास के नाम पर दिखाए सिर्फ सब्जबाग**

# दो पहिया चार पहिया वाहनों का कर और शुल्क निर्धारित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का परिवहन विभाग द्वारा कर एवं फीस निर्धारित किया गया है। किसी भी डीलर द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि की मांग किए जाने पर संबंधित इसकी लिखित शिकायत जिला परिवहन कार्यालय में कर सकते है।

**पंजीयन शुल्क-** दोपहिया वाहन के लिए 300 रुपए, मोटर कार के लिए 600 रुपए, ओमनी बस (निजी उपयोग के लिए) जिसकी बैठक क्षमता छह यात्रियों से अधिक तथा 12 यात्रियों तक हो इसके लिए 600 रुपये निर्धारित किया गया है।

**वाहन का कर (जीवन काल कर)-** दोपहिया वाहन के लिए वाहन के कीमत का सात प्रतिशत, मोटर कार जिसकी कीमत पांच लाख रुपये से अधिक न हो वाहन के कीमत का आठ प्रतिशत, मोटर कार जिसकी कीमत पांच लाख रुपये से अधिक हो वाहन के कीमत का नौ प्रतिशत तथा ओमनी बस (निजी उपयोग हेतु) जिसकी बैठक क्षमता छह यात्रियों से अधिक तथा (चालक को छोड़कर)12 यात्रियों तक हो इसके लिये वाहन के कीमत का नौ प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

**व्यापार प्रमाण-पत्र कर-** दोपहिया वाहन के लिये 30 रुपये, मोटर कार के लिये 600 रुपये तथा ओमनी बस (निजी उपयोग हेतु) जिसकी बैठक क्षमता 6 यात्रियों से अधिक तथा (चालक को छोड़कर)12 यात्रियों तक हो इसके लिये 600 रुपये निर्धारित किया गया है।

**व्यापार प्रमाण-पत्र निर्गमन-नवीनीकरण-** दोपहिया वाहन के लिये 500 रुपये, मोटर कार के लिये 1000 रुपये तथा ओमनी बस (निजी उपयोग हेतु) जिसकी बैठक क्षमता 6 यात्रियों से अधिक तथा (चालक को छोड़कर)12 यात्रियों तक हो इसके लिये 1000 रुपये निर्धारित किया गया है।

**स्मार्ट कार्ड फीस-** दोपहिया वाहन के लिये 200 रुपये, मोटर कार के लिये 200 रुपये तथा ओमनी बस (निजी उपयोग हेतु) जिसकी बैठक क्षमता 6 यात्रियों से अधिक तथा (चालक को छोड़कर)12 यात्रियों तक हो इसके लिये 200 रुपये निर्धारित किया गया है।

**100 साल पुराने वट वृक्ष के नीचे गूंजेगा का राम नाम**

# 58 वर्षों की परंपरा को कायम रखने अखंड राम नाम यज्ञ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती स्थित भगत चौक में विशाल वट वृक्ष के नीचे मोहल्लावासियों द्वारा विगत 58 वर्षो की परंपरा को कायम रखने के लिए इस बार भी 24 घंटे का अखंड राम नाम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। भगत चौक पुरानी बस्ती जांजगीर में 100 साल से अधिक विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में पूरे सात दिन और सात रात राम नाम का जाप लगातार किया जाता है। लेकिन इस वर्ष कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए विगत 58 वर्षो की परंपरा को कायम रखने के लिए समिति द्वारा 29 नवंबर से 30 नवंबर तक एक दिवसीय 24 घंटे का अखंड राम नाम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।



आयोजन के लिए समिति द्वारा बकायादा प्रशासन से अनुमति भी ली गई है। प्रशासन द्वारा समिति को परंपरा को कायम रखने के लिए अनुमति भी प्रदान कर दी गई है। गौरतलब है कि भगत चौक में अखंड राम नाम यज्ञ के प्रथम दिवस यज्ञ स्थल भगत चौक पुरानी बस्ती से कलश यात्रा कीर्तन मंडली के साथ भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब तक निकाली जाती है। इसके बाद वरुण कलश पूजन कर कलश यात्रा संकीर्तन स्थल वापस होती है। साथ ही यज्ञ प्रारंभ के लिए देव आह्वान, स्थापना पूजा एवं स्वस्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना भी की जाएगी। यज्ञ के समापन की शाम भव्य नगर यात्रा भी निकाली जाएगी। जहां श्रीकृष्ण राधा जी को पालकी में ऊठा पूरे नगर का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही दूसरे दिवस हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोज का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस वर्ष यह आयोजन कोरोना काल को देखते हुए केवल औपचारिक रूप से ही किया जायेगा।

# बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस की ऑपरेशन टीम सायबर 20-20 को सफलता हाथ लगी है, इसमे साइबर फ्रॉड के 3 आरोपियों को दूसरे राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से नगदी रकम,गाड़ी,एटीएम एवं बैंक खाता एवं मोबाइल जब्त हुआ है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इसमे प्रार्थी ने 29 अक्टूबर 2019 को सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।की प्रार्थी के नम्बर पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोन आया और खुद को बजाज फाइनेंसर का कर्मचारी बताकर बजाज कार्ड के सम्बंध में जानकारी बताकर झांसे में ले लिया। इसमे आरोपियों ने एनी




डेस्क नाम का एप डाऊनलोड करवा कर प्रार्थी के बैंक से 5 किस्तों में 1लाख 20हजार रुपये निकालकर ऑनलाइन ठगी कर लिया। इस मामले में अधिकारियों ने संयुक्त टीम का गठन किया।जिसमें साइबर सेल के अधिकारी भी शामिल थे।टीम ने रेकी कर साइबर 20-20 ऑपरेशन को अंजाम दिया। इसमे पुलिस ने झारखंड जामतारा और देवघर में संयुक्त ऑपरेशन किया। इसमे कामाटाडा थाना जिला जामतारा झारखंड निवासी जितेंद्र मंडल और सिरसा थाना पाथरोल जिला देवधर निवासी मिथुन कुमार और राजेश रंजन ठेगाली को हिरासत में लिया। ये तीनो आरोपी खुद को बैंक ऑफिसर बताकर लोगों के खाते से आहरण कर लेते थे।इनके पास से नगद 32हजार रुपये एक स्कूटी , मोबाइल,एटीएम,बैंक खाता बरामद हुआ है।

# मंत्री परिषद की बैठक में मुख्य सचिव मण्डल को दी विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे राज्य के मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल को बिदाई दी गई। मुख्यमंत्री बघेल सहित मंत्री परिषद के सदस्यों ने मण्डल को उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि मण्डल के मार्गदर्शन में राज्य ने विकास के अनेक महत्वपूर्ण सोपान तय किए। कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के चुनौती भरे कार्य मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में संक्रमण की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में नियंत्रण में रही।

### अमिताभ जैन का सीएस बनना तय



आईएएस अमिताभ जैन का सीएस बनना तय, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी अमिताभ जैन का मुख्य सचिव बनना लगभग तय माना जा रहा है। वर्तमान मुख्य सचिव आरपी मंडल को सेवावृद्धि देने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखा था, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया है। जानकारों का मानना है कि मंडल को सेवावृद्धि की कोई संभावना बेहद कम है। राज्य के मुख्यसचिव के रूप में पिछले साल अक्टूबर से सेवाएं दे रहे 1987 बैच के अधिकारी आरपी मंडल इसी माह के अंत में रिटायर होने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में उनके लंबे सेवाकाल व दीर्घ अनुभव को देखते हुए राज्य सरकार उन्हें सेवावृद्धि दिलाने के प्रयास में थी।

### डहरिया 30 को आरंग क्षेत्र में विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास

**रायपुर।** गरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया 30 नवम्बर 2020 को रायपुर जिला के आरंग विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम कुरूद, कुटेला, चिखली, मोहमेला, और समोदा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री डॉ. डहरिया प्रातः 10 बजे अपने रायपुर निवास से आरंग विधानसभा अंतर्गत ग्राम कुरूद के लिए प्रस्थान करेंगे। वे ग्राम कुरूद में दोपहर 11 बजे से 11.50 बजे तक पशु औषधालय का लोकार्पण एवं अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक ग्राम कुटेला स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 1.10 से 2.20 बजे ग्राम चिखली में पानी टंकी भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में अपरान्ह 2.30 से 4 बजे तक ग्राम मोहमेला में शिव मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में और शाम 4.15 बजे से 5.15 बजे तक ग्राम हरदीडीह में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम, शाम 5.30 से 6.30 बजे तक समोदा में मडई मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# पॉवर कंपनी के ईडी पाण्डे एवं अंसारी की भावभीनी विदाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में कार्यपालक निदेशक द्वय एच.के. पाण्डेय एवं एम.ए. अंसारी की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्युतसेवा भवन में आयोजित कार्यक्रम में पॉवर कम्पनीज के चेयरमेन सुब्रत साहू सहित प्रबंध निदेशक सर्वश्री अशोक कुमार, एन.के. बिजौरा, राजेश वर्मा, हर्ष गौतम एवं उज्वला बघेल ने सेवानिवृत्तजनों के सुखमय जीवन की कामना की। चैयरमेन साहू ने कहा कि दक्ष अभियंताओं की टीम के बूते छत्तीसगढ़ की विद्युत प्रणाली सुदृढ़ बनी। ऐसे दीर्घ अनुभवी अभियंताओं के कार्य अनुभव का अनुकरण करते सेवारत कर्मी पॉवर कंपनी को सतत् आगे बढ़ाने में कामयाब होगे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक एच.के. पाण्डेय ने अपनी चार दशक की सेवायात्रा तथा कार्यपालक निदेशक एम.ए. अंसारी ने सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों से मिले सहयोग को अपनी सफलता का आधार बताया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिरिक्त महाप्रबंधक विजय मिश्रा, प्रकाशन अधिकारी गोविंद पटेल ने सेवानिवृत्तजनों के उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। होल्डिंग-ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग की ओर से भी उक्त दोनों कार्यपालक निदेशकों को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में होल्डिंग कंपनी के प्रभारी प्रमुख ए.के. सत्संगी, डीजीएम डॉ. अल्पना शरत तिवारी ने शॉल श्रीफल से ईडी पाण्डेय का अभिनंदन किया।इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एच.एल. पंचारी, एसीएमओ डॉ. के.एस. छाबड़ा, आईआरओ जी. खण्डेलवाल, के. भारती, मुख्य सर्तकता अधिकारी कर्नल प्रदीप सिंह भदुरिया, पंकज सिंह, पी.के. नायडू, रामेश्वर नाकतोड़े सहित अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ से सेवानिवृत्तजनों का स्वागत किया। पारेषण कंपनी की विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक एमएस चैहान, केएस मनोठिया, पीके गुप्ता, मुख्य अभियंता एसडी तैलंग, पीसी पारधी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मिलावट की छूट खत्म होते ही सरसों तेल में ऐतिहासिक उछाल, पहली बार 170 रुपए लीटर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इतिहास में पहली बार सरसों तेल की कीमत में रिकार्ड तेजी आई है। एक माह पहले तक थोक में 110 से 115 रुपए बिकने वाला तेल आज 135 से 150 रुपए तक बिक रहा है। चिल्हर में इसकी कीमत 160 से 170 रुपए हो गई है। तेल की कीमत में इतनी तेजी के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि अब सरसों तेल में दूसरे तेलों की ब्लैंडिंग केंद्र सरकार ने बंद कर दी है। अब सरसों तेल बनाने वाली कंपनियों को सौ फीसदी शुद्ध सरसों तेल बनाना पड़ रहा है। इधर सोयाबीन तेल भी महंगा हो गया है।

सरसों तेल में अब तक 20 फीसदी तक पॉमलीन, राइसब्रान या अन्य उच्च क्वालिटी का तेल मिलाने की छूट थी, लेकिन सितंबर से केंद्र सरकार ने इसे बंद कर दिया है। हालांकि कारोबारियों को दो माह का समय मिला है, लेकिन इस बीच शुद्ध तेल का ही उत्पादन करने के कारण इसकी कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है। कारोबारियों का कहना है, फरवरी में सरसों की फसल आने से पहले तक इसकी कीमतों में राहत मिलने की संभावना नहीं है। सोयाबीन तेल की कीमत में भी आग लग गई है। जो सोया तेल एक माह पहले थोक में 90 से 95 रुपए में बिक रहा था, उसकी कीमत आज 105 से 110 रुपए हो गई है। चिल्हर में यह 115 से 120 रुपए में बिक रहा है। पाम आइल में थोड़ी राहत मिली है। इसकी कीमत थोक में 98 रुपए तक चली गई थी, अब यह 93 रुपए हो गया है। 20 रुपए तक तेजी प्रदेश में थोक कारोबार करने वाले व्यापारियों का कहना है।

# मंत्री डहरिया ने छत्तीसगढ़ी जसगीत का किया विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग विकासखण्ड के ग्राम चंदखुरी में कौशल्या महतारी पइयां लागौ छत्तीसगढ़ी जसगीत का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माता, निर्देशक एवं गीतकार मुन्नालाल देवदास का बधाई दी और कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार भगवान श्री राम के बताए मार्गो पर चल रही है। राम वनगमन पथ का विकास चंदखुरी से शुभारंभ किया गया है। इस दौरान कवि मीर अली सहित अन्य अतिथि भी उपस्थित थे।

### इंद्रावती भवन में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया

**रायपुर।** इंद्रावती भवन नवा रायपुर में संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ के राजगीत ''अरपा पैरी के धार'' का सामूहिक गायन किया। इनके बाद विभिन्न प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ी में कविता एवं गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व पर छत्तीसगढ़ी में प्रकाश डाला गया। संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा के संचालक अनुराग पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर सभी को बधाई दी।

# इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष की परीक्षाएं अगले माह से, असमंजस में छात्र

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि ने इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाओं से संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बीई सातवें सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं दिसबंर माह के तीसरे सप्ताह से लिए जाने की तैयारी है। हालांकि अब तक समय-सारिणी घोषित नहीं की गई है। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि उनके द्वारा टाइम-टेबल भी कुछ ही दिनों में वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। सबसे पहले अंतिम वर्ष अर्थात सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं ली जाएंगी। शेष अन्य सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी में प्रारंभ होंगी। सभी कक्षाओं की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में ही होंगी। सभी जिले में एक परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा तथा कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए परीक्षाएं ली जाएंगी। बीई के साथ ही बी. फॉर्मेसी, बी. आर्क, डिप्लोमा इंजीनियरिंग तथा डिप्लोमा फॉर्मेसी की भी परीक्षाएं सीएसवीटीयू लेगा। सभी कोर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं पहले होंगी। इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया अब तक चल रही है। नवंबर अंत तक कक्षाएं चलेंगी। दिसंबर से ही छात्रों की कक्षाएं शुरू हो सकेंगी। सीएसवीटीयू द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक सातवें सेमेस्टर को छोड़कर अन्य सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी में होंगी। ऐसे में प्रथम वर्ष के छात्रों के पास पढ़ाई के लिए सिर्फ एक माह ही रहेगा। एक महीने की पढ़ाई में छात्र तैयारी किस तरह से करेंगे ।

# एयरपोर्ट आने वालों की कोरोना जांच की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

माना विमानतल पर हवाई मार्ग के जरिए दूसरे शहरों से आने वाले यात्रियों की जांच की तैयारी शुरू कर दी गई है। सैंपल लेने और क्वारेंटाइन की अवधि पूरी होने तक उन्हें रोकने के लिए नए ठिकाने की तलाश की जा रही है। पिछले दिनों कोरोना के केस कम होने की वजह से क्वारेंटाइन के लिए पूर्व में होटलों से किया गया अनुबंध खत्म किया जा चुका है। यात्रियों के लिए यह ठिकाना पैड क्वारेंटाइन के रूप में होगा। कई राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर प्रारंभ हो चुकी है और वहां दूसरे शहरों से आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में भी चिकित्सा विशेषज्ञों ने इसकी आशंका जताई थी, जिसके बाद संक्रमण के दूसरे पीक को रोकने के लिए नियमों में सख्ती शुरू की गई है। इसके लिए रायपुर के साथ जगदलपुर एयरपोर्ट पर भी तैयारी शुरू कर दी गई है। एयरपोर्ट पर दूसरे शहरों से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जाएगी और उसमें अगर किसी तरह के लक्षण होते हैं, तो उन्हें क्वारेंटाइन किया जाएगा। इस दौरान उनके सैंपलों की जांच होगी और अवधि पूरी होने के बाद ही उन्हें छोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग फ्लाइट के यात्रियों के लिए पैड क्वारेंटाइन बनाने के लिए होटलों की तलाश कर रहा है।

कोरोना के केस कम होने के बाद होटलों से इस मामले में अनुबंध खत्म कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक जांच प्रक्रिया शुरू होने के बाद दूसरे शहरों के यात्रियों को लक्षण आने पर क्वारेंटाइन की अवधि पूरी करनी होगी। ढाई से तीन हजार यात्री = वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता सहित कई शहरों के लिए संचालित होने वाली 40 से 46 उड़ान में रोजाना ढाई से तीन हजार यात्री आते हैं। इन यात्रियों की सारी जानकारी और जांच एयरपोर्ट परिसर में पूरी की जाएगी और जांच के आधार पर उन्हें घर अथवा क्वारेंटाइन बनाए जाने वाले होटलों की ओर रवाना किया जाएगा। कोविड सेंटर पसंद नहीं वर्तमान में राजधानी में कुछ कोविड सेंटर का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने पूर्व में इन कोविड सेंटर को फ्लाइट यात्रियों के लिए क्वारेंटाइन बनाने का विचार किया, लेकिन बाद में यहां की सुविधाओं को देखते हुए विचार त्याग दिया गया। यात्रियों के क्वारेंटाइन के लिए होटल को ही उपयुक्त माना गया।

# सर्दी खांसी के लक्षण दिखने पर 24 घंटे के अंदर जांच कराना जरूरी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ठंड के कारण कोरोना संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं। इस समय समझदारी इसी में है कि भले ही सामान्य फ्लू के लक्षण लगें फिर भी कोरोना जाच जरूर करानी चाहिए और एंटीजेन टेस्ट निगेटिव आए और फिर भी लक्षण रहें तो आरटी पी सी आर जांच भी आवश्यक हो जाता है। थोड़ी सी लापरवाही के गंभीर परिणाम हो जाते हैं। डेथ आडिट में भी यह बात प्रमुखता से सामने आ रही है । सरगुजा जिले की 60 वर्ष की महिला जिसे हाइपर टेंशन भी था,को 7 नवंबर को लक्षण नजर आ रहे थे लेकिन उन्होंने 14 नवंबर को टेस्ट कराया और पाजिटिव आने पर अस्पताल में भर्ती हुई। मेडिकल स्टाफ के तमाम प्रयासो के बाद भी 18 नवंबर को उनकी मृत्यु हो गई।




### डॉ सुनील कालड़ा ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दाएं हाथ की कलाई जोड़ी गई और हाथ बचा लिया

# कालडा कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर में कॉस्मेटिक सर्जरी अब नवीनतम मशीनों से

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड़ स्थित कालड़ा मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पीटल के संचालक व अंचल के प्रसिध्द कॉस्मेटिक व रिकन्स्कट्रक्टीव सर्जन डॉण्सुनील कालड़ा को शहीद वीर नारायण सिंह सम्मानए चिकित्सकीय कार्य के क्षेत्र का सबसे उच्चतम सम्मान डॉ बी सी रॉय अवार्ड, आदिवासी क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य हेतु इमरजिंग छत्तीसगढ़ अवार्डए गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से नवाजा गया है। चांपा निवासी दयाल (बदला हुआ नाम) को नई जिंदगी दी है। विगत 30 वर्षो से डॉ सुनील कालड़ा द्वारा दो भागों में कटे हुए अंगों को चमत्कारी रूप से जोड़ने का करिश्मा करते आ रहे है। उक्त जानकारी देते हुए डा सुनील कालड़ा ने बताया कि चांपा निवासी दयाल का दाया हाथ कलाई से इंडस्ट्रीयल एरिया में काम के दौरान कट गया था। जिसे कंपनी द्वारा सही समय पर कालड़ा मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पीटल पचपेढ़ी नाका, रायपुर में इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। डॉ सुनील कालड़ा द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया,दाये हाथ की कलाई जोड़ी गई और हाथ बचा लिया गया। निश्चित ही किसी व्यक्ति को विकलांगता से बचाना बहुत मुश्किल काम होता है। हमारी टीम द्वारा डॉ एस दासगुप्ता, डॉ ओ पी सुन्दरानी, एवं ओटी स्टाफ नर्सिंग स्टाफ एवं रेजिडेंट डॉक्टर की मेहनत का सफल परिणाम है।

उन्होंने आगे बताया कि अभी तक 2500 से भी ज्यादा मरीजों के कटे अंगों को जोड़ चुके है तथा पूर्व में अखबार में प्रकाशित समाचार से भी कुछ मरीज आ चुके है, डॉ कालड़ा ने बताया कि इस तरह के ऑपरेशन माइक्रोस्कोप में देखकर करना पड़ता है और मरीज को सघन निगरानी की जरूरत होती है क्योंकि इसमें एक.एक सूक्ष्म नसों को आपस में जोड़ना पड़ता है, यदि दुर्घटना में कोई अंग कट जाए तो उसको सुरक्षित रखने के लिए पालीथीन में बर्फरखकर डॉक्टर के पास भेजा जा सकता है उन्होंने बताया कि बहुत ज्यादा चोट क्रश या जगह.जगह कटे अंगों को जोड़ना संभव नहीं है,उन्होंने अंत में यह बताया कि इस प्रकार के ऑपरेशन स्पेशल सेंटर में ही होते है हम विगत 30 वर्षो से छत्तीसगढ़ में अपना सफल योगदान दे रहें है।

डॉ सुनील कालड़ा द्वारा बताया गया की कॉस्मेटिक ईलाज से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की अत्याधुनिक मशीने है और ये भी बताया गया की कालडा हॉस्पिटल में कॉस्मेटिक सर्जरी से सम्बंधित पूर्ण रूप से विकसित एक विभाग है इन मशीनों के अंतर्गत ईलाज लिपोसक्शन, हेयर रिमूवल, मोल रिमूवल, हेयर ट्रांसप्लांट, फेस सर्जरी, लिप करेक्शन, रहिनोप्लास्टी, वेडिनोप्लास्टी,लेजर फेसिअल ट्रीटमेंट, झुर्रियां झाइयां बिना ऑपरेशन के फेस लिफ्ट, व बिना ऑपरेशन के चर्बी को कम करना। केलोइड,ब्रैस्ट सर्जरी डिम्पल एवं फेयरनेस आदि इलाज किये जाते है।

डॉ सुनील कालड़ा ने आगे बताया कि हमारे द्वारा 55 ट्रांसजेंडर मरीजों का भी ऑपरेशन किया गया है। इसी बीच मेट्रोसिटी से ट्रांसजेंडर मरीज आये हुए हैं जिनकी लिंग परिवर्तन सर्जरी की गई हैं, हमारी टीम द्वारा ट्रांसजेंडर मरीजों की साइक्लोलॉजी काउंसिलिंग कानूनी प्रक्रिया पूर्ण की जाती है एवं जरूरत पड़ने पर लिंग परिवर्तन की सर्जरी की जाती है। वीना सेन्द्रे इण्डियास ट्रांस्क्रिन एक ट्रांसजेंडर है जिसकी डॉ सुनील कालड़ा द्वारा एसआरएस सर्जरी की गयी जो माडलिंग की दुनिया का जाना माना नाम है। उन्होंने आगे बताया कि ट्रांसजेंडर ऑपरेशन में मेरी फ ीस नहीं ली जाती है। ट्रांसजेंडर जो भटक गये है, जो गलत संगत में पड़कर अपना भविष्य खत्म कर रहे हैं ऐसे ट्रांसजेंडर को ऑपरेशन करके उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कई वर्षो से कालड़ा हॉस्पीटल द्वारा किया जा रहा है । अभी तक डॉ सुनील कालड़ा ने लगभग 1,50,000 से अधिक ऑपरेशन कर चुके है, 50000 से ज्यादा फ्री सर्जरी, 2500 से अधिक वैस्कुलर सर्जरी एवं रि इम्प्लांटटेसन, 50 से ज्यादा ट्रांसजेंडर सर्जरी की गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403